देना बैंक
DENA BANK

निवेशक संपर्क केंद्र: देना कॉर्पोरेट सेंटर, तिसरी मंज़िल, सी-10, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला संकुल, बांद्रा (पूर्व), मुंबई- 400051
Investor Relation Center: Dena Corporate Center, C-10, "G" Block, BKC, Bandra (E), Mumbai - 400051
Tel No.: 26545318 / 19 / 20; **Fax No.:** 26545317; **Email Id:** irc@denabank.co.in

Ref. No.: HO/IRC/300/2018 **Date:** 06.07.2018

The Vice President - Listing BSE Limited Phiroze Jeejeebhoy Towers, Dalal Street, Mumbai - 400 001.	Vice President - Listing The National Stock Exchange of India Limited, Exchange Plaza, Bandra-Kurla Complex, Bandra (East), Mumbai - 400 051.

Dear Sir / Madam,

Subject: Submission of Annual Report of the Bank for the year 2017-18

Pursuant to Regulation 34(1) of SEBI (LODR) Regulations, 2015, please find attached herewith Annual Report of the Bank for the year 2017-18 duly approved and adopted in the Annual General Meeting of the Bank held on 27th June, 2018.

This is for your information and appropriate dissemination.

Thanking You.

Yours faithfully,

For DENA Bank

Amit Kumar
(Company Secretary)

Encl.: As above

देना बैंक
DENA BANK
(A Government of India Enterprise)
Trusted Family Bank
Dena hai to Bharosa hai.



डिजिटल के लिए समर्पित, ग्राहकों की सुविधा के लिए प्रतिबद्ध।

वार्षिक रिपोर्ट
2017-18

Dedicated to Digital, Committed to Customer's Convenience.

Annual Report
2017-18

स्मरणीय पल
Memorable Moments

आईबीए बैंकिंग तकनीकी पुरस्कार 2018 में लघु बैंकों के मध्य "सर्वश्रेष्ठ वित्तीय समावेशन पहल" के लिए पुरस्कार प्राप्त करते हुए श्री रमेश एस. सिंह, कार्यपालक निदेशक।

Shri Ramesh S. Singh, Executive Director receiving award for "Best Financial Inclusion Initiative" among the small banks in the IBA Banking Technical Award 2018.

27.06.2017 को एस.पी.बी.टी. कॉलेज, मुंबई में आयोजित वार्षिक सामान्य सभा में श्री अश्वनी कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्रीमती तृष्णा गुहा और श्री रमेश एस सिंह, कार्यपालक निदेशक सहित बैंक के अन्य निदेशक एवं सभी महाप्रबंधक उपस्थित थे।

Shri Ashwani Kumar, Chairman and Managing Director, Mrs. Trishna Guha and Mr. Ramesh S. Singh, Executive Directors, other Directors and all General Managers of the Bank were present in the Annual General Meeting held on 27.06.2017 at S.P.B.T. College, Mumbai.

27.03.2018 को एस.पी.बी.टी. कॉलेज, मुंबई में आयोजित बैंक की असाधारण सामान्य सभा में श्री रमेश एस. सिंह एवं डॉ. राजेश कुमार यदुवंशी, कार्यपालक निदेशक सहित बैंक के सभी महाप्रबंधक उपस्थित थे।

Mr. Ramesh S. Singh, Dr. Rajesh Kumar Yaduvanshi, Executive Directors and all General Managers of the Bank were present in the Extraordinary General Meeting of the Bank held on 27.03.2018 at S.P.B.T. College, Mumbai.

मुंबई में आयोजित विश्लेषक बैठक के दौरान श्री अश्वनी कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्रीमती तृष्णा गुहा और श्री रमेश एस. सिंह, कार्यपालक निदेशक, एवं श्रीमती उषा रवि, महाप्रबंधक (मुख्य वित्तीय अधिकारी) उपस्थित थे।

Shri Ashwani Kumar, Chairman and Managing Director, Mrs. Trishna Guha and, Mr. Ramesh S. Singh, Executive Directors and Mrs. Usha Ravi, General Manager (Chief Financial Officer) were present during the Analyst Meet held in Mumbai.

प्रधान कार्यालय में आयोजित सतर्कता जागृति सप्ताह के दौरान शपथ ग्रहण करते हुए श्री रमेश एस. सिंह, कार्यपालक निदेशक और डॉ. राजेश कुमार यदुवंशी, कार्यपालक निदेशक एवं श्री बी. एम. नंदा, महाप्रबंधक।

Shri Ramesh S. Singh and, Dr. Rajesh Kumar Yaduvanshi, Executive Directors and Mr. B. M. Nanda, General Manager swearing in during the Vigilance Awareness Week held at Head Office.

निदेशक मंडल
Board of Directors

श्रीमती अंजली बंसल*
Ms. Anjali Bansal*

श्री रमेश एस सिंह
Shri Ramesh S. Singh

डॉ. राजेश कुमार यदुवंशी
Dr. Rajesh Kumar Yaduvanshi

श्री अशोक कुमार सिंह
Shri Ashok Kumar Singh

श्री शिरीष सी. मुरमु
Shri Shirish C. Murmu

श्री अमित चटर्जी
Shri Amit Chatterjee

श्री जी. गोपालकृष्ण
Shri G. Gopalakrishna

डॉ. यशोवर्धन वर्मा**
Dr. Yasho Verdhan Verma**

श्री राकेश कुमार
Shri Rakesh Kumar

*23.05.2018 से
*w.e.f 23.05.2018

**23.03.2018 को मंडल से सेवानिवृत्त हुए और 28.03.2018 से मंडल मे पुनःनिर्वाचित हुए.
**Retired from the Board on 23.03.2018 and was re-elected on Board w.e.f 28.03.2018.

वर्ष 2017-18 के दौरान निम्नलिखित निदेशक भी बैंक के मंडल की सेवा में थे.
During the year 2017-18, the following Directors also served on the Board of the Bank.

श्री अश्वनी कुमार (31.12.2017 तक)
Shri Ashwani Kumar (up to 31.12.2017)

श्रीमती तृष्णा गुहा (31.08.2017 तक)
Smt. Trishna Guha (up to 31.08.2017)

श्री बंकिम आर. देसाई (18.09.2017 तक)
Shri Bankim R. Desai (up to 18.09.2017)

डॉ. उमेश बेल्लूर (23.03.2018 तक)
Dr. Umesh Bellur (up to 23.03.2018)

श्री वी. चन्द्रसेकरन (23.03.2018 तक)
Shri V. Chandrasekaran (up to 23.03.2018)

महाप्रबंधक गण
General Managers

श्री बी. एम. नंदा
Shri B. M. Nanda

श्री डी. के. दुआ
Shri D. K. Dua

श्री एस. के. वाधवा
Shri S. K. Wadhwa

श्री सी. एस. मीणा
Shri C. S. Meena

श्री वी. एस. खीची
Shri V. S. Khichi

श्री एस. धर्मराजन*
Shri S. Dharmarajan*

श्री बिश्वरूप दास
Shri Bishwarup Dash

श्रीमती उषा रवि
Smt. Usha Ravi

श्री आर. के. भारद्वाज
Shri R. K. Bhardwaj

श्रीमती जया चक्रबर्ती
Smt. Jaya Chakraborty

श्री रोहित कुमार पटेल
Shri Rohit Kumar Patel

श्री मन मोहन गुप्ता
Shri Man Mohan Gupta

श्री एच. के. देव
Shri H. K. Deo

श्री संजीव डोभाल
Shri Sanjeev Dobhal

श्रीमती चित्रा कीर्तीवासन**
Smt. Chitra Kirthivasan**

(*30.04.2018 से सेवा निवृत्त)
(*Retd. on 30.04.2018)
(** 01.05.2018 से)
(** w.e.f 01.05.2018)

वर्ष 2017-18 के दौरान निम्नलिखित महाप्रबंधक भी बैंक की सेवा में थे.
During the year 2017-2018, the following General Managers also served the Bank.

श्री निर्मल जोशी (30.06.2017 तक)
Shri Nirmal Joshi (up to 30.06.2017)

श्री एम. के. भाटिया (28.02.2018 तक)
Shri M. K. Bhatia (up to 28.02.2018)

श्री एस. सरकार (31.07.2017 तक)
Shri S. Sarkar (up to 31.07.2017)

श्री सेल्वाराज के (02.03.2018 तक)
Shri Selvaraj K (up to 02.03.2018)

विषय सूची / CONTENTS

	पृष्ठ सं.		Page No.
वर्षवार तुलनात्मक कार्य-निष्पादन	2	Yearwise Comparative Performance	2
कार्यपालक निदेशक का संदेश	4	Message From Executive Director	129
निदेशकों की रिपोर्ट	7	Directors' Report	131
प्रबंधन विचार विमर्श एवं विश्लेषण	10	Management Discussion and Analysis	133
कारोबार उत्तरदायित्व रिपोर्ट	27	Business Responsibility Report	146
कार्पोरेट अभिशासन रिपोर्ट 2017-18	32	Corporate Governance Report 2017-18	151
निदेशको की रुपरेखा	44	Directors' Profile	162
बेसल III प्रकटीकरण	50	Basel III Disclosures	167
स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	85	Independent Auditors' Report	194
तुलन पत्र	86	Balance Sheet	195
लाभ एवं हानि लेखा	87	Profit & Loss Account	196
नकदी प्रवाह विवरण	119	Cash Flow Statement	226
सूचना	122	Notice	229
मुख्तारी (प्रॉक्सी) फार्म	125	Proxy Form	231
उपस्थिति-सह-प्रवेश पत्र	126	Attendance Slip-cum-Entry Pass	232
ई.सी.एस. अधिदेश फार्म	128	ECS Mandate Form	234

सांविधिक लेखापरीक्षक Statutory Auditors

रमेश सी. अग्रवाल एण्ड कंपनी, दिल्ली	ए.बी.पी. एण्ड एसोसिएट, भुवनेश्वर	कैलाश चंद जैन एण्ड कं., मुंबई	सारदा एण्ड पारीक, मुंबई
Ramesh C Agrawal & Co., Delhi	**ABP & Associates, Bhubaneshwar**	**Kailash Chand Jain & Co., Mumbai**	**Sarda & Pareek, Mumbai**

कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी
Company Secretary & Compliance Officer
श्री अमित कुमार
Shri Amit Kumar

निवेशक संपर्क केंद्र: देना कार्पोरेट सेंटर, सी-10, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई - 400 051.
Investor Relations Centre : Dena Corporate Centre, C-10, G Block, Bandra Kurla Complex, Bandra (East), Mumbai 400 051.

रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट: लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड यूनिट : देना बैंक सी - 101, 247 पार्क, एल. बी. एस. मार्ग, विक्रोली (पश्चिम), मुंबई - 400 083, फोन : +91 22 4918 6270 ईमेल: rnt.helpdesk@linkintime.co.in

Registrars and Share Transfer Agents: Link Intime India Private Limited Unit : Dena Bank C – 101, 247 Park, LBS Marg, Vikhroli (West), Mumbai – 400 083 Tel : +91 22 4918 6270, E-mail : rnt.helpdesk@linkintime.co.in

वर्षवार तुलनात्मक कार्य-निष्पादन YEAR WISE COMPARATIVE PERFORMANCE

(रु करोड़ में) **(Rs. In crore)**

कार्य निष्पादन मानदंड	Performance Parameters	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18
कारोबार माध्यम एवं संसाधन	Delivery Channels & Resources					
शाखाओ की संख्या (सी.बी.एस. सहित)	No. of Branches (with CBS)	1,633	1,739	1,846	1,874	1,872
एटीएम की संख्या	No. of ATMs	1,421	1,482	1,471	1,538	1,685
कर्मचारियो की संख्या	No. of Employees	12,983	13,632	13,906	13,985	13,613
पूंजी	Capital					
पूंजी	Capital	537.82	561.15	666.93	787.15	2,259.05
आरक्षितियां (पुनर्मूल्यांकन आरक्षितियों को छोड़कर)	Reserves (Excluding Revaluation Reserves)	5,793	6,114	5,545	5,799	5,851
पूंजी पर्याप्तता अनुपात (%)	Capital Adequacy Ratio (%)					
बेसल II के अनुसार	As Per Basel II	11.87	11.21	11.27	-	-
बेसल III के अनुसार	As Per Basel III	11.14	10.93	11.00	11.39	11.09
कारोबार मानदंड	Business Parameters					
कारोबार संमिश्र	Business Mix	188,650	196,565	203,242	191,481	180,369
वृद्धि % में	Increase in %	15.27	4.20	3.41	-5.79	-5.80
कुल जमाराशियां	Total Deposit	110,028	115,936	117,431	113,943	106,130
वृद्धि % में	Increase in %	13.19	5.37	1.29	-2.97	-6.86
कुल अग्रिम (सकल)	Total Advances (Gross)	78,622	80,629	85,811	77,538	74,239
वृद्धि % में	Increase in %	18.31	2.55	6.43	-9.64	-4.25
प्राथमिकता क्षेत्र को अग्रिम	Advances to Priority Sector	26,173	28,454	34,117	36,992	35,949
% के रूप मे प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम	Priority Sector Advances in % terms	38.44	35.03	40.23	40.71	42.27
कृषि	Agriculture	10,800	12,312	15,912	16,375	18,179
वृद्धि % में	Increase in %	60.73	14.00	29.24	2.90	11.02
खुदरा	Retail	9,706	10,910	12,053	13,301	13,240
वृद्धि % में	Increase in %	25.67	12.41	10.48	10.35	-0.46
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम	Micro, Small and Medium Enterprises (MSME)	13,217	15,256	13,983	12,458	10,898
वृद्धि % में	Increase in %	23.84	15.42	-8.34	-10.91	-12.52
वित्तीय स्थिति	Financials :					
परिचालनगत लाभ	Operating Profit	1,774.03	1,330.27	925.30	1,390.21	1,171.16
निवल लाभ / हानि (-)	Net Profit/Loss(-)	551.66	265.48	-935.32	-863.63	-1,923.15
ब्याज से आय	Interest Income	9,978	10,763	10,646	10,182	8,932
ब्याज व्यय	Interest Expenses	7,473	8,316	8,169	7,773	6,456
गैर ब्याज आय	Non Interest Income	917	721	717	1,251	1,164
कुल आय	Total Income	10,895	11,485	11,363	11,433	10,096
कुल व्यय	Total Expenses	9,121	10,155	10,437	10,043	8,925
निवल ब्याज मार्जिन (%)	Net Interest Margin (%)	2.52	2.25	2.16	2.00	2.19
जमाराशि लागत (%)	Cost of Deposit (%)	7.60	7.66	7.20	6.43	5.62

वर्षवार तुलनात्मक कार्य–निष्पादन YEAR WISE COMPARATIVE PERFORMANCE

(रु करोड़ में) **(Rs. In crore)**

कार्य निष्पादन मानदंड	Performance Parameters	2013-14	2014-15	2015-16	2016-17	2017-18
निधि लागत (%)	'Cost of Fund (%)	7.62	7.71	7.25	6.54	5.84
अग्रिमों पर आय (%)	Yield on Advances (%)	11.29	10.89	10.05	8.98	8.00
निधियों पर आय (%)	Yield on Funds (%)	9.60	9.42	8.84	8.03	7.51
आस्तियों पर प्रतिफल	Return on Assets	0.51	0.22	-0.75	-0.67	-1.59
लाभांश (रु. में)	Dividend (in Rs)	2.20	0.90	0.00	0.00	0.00
इक्विटि पर प्रतिफल (%)	Return on Equity ((%)	9.82	4.08	-13.54	-13.50	-26.17
प्रति शेयर अर्जन (रु. में)	Earning per share (in Rs.)	14.40	4.94	-15.50	-11.89	-18.06
आस्ति गुणवत्ता अनुपात:	Asset Quality Ratios :					
सकल एन.पी.ए.	Gross NPA	2,616	4,393	8,560	12,619	16,361
सकल अग्रिमों के तुलना में सकल गैर निष्पादक आस्तियों का अनुपात %	Gross NPA to Gross Advances Ratio %	3.33	5.45	9.98	16.27	22.04
निवल एन.पी.ए.	Net NPA	1,819	3,014	5,230.47	7,735	7,839.00
निवल अग्रिमों के तुलना में निवल गैर निष्पादक आस्तियों का अनुपात %	NPA to Net Advances Ratio%	2.35	3.82	6.35	10.66	11.95
एन.पी.ए. प्रावधान कवरेज (%)	NPA Provision Coverage (%)	56.44	52.97	52.79	50.56	60.20
उत्पादकता अनुपात:	Productivity Ratios :					
प्रति कर्मचारी कारोबार	Per Employees Business	14.53	14.42	14.62	13.69	13.25
प्रति शाखा कारोबार	Per Branch Business	121.40	118.13	114.57	102.18	100.20

कार्यपालक निदेशक का संदेश

प्रिय शेयरधारकों,

वर्ष 2017-18 के लिए आपके बैंक की वार्षिक रिपोर्ट आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है.

वर्ष के दौरान:

बैंक ने अक्तूबर, 2017 माह में बाजार से अर्हताप्राप्त संस्थानों के स्थापन (क्यू.आई.पी.) के अंतर्गत इक्विटी शेयरों को निर्गम करके रू. 401.26 करोड़ जुटाए.

भारत सरकार ने रुपये 3045 करोड़ की पूंजी के रूप में निवेश किया है. निवेश की गई पूंजी से 11.09% की पूंजी पर्याप्तता अनुपात को बनाए रखने में आपके बैंक को सहायता मिली है.

इसके अतिरिक्त, बैंक ने अपने उधारों को रू 125 करोड़ के टीयर I आई.पी.डी.आई. बॉन्डों के मोचन द्वारा और रू 1400 करोड़ बेसल III अनुपालन अतिरिक्त टीयर I बॉन्ड को क्रय विकल्प का प्रयोग करके चुकाया है.

इस वर्ष, आईबीए बैंकिंग तकनीकी पुरस्कार 2018 में लघु बैंकों के बीच, आपके बैंक को सर्वश्रेष्ठ वित्तीय समावेशन पहल की श्रेणी में विजेता के रूप में निर्णय दिया गया था. हमारे देश में वित्तीय समावेशन की प्रगति के लिए आपके बैंक द्वारा निरंतर किए गए प्रयासों हेतु मिली एक पहचान से हमें खुशी हो रही है.

वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए बैंक के अन्य कार्यनिष्पादन की प्रमुख विशेषताओं के बारे में आपको सूचित करने से पूर्व, मैं आपको आर्थिक परिस्थितियों, वैश्विक और भारतीय दोनों परिस्थितियों, भारतीय बैंकिंग उद्योग में नई प्रवृत्तियों, इसकी चुनौतियों, अवसरों और भविष्य की रूपरेखा के बारे में जिसमें आपका बैंक कार्य कर रहा है के संबंध में संक्षेप में उल्लेख करता हूँ.

आर्थिक अवलोकन

2016 के मध्य से वैश्विक अर्थव्यवस्था में वसूली व्यापक और सुदृढ़ हुई है. विश्व आर्थिक आउटलुक रिपोर्ट के अनुसार, विश्व की अर्थव्यवस्था में 3.8% वृद्धि 2011 के पश्चात से सबसे तीव्रतर थी. विकसित वैश्विक निवेश और व्यापार के पूर्व, 2018 और 2019 में 3.9% वृद्धि तक पहुंचना अपेक्षित है. विकास की गति की भविष्य में उज्ज्वल संभावनाएं हैं क्योंकि सभी देशों में संरचनात्मक सुधारों और राजकोषीय नीतियों के लिए अवसर विद्यमान हैं जो उत्पादकता को बढ़ाती और समावेशी वृद्धि करती है.

भारतीय अर्थव्यवस्था

वित्तीय वर्ष 2017-18 में, भारतीय अर्थव्यवस्था ने वस्तु एवं सेवा कर (जी.एस.टी.) लागू कर एक मील का पत्थर स्थापित किया है. वस्तु एवं सेवा कर ने अर्थव्यवस्था के कर आधार और कर भुगतान संस्कृति क्षेत्र की वृद्धि में सहायता की है. एक और उपलब्धि डिजिटल इंडिया कार्यक्रम है. इसने न केवल हमारे देश को नकदी रहित निर्भर अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर होने बल्कि गरीबों को सामाजिक लाभों को अधिक प्रभावी ढंग से पहुचाने में सहायता की है.

2017 में घोषित सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख बैंकों के लिए पुन:पूंजीकरण योजना ने पूंजी बफर को फिर से सहायता की और विकास को समर्थन देने हेतु बैंकिंग क्षेत्र की क्षमता में सुधार किया. तथापि, बैंकों में एन.पी.ए. और धोखाधड़ी के बढ़ते स्तर को नियंत्रित करने के लिए मजबूत तंत्र बनाने की आवश्यकता है.

दिवाला और दिवालियापन संहिता के कार्यान्वयन से सभी हितधारकों को बहुत उम्मीद हैं और यह अपेक्षा की जाती है कि बैंकिंग क्षेत्र को समय-बद्ध ऋण वसूली तंत्र में सहायता करेगा और कॉर्पोरेट एन.पी.ए. को कम करेगा, जिसका कई बैंकों को सामना करना पड़ रहा हैं.

अर्थव्यवस्था के समष्टि मूलभूत सिद्धांत, मुद्रास्फीति और औद्योगिक उत्पादन ने वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान कम उत्पादन और कम मुद्रास्फीति स्तर सहित विकास की मिश्रित छवि प्रदर्शित की है.

पिछले कुछ वर्षों के दौरान आर्थिक सुधारों की यात्रा चुनौतीपूर्ण रही है परंतु साथ ही प्रतिफल देने वाली भी रही है. सरकार द्वारा किए गए सुधारों के परिणामस्वरूप, विदेशी प्रत्यक्ष निवेश बढ़ गया है. सरकार द्वारा किए गए उपायों ने भारत में कारोबार करना अधिक सरल बना दिया है. प्राकृतिक संसाधन अब पारदर्शी और निष्पक्ष रूप से आवंटित किए जाते हैं.

बैंकिंग उद्योग की प्रवृत्तियां

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान, बैंकों ने सतत विकास के लिए नई रणनीतियों को लक्षित करते हुए, नियमों, विरासती प्रणाली, विघटनकारी मॉडल, प्रौद्योगिकियों, नए प्रतियोगियों, और एक सतत ग्राहक आधार में रहकर कई चुनौतियों का सामना किया है. बैंकों के तुलनपत्र एनपीए के स्तर में वृद्धि के प्रावधान के साथ दबावग्रस्त हैं जिसके परिणामस्वरूप न्यूनतर लाभप्रदता है.

तथापि, बैंकिंग उद्योग नियामक उपायों जैसे पुन:पूंजीकरण बॉन्ड निर्गम करना, संशोधित एनपीए रूपरेखा और भारत सरकार द्वारा दिवाला और दिवालियापन संहिता के कार्यान्वयन जैसी विभिन्न कठिन चुनौतियों का सामना कर रहा है और भारतीय रिज़र्व बैंक को इस दबावपूर्ण परिदृश्य से उद्योग के बाहर आने का अपेक्षा है.

बैंकिंग उद्योग में केवल निरंतर ग्राहक केंद्रितता, विनियामक पुनः जांच, प्रौद्योगिकी प्रबंधन और अंगीकरण, साइबर जोखिम कम करने और नए वातावरण के अनुरूप हमारे कार्यबल को पुनर्गठित करने के माध्यम से ही दीर्घकालिक सतत विकास की अपेक्षा की जाती है.

बैंक का निष्पादन

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान आपके बैंक के निष्पादन की प्रमुख विशेषताएं इस प्रकार हैं:

- मुझे आपको यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान, आपके बैंक ने प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र, कृषि, गैर-कॉर्पोरेट किसानों, छोटे और सीमांत किसानों, कमजोर वर्ग और सूक्ष्म उद्यमों के अंतर्गत दिए गए सभी विनियामक लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया है.
- बैंक ने उच्च लागत वाले जमाराशियों को न लेने पर अपना रुख जारी रखा और तद्नुसार कुल जमा अनुपात का कासा % मार्च 2017 में 37.93% से बढ़कर मार्च 2018 में 40.03% हो गया.
- बैंक के जमा सीडी अनुपात में ऋण मार्च, 2017 में 68.05% से बढ़कर मार्च, 2018 में 69.95% हो गया.
- कृषि अग्रिम 31 मार्च, 2017 के रू. 16,375 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च, 2018 को रू. 18,179 करोड़ हो गया, विनियामक लक्ष्य 18% को पार करके 11.02% की वृद्धि दर्ज की और समायोजित नेट बैंक क्रेडिट (एएनबीसी) का 21.38% रहा.
- प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को अग्रिम मार्च, 2018 को 40% के विनियामक बेंचमार्क को पार करके रु. 35, 949 करोड़ रहा जो समायोजित नेट बैंक क्रेडिट (एएनबीसी) का 42.27% है.
- बैंक की निवल ब्याज आय मार्च, 2017 की रू. 2,408.36 करोड़ से बढ़कर मार्च, 2018 में रू. 2,475.82 करोड़ हो गई और इसी अवधि के लिए निवल ब्याज मार्जिन 2.00% से 2.19% तक की वृद्धि हुई.
- बैंक की जमा राशि की लागत वित्त वर्ष 2016-17 में 6.43% से घटकर वित्त वर्ष 2017-18 में 5.62% हो गई.

आस्ति गुणवत्ता

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान, बैंक ने पिछले वर्ष के दौरान हुई 1,119.87 करोड़ की नकद वसूली की तुलना में रु. 931.24 करोड़ की वसूली की.

आपके बैंक ने बट्टे खातों में पिछले वर्ष के दौरान रू. 120.08 करोड़ के समक्ष रू 146.60 करोड़ वसूल किए.

31 मार्च, 2018 को, सकल एनपीए पिछले वर्ष के दौरान रू. 12,618.73 करोड़ के समक्ष रू. 16,361.44 करोड़ रहा. सकल एनपीए प्रतिशत पिछले वर्ष 16.27% की तुलना में 22.04% है.

31 मार्च, 2018 को निवल एनपीए पिछले वर्ष के दौरान रू 7,735.12 करोड़ के समक्ष रू 7,838.78 करोड़ रहा. निवल एनपीए प्रतिशत पिछले वर्ष के दौरान 10.66% की तुलना में 11.95% है.

पूंजी पर्याप्तता मानदंड

बेसल III मानदंडों के अंतर्गत जोखिम (भारित) आस्ति अनुपात (सीआरएआर) को पूंजी 31 मार्च 2017 को 10.875% की विनियामक आवश्यकता के समक्ष 11.39% से कम होकर 31 मार्च 2018 को 11.09% हो गई.

इसी प्रकार, बैंक की सीईटी 1 पूंजी अनुपात 7.375% विनियामक आवश्यकता के समक्ष 31 मार्च 2017 को 7.24% के समक्ष 31 मार्च 2018 को 8.81% हो गई.

शाखा विस्तार

परिचालनगत व्यय और दक्षता में सुधार के दृष्टिगत, बैंक ने शाखा खोलने पर एक सजग उपाय किया गया है और वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान कोई भी नई शाखा नहीं खोली गई. बैंक ने शाखा को युक्तिसंगत बनाने की प्रक्रिया भी आरंभ की है. तद-नुसार बैंक के निदेशक मंडल ने 17 शाखाओं को अन्य शाखाओं के साथ विलय को अनुमादित कर दिया है, जिनमें से 2 शाखाएं वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान विलय कर दी गई थीं. 31 मार्च, 2018 को (72 सैटेलाईट शाखाओं सहित) आपके बैंक की 1,872 शाखाएं हैं.

मानव संसाधन विकास

वर्ष 2017-18 के दौरान, बैंक ने 21 परिवीक्षाधीन अधिकारी, 13 विशेषज्ञ अधिकारी, 128 लिपिक और 148 अधीनस्थ कर्मचारियों की भर्ती की है. वर्तमान में बैंक में मानव पूंजी 13,613 हैं जिसमें से 3,705 महिलाएं हैं.

डिजिटल पहल

आपके बैंक ने ग्राहकों के साथ-साथ अपने कर्मचारियों के लिए निर्बाध और सुविधा समाधान प्रदान करने के लिए विभिन्न डिजिटल पहल आरंभ की हैं. सफलतापूर्वक कार्यान्वित किए गए. कुछ डिजिटल पहल इस प्रकार है:-

- 29 गांवों का डिजिटाइजेशन
- बैंक ने नए मोबाइल बैंकिंग अनुप्रयोग का शुभारंभ किया है.
- नए इंटरनेट बैंकिंग अनुप्रयोग का शुभारंभ किया है.
- एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) अनुप्रयोग का शुभारंभ
- भीम आधारित पे अनुप्रयोग शुरू किया गया और 12,796 भीम आधार व्यापारियों को प्रदान किए गए.
- जारीकर्ता के लिए भारत क्यूआर कोड (यूपीआई आधारित भुगतान) और अधिग्रहणकर्ता (पीओएस आधारित भुगतान) सेवा में हैं.
- ग्राहक के लिए वस्तु एवं सेवा कर भुगतान मॉड्यूल का सफल संचालन
- 7,565 पीओएस टर्मिनलों का नियोजन किया गया हैं जिसमें से 302 पीओएस टर्मिनलों को टीयर 5 और 6 केंद्रों में नियोजित किया गया है.

बीपीआर पहल

बैंक ने रूपांतरण योजना - देना प्रगति के लिए बीसीजी के साथ साझेदारी की है और आपके बैंक ने नए उत्पादों का शुभारंभ किया है और नई प्रणाली और प्रक्रियाओं की स्थापना की है.

I. बैंक ने केंद्रीकृत खाता खोलने के लिए एक नया कासा बैक-ऑफिस खोला है.

II. अखिल भारतीय स्तर पर लीड का प्रसंस्करण करने के लिए लीड प्रबंधन प्रणाली 'देना सम्पर्क' आरंभ की है.

III. आईवीआर आधारित कॉल सेंटर: प्रति माह लगभग औसत 50000 इनबाउंड कॉल प्राप्त किए जाते हैं.

IV. आशोधित प्रक्रिया प्रवाह और खुदरा ऋण प्रसंस्करण के लिए लैंड परफेक्ट सॉफ्टवेयर के विशेष उपयोग के साथ विद्यमान खुदरा आस्ति प्रसंस्करण केंद्र पुनर्गठित था.

V. ठाणे अंचल में पायलट के रूप में 29 शाखाओं के लिए एमएसएमई हब लॉन्च किया गया.

VI. डिजिटल चैनलों में पंजीकरण को बढ़ाने के लिए सभी शाखाओं में डिजिटल पाठशाला का आयोजन किया गया था

अन्य पहलें

1. उपभोक्ता ऋण खंड में वाहन ऋण सोर्सिंग के लिए डीलर पेआउट योजना.
2. आवास ऋण प्रस्तावों की सोर्सिंग के लिए आवास ऋण सलाहकारों को सूचीबद्ध करना.
3. छोटे उधारकर्ताओं के लिए नई एक मुश्त भुगतान योजना- देना ऋण मुक्ति योजना कृषि और एमएसएमई सहित सभी क्षेत्रों को कवर करती है.
4. अपने ग्राहकों को बेहतर उत्पाद प्रदान करने के लिए, आपके बैंक ने विभिन्न गठजोड़ व्यवस्था की हैं जैसे कि:

क. यात्री कार वित्त व्यवस्था के लिए मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के साथ गठजोड़ व्यवस्था

ख. एमएसएमई ऋण लीड की सोर्सिंग के लिए एसएमईआरए रेटिंग लिमिटेड के साथ गठजोड़ व्यवस्था

ग. एमएसएमई ऋण देने में सुधार के लिए, बैंक ने रिसीवबल एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (आरएक्सआईएल) के साथ ट्रेड रिसीवबल डिस्काउंटिंग सिस्टम (टीआरईडीएस) कारोबार के लिए उनके ऑनलाइन प्लेटफार्म पर पंजीकरण किया है

घ. ईडब्ल्यूएस/एलआईजी/एमआईजी और ग्रामीण आवास ब्याज सब्सिडी योजना (आर.एचआईएसएस) के हिताधिकारीयों के लिए प्रधान मंत्री आवास योजना - क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी योजना (पीएमए-सीएलएसएस) के कार्यान्वयन के लिए राष्ट्रीय आवास बैंक के साथ गठजोड़ व्यवस्था

समावेशित संवृद्धि

आर्थिक संवृद्धि के लाभों का लाभ उठाने के लिए, हमें इसे समावेशित बनाने की आवश्यकता है. अपने आप के लिए मूल्यवान होने के अतिरिक्त, समावेशी विकास आर्थिक विकास को आगे बढ़ाता है. जैसा कि पहले ही उल्लेख किया गया है, आपके बैंक ने इस क्षेत्र में असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है और वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में अपनी पहलों के लिए पहचान प्राप्त की है.

आपके बैंक ने 18.50 लाख खातों के लक्ष्य के समक्ष प्रधान मंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के अंतर्गत 44.06 लाख खाते खोले हैं और 26.52 लाख रुपे कार्ड जारी किए हैं.

आपके बैंक ने वित्तीय समावेशन के तहत आवंटित सभी 6,485 गांवों को कवर किया है, जिनमें से 746 गांव पारंपरिक शाखाओं के माध्यम से कवर किए गए हैं और 5,739 गांव कारोबार प्रतिनिधि मॉडल के माध्यम से कवर किए गए हैं. आपके बैंक ने 31 मार्च 2018 तक आधार के लिए 10.60 करोड़ निवासियों को नामांकित किया है और यू.आई.डी.ए.आई. को गैर-राज्य रजिस्ट्रारों के बीच शीर्ष स्थान प्राप्त किया है.

भावी योजनाएं

वर्ष 2018-19 के लिए, एनपीए में कमी करना बैंक के लिए सबसे बड़ी प्राथमिकता रहेगी. इस वर्ष आपका बैंक एन.सी.एल.टी. के संदर्भित कॉर्पोरेट एनपीए मामलों के समाधान से बड़ी वसूली की भी अपेक्षा करता है. इसके अतिरिक्त, बैंक खुदरा एनपीए के स्तर को कम करने पर भी ध्यान केंद्रित करेगा और सभी प्रयास किए जाएंगे और विशेष रूप से बट्टे खातों में अधिक वसूली में ध्यान केंद्रित करेगा.

आपके बैंक ने प्रभावी वसूली प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए वसूली के प्रयासों पर ध्यान केंद्रित करने के उद्देश्य से एक नया दबावग्रस्त आस्ति प्रबंधन वर्टिकल निर्मित किया है.

बैंक कासा, खुदरा, एमएसएमई और कृषि अग्रिमों पर अपना ध्यान जारी रखेगा.

बैंक ने बीपीआर रूपांतरण परियोजना के माध्यम से विभिन्न नई प्रक्रियाओं और प्रणाली आशोधनों की शुरुआत की है, जिसमें इस वित्तीय वर्ष के दौरान इन रूपांतरण परियोजनाओं के वास्तविक लाभ अपेक्षित होंगे.

आभार

अंत में, मैं यह कहना चाहूंगा कि भारत सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक, विभिन्न राज्य सरकारों, भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड, बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण और अन्य सभी हितधारकों को उनके बहुमूल्य संरक्षण, मार्गदर्शन, समर्थन के लिए धन्यवाद व्यक्त करता हूं और समयोचित सलाह और उनके निरंतर समर्थन और सहयोग की अपेक्षा करता हूं.

वित्तीय वर्ष 2017-18 की चुनौतीपूर्ण अवधि के दौरान अपने मूल्यवान संरक्षण और समर्थन के लिए सभी शेयरधारकों, ग्राहकों और शुभचिंतकों को भी मैं धन्यवाद देता हूं और उनके निरंतर संरक्षण प्राप्त करने की अपेक्षा करता हूं.

बैंक का मंडल इस चुनौतीपूर्ण समय के दौरान बैंक का लगातार मार्गदर्शन कर रहा है और मैं उनके प्रोत्साहन और मार्गदर्शन की सराहना करता हूं.

मैं बैंक को दिए जा रहे समर्थन के लिए नाबार्ड, सिडबी और अन्य वित्तीय संस्थानों, बैंकों और प्रतिनिधियों का भी आभारी हूं.

अंत में, बैंक के सभी स्टाफ सदस्यों द्वारा किए गए अथक और अनवरत प्रयासों की सराहना करता हूं, जिनके सहयोग के बिना इस चुनौतीपूर्ण समय में हासिल की गई प्रगति संभव नहीं हो सकती थी. संस्थान को दिए जा रहे निरंतर समर्थन के लिए स्टाफ के परिवार सदस्यों के प्रति भी मैं आभार व्यक्त करता हूं.

मैं आगामी वर्षों में बैंक की निरंतर प्रगति के लिए सभी हितधारकों के निरंतर सहयोग और समर्थन की अपेक्षा करता हूं.

शुभकामनाओं सहित,

(रमेश एस. सिंह)

निदेशकों की रिपोर्ट 2017-18

सेवा में

सभी सदस्यगण,

31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लेखों के लेखा परीक्षित वित्तीय विवरण तथा नकदी प्रवाह विवरण के साथ बैंक की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए निदेशक मंडल को अत्यंत प्रसन्नता हो रही है.

2. वित्तीय निष्पादन की विशिष्टताएं

i) बैंक की बचत बैंक जमाराशियाँ 31 मार्च, 2017 के रु. 36,239 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च, 2018 को रु. 36,471 करोड़ तक पहुंच गई, जो कि 0.64% वृद्धि दर्शाती है.

ii) बैंक की कासा जमाराशियाँ 31 मार्च, 2017 के रु. 43,222 करोड़ से घटकर 31 मार्च, 2018 को रु. 42,485 करोड़ तक पहुंच गई, जो कि 1.71% की कमी दर्शाती है. कुल जमा के रुप में कासा के प्रतिशत में 31 मार्च 2017 के 37.93% से 31 मार्च 2018 को 40.03% की वृद्धि हुई.

iii) प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम 31 मार्च, 2017 के रु. 36,992 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च, 2018 को रु. 35,949 करोड़ तक पहुंच गया, जो कि 2.82% की नकारात्मक वृद्धि दर्शाता है और यह समायोजित निवल बैंक साख (ए.एन.बी.सी.) का 42.27% रहा जो कि विनियामक लक्ष्य 40% को पार कर लिया.

iv) कृषि ऋण 31 मार्च 2017 के रु. 16,375 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च 2018 को रु. 18,179 करोड़ हो गई जो कि 11.02% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर्शाती है और यह समायोजित निवल बैंक साख (ए.एन.बी.सी.) का 21.38% रहा जो कि विनियामक लक्ष्य 18% से अधिक है.

v) प्राथमिकता क्षेत्र एम.एस.एम.ई. अग्रिम 31 मार्च 2017 के रु 15,316 करोड़ से कम होकर 31 मार्च 2018 को रु 11,638 करोड़ हो गया है जो कि 24.01% की नकारात्मक वृद्धि दर्शाता है.

vi) कुल खुदरा अग्रिम में वर्ष-दर-वर्ष 0.46% नकारत्मक वृद्धि हुई है और 31 मार्च 2017 के रु 13,301 करोड़ की तुलना में 31 मार्च 2018 को रु 13,240 करोड़ के स्तर पर पहुंच गया.

vii) बैंक का परिचालनगत लाभ वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए रु 1390 करोड़ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2017-18 में रु 1171 करोड़ हो गया है, जो कि 15.76% की कमी दर्शाता है.

viii) वित्त वर्ष 2016-17 के लिए रु 2,906 करोड़ की तुलना में वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए निवेशों पर ब्याज आय रु 2682 हो गई, जो कि 7.71% की कमी दर्शाती है.

ix) बेसल III के अंतर्गत जोखिम भारित आस्तियों की तुलना में पूंजी अनुपात (सी.आर.ए.आर.) में कमी आई और 31 मार्च 2017 को 11.39% की तुलना में 31 मार्च 2018 को 11.09% रहा.

x) बैंक का टीयर I पूंजी अनुपात 31 मार्च 2017 को 9.05% से कम होकर 31 मार्च 2018 को, 8.81% हो गया.

xi) एन.पी.ए. खातों में नकदी वसूली वित्तीय वर्ष 2016-17 के रु. 1,119.87 करोड़ से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2017-18 में 931.24 करोड़ हो गई.

xii) बट्टे खाते डाले गए खातों में वसूली वित्तीय वर्ष 2016-17 के रु. 115 करोड़ से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2017-18 में रु. 142 करोड़ हो गई.

xiii) जमाराशियों की लागत वित्त वर्ष 2016-17 के 6.43% से घटकर वित्त वर्ष 2017-18 को 5.62% रही और परिणामस्वरुप जमाराशियों पर ब्याज व्यय 31 मार्च 2017 के रु. 7,213 करोड़ से घटकर 31 मार्च 2018 को रु. 5,955 करोड़ रहा.

xiv) मुख्य सांख्यिकी

(रु. करोड़ में)

विवरण	31 मार्च को	
	2017	2018
जमाएं	1,13,943	1,06,130
अग्रिम	77,538	74,239
कारोबार संमिश्र	1,91,481	1,80,369
निवेश	40,190	38,040
प्राथमिकता क्षेत्र	36,992	35,949
कृषि	16,375	18,179
रिटेल	13,301	13,240
एम.एस.एम.ई-पी.एस.	15,316	11,638
सकल एन.पी.ए.	12,619	16,361
निवल एन.पी.ए.	7,735	7,839
कुल अग्रिमों में कुल एन. पी. ए. का %	16.27	22.04
निवल अग्रिमों में निवल एन. पी. ए. का %	10.66	11.95

3. आय का विश्लेषण

वित्तीय वर्ष 2017-2018 के लिए बैंक का वित्तीय कार्य निष्पादन इसके नीचे सार रुप में प्रस्तुत किया गया है:

(रुपए करोड़ में)

विवरण	31 मार्च को	
	2017	2018
परिचालनगत लाभ	1,390.21	1,171.16
ब्याज आय	10,181.67	8,932.23
ब्याज व्यय	7,773.31	6,456.41
निवल ब्याज आय	2,408.36	2,475.82
गैर ब्याज आय	1,251.39	1,163.52
प्रावधान एवं आकस्मिकताएं	2,253.84	3,094.31
कर पूर्व लाभ	(1,275.36)	(3178.75)
करों के लिए प्रावधान	(411.73)	(1255.60)
निवल लाभ	(863.63)	(1923.15)

4. प्रमुख वित्तीय सूचक (% मे)

विवरण	31 मार्च को	
	2017	2018
निवल ब्याज मार्जिन	2.00	2.19
आस्तियों पर प्रतिलाभ	(0.67)	(1.59)
लागत आय अनुपात	62.01	67.82
प्रावधान कवरेज अनुपात	50.56	60.20
जमाराशियों की लागत	6.43	5.62

निधियों की लागत	6.54	5.84
अग्रिमों पर प्रतिफल	8.98	8.00
निधियों पर प्रतिफल	8.03	7.51
निवेश पर प्रतिफल	7.57	7.26
इक्विटी पर प्रतिफल	(13.50)	(26.17)
प्रतिशेयर अर्जन (रु.)	(11.89)	(18.06)
बही मूल्य (रु.)	65.42	27.45

5. वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा बैंक पर लागू त्वरीत सुधारात्मक कार्रवाई (पीसीए) के कारण बैंक ने कोई नई शाखा नहीं खोली. इसके अतिरिक्त बैंक ने अन्य विद्यमान शाखाओं में दो शाखाओं का विलय कर दिया है और बैंक की कुल शाखाओं की संख्या 1,872 (72 सेटेलाईट कार्यालयों सहित) रही हैं. बैंक की सभी शाखाएं सी. बी. एस. के अंतर्गत कार्यरत हैं.

6. वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान बैंक ने 3 ई-स्मार्ट केंद्र स्थापित किए हैं, जिन्हें मिलाकर कुल 98 केन्द्र हो गए हैं. ई-स्मार्ट केंद्र में, ग्राहक नकद राशि, चेक जमा कर सकता है, नकदी निकाल सकता है, पासबुक भी मुद्रित कर सकता है तथा इंटरनेट बैंकिंग सुविधा के माध्यम से 24x7 आधार पर अपने खाते का उपयोग कर सकता है.

7. वर्ष 2017-18 के दौरान, बैंक ने 1775 पी.ओ.एस. संस्थापित किए हैं और एक नए मोबाईल बैंकिंग चैनल अर्थात एन.पी.सी.आई. द्वारा प्रवर्तित एकीकृत भुगतान प्रणाली (यू.पी.आई.) की शुरुआत की है.

8. लाभांश

निदेशक मंडल ने वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए कोई लाभांश संस्तुत नहीं किया.

9. निवल संपत्ति एवं सी आर ए आर

9.1 बैंक की निवल संपत्ति 31 मार्च 2018 को रु. 5108.04. करोड़ रही.

9.2 सी.आर.ए.आर. :

(% में)

	बेसल III	
	मार्च 2017	मार्च 2018
सी.आर.ए.आर टीयर I पूंजी	9.05	8.81
सी.आर.ए.आर टीयर II पूंजी	2.34	2.28
कुल	**11.39**	**11.09**

10. निदेशक मंडल में परिवर्तन

10.1 31 मार्च, 2018 को बैंक के निदेशक मंडल में पूर्ण-कालिक निदेशक होने के नाते दो कार्यपालक निदेशक, तथा अन्य छः निदेशक निम्नानुसार शामिल हैं :

- भारत सरकार के एक नामिती निदेशक
- भारतीय रिजर्व बैंक के एक नामिती निदेशक
- भारत सरकार द्वारा नियुक्त दो निदेशक; और
- शेयर धारकों द्वारा चुने गये दो निदेशक

10.2 श्री अश्वनी कुमार, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, पांच वर्ष का कार्यकाल पूरा करने के पश्चात दिनांक 31.12.2017 से प्रभावी भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाओं विभाग से दिनांक 09 नवंबर, 2012 को प्राप्त अधिसूचना सं. एफ 4/4/2011-बीओ.आई. के अनुसार बैंक के निदेशक नहीं रहे. बैंक के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान श्री अश्वनी कुमार द्वारा प्रदान किए अनुकरणीय नेतृत्व और दिशा के लिए बैंक का मंडल उनकी प्रशंसा करता है.

10.3 श्रीमती तृष्णा गुहा, कार्यपालक निदेशक, अधिवर्षता की अवधि पूर्ण होने पर दिनांक 31 अगस्त, 2017 को मंडल से सेवानिवृत्त हुई. श्रीमती तृष्णा गुहा द्वारा बैंक के बोर्ड में कार्यपालक निदेशक के रूप में कार्यकाल के दौरान दिए गए बहुमूल्य योगदान के लिए निदेशक मंडल द्वारा इनकी प्रशंसा की गई.

10.4 डॉ. राजेश कुमार यदुवंशी, राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970 के खंड 8 के उप-खंड (1) और खंड 3 के उप-खंड (1) के साथ पठित बैंकिंग कंपनी (उपक्रम अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970/1980 की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (ए) के अंतर्गत भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवाओं विभाग से प्राप्त अधिसूचना सं. एफ.4 / 5 / (6) 2017-बीओआई दिनांक 09 अक्टूबर, 2017 के अनुसार, दिनांक 09 अक्टूबर, 2017 से प्रभावी, तीन वर्ष की अवधि के लिए या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किए गए है.

10.5 श्री बंकीम आर देसाई, कामगार कर्मचारी निदेशक, राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) योजना, 1970 के खंड 9 के उप-खंड (1) और (2) के साथ पठित बैंकिंग कंपनी (उपक्रम अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970/1980 की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (ए) के अंतर्गत दिनांक 19.09.2014 से प्रभावी, कार्यकाल पूरा होने पर दिनांक 19.09.2017 से बैंक के निदेशक नहीं रहेंगे. श्री बंकीम आर देसाई द्वारा बैंक के मंडल में निदेशक के रूप में कार्यकाल के दौरान दिए गए बहुमूल्य मार्गदर्शन के लिए निदेशक मंडल द्वारा इनकी प्रशंसा की गई.

10.6 डॉ उमेश बेलूर, शेयरधारक निदेशक, बैंकिंग कंपनी (उपक्रम अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970/1980 की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (i) के अंतर्गत निर्वाचित, दिनांक 24 मार्च, 2015 से प्रभावी, 23 मार्च, 2018 को तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा करने के पश्चात बैंक के निदेशक नहीं रहेंगे. डॉ उमेश बेलूर द्वारा बैंक के मंडल में निदेशक के रूप में कार्यकाल के दौरान दिए गए बहुमूल्य मार्गदर्शन के लिए निदेशक मंडल द्वारा इनकी प्रशंसा की गई.

10.7 श्री वी चंद्रशेखरन, शेयरधारक निदेशक, बैंकिंग कंपनी (उपक्रम अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970/1980 की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (i) के अंतर्गत निर्वाचित, दिनांक 24 मार्च, 2015 से प्रभावी, 23 मार्च, 2018 को तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा करने के पश्चात बैंक के निदेशक नहीं रहेंगे. श्री वी चंद्रशेखरन द्वारा बैंक के मंडल में निदेशक के रूप में कार्यकाल के दौरान दिए गए बहुमूल्य मार्गदर्शन के लिए निदेशक मंडल द्वारा इनकी प्रशंसा की गई.

10.8 डॉ यशो वर्धन वर्मा, शेयरधारक निदेशक, बैंकिंग कंपनी (उपक्रम अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970/1980 की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (i) के अंतर्गत निर्वाचित, दिनांक 24 मार्च, 2015 से प्रभावी, 23 मार्च, 2018 को तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा करने के पश्चात बैंक के निदेशक नहीं रहेंगे. डॉ यशो वर्धन वर्मा द्वारा बैंक के मंडल में निदेशक के रूप में कार्यकाल के दौरान दिए गए बहुमूल्य मार्गदर्शन के लिए निदेशक मंडल द्वारा इनकी प्रशंसा की गई.

10.9 समीक्षाधीन वित्तीय वर्ष के दौरान, बैंकिंग कंपनी (उपक्रम अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1970/1980 की धारा 9 की उपधारा (3) के खंड (i) के अनुसार, केंद्र सरकार के अतिरिक्त दो शेयरधारक निदेशकों के चुनाव के लिए दिनांक 27 मार्च, 2018 को सर सोराबजी पोचखानावाला बैंकर प्रशिक्षण महाविद्यालय, मुंबई में बैंक ने बैंक के शेयरधारकों की एक असाधारण सामान्य सभा आयोजित की गई. मतदान की सफलता के बाद, दो शेयरधारक निदेशक अर्थात (i) डॉ यशोवर्धन वर्मा और (ii) श्री राकेश कुमार, केंद्र सरकार के अतिरिक्त अन्य शेयरधारकों का प्रतिनिधि के रूप में शेयरधारक निदेशक के रूप में चुने गए थे. दिनांक 8 मार्च, 2018 से ये निदेशक तीन वर्ष के लिए कार्यभार ग्रहण करेंगे.

निदेशकों की रिपोर्ट 2017-18

11.00 निदेशकों के उत्तरदायित्त्व का विवरण

निदेशक 31 मार्च 2018 को समाप्त वर्ष के लिए वार्षिक लेखा तैयार करने में निम्नलिखित की पुष्टि करते हैं :

i. कि वार्षिक लेखा तैयार करने में महत्त्वपूर्ण विचलनों, यदि कोई हो, के संबंध में, समुचित स्पष्टीकरण के साथ लागू लेखा मानकों का पालन किया गया है.

ii. कि उन्होंने ऐसी लेखा नीतियों का चयन किया एवं उनको निरंतर लागू किया तथा ऐसे निर्णय एवं अनुमान लगाये जो समुचित एवं विवेकपूर्ण हैं ताकि वित्तीय वर्ष के अन्त तक बैंक की सत्य और सही स्थिति प्रस्तुत कर सकें एवं अवधि के लिए बैंक की लाभ या हानि की स्थिति दे सकें.

iii. कि उन्होंने धोखाधड़ियों एवं अन्य अनियमितताओं को रोकने एवं पता लगाने हेतु भारत में बैंकों पर लागू विधि के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखा रिकार्डो के रख-रखाव के लिए समुचित एवं पर्याप्त देखरेख की है.

iv. कि उन्होंने वार्षिक लेखा, निरंतर कारोबार वाले संस्थान के आधार पर तैयार किया था.

आभार

12.1 निदेशक मंडल बैंक के अपने सम्मानित ग्राहकों, शेयरधारकों तथा शुभचिंतकों को बैंक की प्रगति में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए अपना आभार तथा धन्यवाद व्यक्त करता है तथा भविष्य में उनके सतत समर्थन एवं सहयोग की अपेक्षा करता है.

12.2 भारत सरकार तथा भारतीय रिजर्व बैंक से प्राप्त समयोचित सलाह, महत्त्वपूर्ण मार्गदर्शन एवं समर्थन के लिए भी निदेशक मंडल हार्दिक आभार व्यक्त करता है.

12.3 निदेशक मंडल वित्तीय संस्थाओं / बैंकों तथा प्रतिनिधियों के प्रति भी बैंक को दिए गए उनके सहयोग एवं समर्थन के लिए कृतज्ञता व्यक्त करता है.

12.4 निदेशक मंडल बैंक के कारोबार में प्राप्त प्रगति के लिए सभी स्तरों पर स्टाफ सदस्यों द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण योगदान के लिए उनकी सराहना करता है. निदेशकगण बैंक के तीव्र कारोबार विकास तथा प्रगति में उनसे सतत सहयोग की आशा रखते हैं.

स्थान : मुंबई
दिनांक : 31.05.2018

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से

(रमेश एस. सिंह)
कार्यपालक निदेशक

प्रबंधन विचार विमर्श एवं विश्लेषण

1. वैश्विक आर्थिक परिदृश्य :

पिछला दशक विभिन्न वैश्विक वित्तीय संकट, व्यापक आर्थिक संकट और नकारात्मक परिस्थिति की श्रृंखला वाला था जिसकी शुरुआत 2008-2009 के वैश्विक आर्थिक संकट से हुआ, तत्पश्चात 2010-2012 के यूरोपीय राष्ट्रीक कर्ज संकट और 2014-16 के वैश्विक वस्तुओं की कीमतों के वास्तविक मूल्यों का पुनः निर्माण हुआ है. उसके पश्चात निवेश और व्यापार में उछाल अनुकूल वितेषण की परिस्थिति की पृष्ठभूमि के कारण, सामान्य तौर पर उदार नीतियां, बेहतर विश्वास, और पूर्व में वस्तु के मूल्य गिरावट का प्रभाव कम होने के समक्ष वैश्विक स्थिति में सुधार जारी है.

चूंकि इन संकटों और लगातार विपरित परिस्थितियां होने के कारण विश्व अर्थव्यवस्था में मजबूत हुई है, जो स्थायी विकास के आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय आयामों के साथ प्रगति को आगे बढ़ाने वाले दीर्घकालिक मुद्दों के प्रति नीति को पुनर्जीवित करने के लिए अधिक अवसर प्रदान करता है.

आई.एम.एफ. की विश्व आर्थिक आउटलुक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2018 में विश्व अर्थव्यवस्था 3.8% बढ़ने की अपेक्षा है.

उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में, विकास को पूंजीगत खर्च में बढोत्तरी, स्टॉक में लाभार्जन की स्थिति और बाहरी मांग को सुदृढ़ करने से प्रेरित होता है. हालांकि सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि होने से, यूरो क्षेत्र में अपेक्षा की तुलना में सुधार सुस्पष्ट रुप से मजबूत था.

उभरते बाजारों और विकास अर्थव्यवस्थाओं (ई.एम.डी.ई.) के बीच वृद्धि 2017 में 4.3% तक पहुंच गया है, जो वस्तु निर्यातकों में मजबुत गतिविधि और वस्तु आयातकों में निरंतर ठोस वृद्धि दर्शाता है.

2. घरेलू आर्थिक विकास

भारतीय अर्थव्यवस्था ने पूरे विश्व में अपनी उपस्थिति को सफलतापूर्वक दर्ज की है. मुद्रा विनिमय पहल और वस्तु एवं सेवा कर का कार्यान्वयन जैसी विभिन्न चुनौतियों के बावजूद, भारतीय अर्थव्यवस्था के रुपांतरण ने अपनी सफलता प्राप्त की है.

भारतीय रिजर्व बैंक ने अपनी हाल ही में प्रदर्शित मौद्रिक नीति में वित्तीय वर्ष 2018-19 में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 7.4% दर्ज करने का अनुमान लगाया है, क्योंकि निवेश गतिविधियों में पुनरुद्धार हुआ है जो की पूंजीगत वस्तुओं के उत्पादन में निरंतर वृद्धि और आयात में जनवरी माह की अपेक्षा धीमी गति से प्रदर्शित हुई है. इसके अतिरिक्त, वैश्विक मांग में सुधार हुआ है, जो निर्यात को प्रोत्साहित और नए निवेश को बढ़ावा देता है.

फिर भी, कॉर्पोरेट ऋण अवरुद्ध होने और संबंधित बैंकिंग क्षेत्र की साख गुणवत्ता की चिंताओं ने भारत में निवेश को धीमी गति प्रदान की है. वर्ष 2017 में घोषित सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख बैंकों के लिए पुनर्पूंजीकरण योजना से पूंजी सुरक्षा को उभारने और बैंकिंग क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने की क्षमता में सुधार करना अपेक्षित है. यह पुनर्पूंजीकरण सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में अभिशासन को बेहतर बनाने और बैंकों के ऋण वसूली तंत्र को बढ़ाने के लिए वित्तीय सुधारों का एक व्यापक पैकेज होना अपेक्षित है.

भारत सरकार के विभिन्न संरचनात्मक और विनियामक सुधारों के प्रयासों से, देश में निवेश वातावरण में सुधार हुआ है क्योंकि अवरुद्ध परियोजनाओं में फंसे निवेश के शेयरों में कमी आना प्रारंभ हुआ है.

भारतीय रिजर्व बैंक और वैश्विक संगठन जैसे आई.एम.एफ. और विश्व बैंक ने विकास के मामले में आशा व्यक्त किया है, जिसमें समान रूप से जोखिम भी शामिल है. इसके अतिरिक्त, अनुकूल वैश्विक वित्त पोषण परिस्थितियां और कम मुद्रास्फीति के बीच समायोज्य नीतियों ने घरेलू मांग का समर्थन किया है, जिसके बदले में अर्थव्यवस्था के विकास का समर्थन अपेक्षित है.

3. बैंकिंग उद्योग की प्रवृत्तियां

बढ़ते एनपीए स्तर और अपेक्षित साख वृद्धि में कमी से बैंकिंग क्षेत्र में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है.

वर्ष के दौरान, मार्च 2018 को समाप्त राजकोषीय वर्ष में जमा वृद्धि पांच दशक के निम्न स्तर से कम रही क्योंकि विमुद्रीकरण के कारण और म्यूचुअल फंड तथा बीमा जैसे अन्य बचत लिखतों के आकर्षण ने बैंक जमाराशियों की प्रतिस्पर्धात्मकता को समाप्त कर दिया. नवंबर 2016 के विमुद्रीकरण से एकत्रित भारी मात्रा में जमाराशियों के आहरण होने के कारण वर्ष 2017-18 में बैंकिंग प्रणाली में कुल जमाराशियों में कुल 6.7% की वृद्धि हुई.

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों ने (एस.सी.बी.) के साख वृद्धि में वित्तीय वर्ष 17 के तदनुरूपी अवधि में 5.59% की वृद्धि की तुलना में 9.81% की वृद्धि दर्ज की है. मांग में आधारभूत परिणाम में वृद्धि और उत्पादन अंतराल में कमी के कारण कुल खरीद वृद्धि में और अधिक बढ़ोतरी की संभावना है. इसके अतिरिक्त, दिवाला और दिवालियापन कोड के साथ, बैंकिंग उद्योग में वसूली तंत्र के समयबद्ध समाधान को सुविधाजनक बनाने तथा उसे मजबूत करने की अपेक्षा है.

डिजिटल स्तर पर, नकदी रहित लेनदेन में बढ़ती प्रवृत्ति देखी जा रही है और यूपीआई, वॉलेट, क्यूआर और एईपीएस इत्यादि जैसे विभिन्न नए युग के डिजिटल उत्पादों को ग्राहकों को अपनाने में कई गुना सुधार हुआ है और बैंकों से नई उम्मीदें बढ़ रही हैं.

4. दृष्टिकोण

भारत ने हाल ही में संरचनात्मक सुधारों में प्रगति की है, जिसमें वस्तु और सेवा कर के कार्यान्वयन सहित, व्यापार से आंतरिक बाधाओं को कम करने, दक्षता में वृद्धि लाने, और समग्र कर अनुपालन में सुधार की अपेक्षा की जाती है.

मौद्रिक नीति समिति ने यह नोट किया है कि विकास उचित रुप से हो रहा है. जिससे हाल ही के महीनों में ऋण उठाव में वृद्धि दिखाई दी है. प्राथमिक पूंजी बाजार से संसाधनों के बड़े पैमाने पर संग्रहण से निवेश गतिविधियों में आगे समर्थन प्राप्त होने की अपेक्षा है. घरेलू चक्रीय वसूली प्रगति पर है, हाल ही के दिनों में प्रस्तुत की गई विभिन्न संरचनात्मक सुधारों से दीर्घावधि वृद्धि की संभावना को भी सुदृढ़ किया जाना अपेक्षित है.

नकारात्मक स्थिति से, सार्वजनिक वित्तपोषण में कमी निजी वित्तपोषण और निवेश के बहिर्गमन से जोखिमों में वृद्धि हुई है. इसके अतिरिक्त, वैश्विक विकास और व्यापार मजबूत होने के बावजूद, बढ़ते व्यापार संरक्षणवाद और वित्तीय बाजार में अस्थिरता से निरंतर वैश्विक विकास मे कमी की संभावना है. ऐसे अस्थिर वैश्विक वातावरण में, यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है कि घरेलू समष्टि आर्थिक मौलिक सिद्धांतों को मजबूत किया जाए, दबावग्रस्त कॉर्पो रेट को आगे न बढ़ाने और बैंक के तुलन पत्र का पुनर्निर्माण और जोखिम-भागीदारी में विस्तार किया जाए.

समग्र रुप से, भारत का दृष्टिकोण वृहद रुप से सकारात्मक बना हुआ है, जो मजबूत निजी खपत और सार्वजनिक निवेश के साथ-साथ चल रहे संरचनात्मक सुधारों के कारण बना हुआ है. व्यापार से आंतरिक बाधाओं को कम करने, दक्षता में वृद्धि लाने, और समग्र कर अनुपालन में सुधार की अपेक्षा की जाती है.

5. बैंक का कारोबारी निष्पादन

पिछले दो वर्षों में बैंक का कुल कारोबार संमिश्र निम्नलिखित है :

(रु. करोड़ में)

विवरण	31 मार्च 2017	31 मार्च 2018
कुल जमाराशियां	113942.77	106130.15
सकल अग्रिम	77537.84	74238.58
कुल कारोबार संमिश्र	191480.61	180368.73

6. जमा संग्रहण

जमा संग्रहण	रु करोड़ में
मानदंड	मार्च 2018
चालू जमाएं (ओ.डी.टी.डी. सहित)	6013.53
कुल जमा राशियों का प्रतिशत	5.88%
बचत जमाएं	36471.49
कुल जमा राशियों का प्रतिशत	35.67%
सावधि जमाएं	59762.34
कुल जमा राशियों का प्रतिशत	58.45%
कुल जमा राशियां	102247.36
अंतर बैंक जमा राशियां	3882.79
कुल जमा राशियां	106130.15
% कुल जमाओं में चा.खा / ब.खा.	40.03%

7. ऋण निगरानी एवं आस्ति गुणवत्ता

बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक के अनुरुप दबावग्रस्त आस्तियों के समाधान के लिए आरबीआई के परिपत्र सं डीबीआर सख्या बी.पी.बी.सी. 101/21.04.048 /2017-18 दिनांक 12.02.2018 द्वारा जारी संशोधित रुपरेखा के साथ अपनी निगरानी प्रणाली को व्यवस्थित किया है.

बैंक ने 25 लाख रुपये और उससे अधिक की स्वीकृत सीमा वाले 7 दिनों और उससे अधिक के अतिदेय खातों की सूची फिनाकल से दैनिक आधार पर निर्मित किए गए मासिक निगरानी रिपोर्ट (एमएमआर) के आधार पर अगली अनुवर्ती कार्रवाई / समाधान योजना के लिए साप्ताहिक आधार पर संबंधित अंचल कार्यालय / सीबीबी को भेजी जा रही है.

अंचल स्लीपेज निवारण समिति (जेड.एस.एस.पी.) की बैठकें रू 10 लाख रुपये और उससे अधिक के उधार खातों के लिए पाक्षिक आधार पर आयोजित की जाती हैं. प्रधान कार्यालय में स्थित साख निगरानी कक्ष (सी.एम.सी.) 1 करोड़ रुपये और उससे अधिक के उधार खातों में कार्यवृत्त और अद्यतन विकास पर दृष्टि रखता है. प्रधान कार्यालय स्तर पर, 1 करोड़ से अधिक के खातों की संबंधित अंचल / सीबीबी के साथ शीर्ष प्रबंधन द्वारा साप्ताहिक वीडियो कांफ्रेंस मीटिंग के माध्यम से विचार विमर्श भी किया जाता है.

शाखा मिरर पोर्टल के माध्यम से अतिदेय खातों की भी निगरानी की जा रही है जिसे जनवरी, 2018 में परिचालित किया गया है.

8. प्राथमिकता क्षेत्र को अग्रिम :

8.1 प्राथमिकता क्षेत्र को ऋण प्रदान करने के संबंध में बैंक अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों का निरंतर निर्वहन कर रहा है. बैंक ने प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिमों के विभिन्न क्षेत्रों को ऋण प्रभाव बढ़ाने के लिए वर्ष के दौरान बहु-उन्मुखी योजनाएं अपनायी हैं. बैंक की प्राथमिकता क्षेत्र की अग्रिम 31.03.2018 तक 35 9 4 9 करोड़ रुपये थी रु. मार्च, 2018 में समायोजित निवल बैंक साख में प्राथमिकता क्षेत्र के अग्रिमों का अनुपात नियामक दिशानिदेशों के 40% की तुलना में 42.27% रहा.

8.2 कृषि उधार :

सरकार के कृषि उधार पैकेज के अनुसार बैंक कृषि क्षेत्र को ऋण प्रवाह बढ़ाने के लिए लगातार आवश्यक उपाय कर रहा है. वर्ष के दौरान कृषि उधार मार्च, 2017 के रु. 16,375 करोड़ के स्तर से बढ़कर मार्च, 2018 को रु. 18,179 करोड़ हो गए, जो 11.02 % की वृद्धि दर्शाते हैं. बैंक के समायोजित निवल उधार में कृषि बकाया उधार का अनुपात 21.38% था जो कि 31 मार्च 2018 के बेंचमार्क 18% को पार कर गया.

बैंक द्वारा लघु/सीमांत कृषकों को अग्रिम 31 मार्च 2017 के रु 6252 करोड़ के स्तर से बढ़कर 31 मार्च 2018 को रु 8,268 करोड़ हो गया, जो 32.25% की वृद्धि दशाती हैं. 31 मार्च 2018 के समायोजित निवल बैंक उधार में लघु/सीमांत कृषकों का अनुपात भा.रि.बैं. के बेंचमार्क 8% की तुलना में 9.72% रहा.

8.3 विशेष कृषि साख योजना के अंतर्गत प्रगति

बैंक ने वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान रु. 6,971 करोड़ के लक्ष्य की तुलना में विशेष ऋण योजना के अंतर्गत रु. 6,825 करोड़ वितरित किए, जो कि बैंक के लिए निर्धारित लक्ष्य का 102% प्राप्ति दर्शाता है.

8.4 देना किसान क्रेडिट कार्ड

भारत सरकार के विद्यमान दिशानिदेशों के अनुसार बैंक ने संशोधित किसान क्रेडिट कार्ड योजना का कार्यान्वयन किया है. बैंक ने मार्च, 2018 तक रु. 7,510 करोड़ बकाया साख के कुल 3,76,607 किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए हैं, जबकि मार्च, 2017 तक रु. 6,974 करोड़ की बकाया साख के 3,70,435 कार्ड जारी किये गए थे, इस प्रकार रकम में रु 536 करोड़ (7.69%) की वृद्धि हुई और के.सी.सी. खातों की संख्या में 6,172 कार्ड (1.67%) की वृद्धि हुई.

इसके अतिरिक्त, बैंक ने पात्र किसानों को ए.टी.एम. समर्थित रुपे डेबिट कार्ड भी जारी किए हैं, जो किसानों को ए.टी.एम. तथा बिक्री स्थल (पी.ओ.एस.) पर लेन-देन करने में सहायक होगा.

8.5 कमजोर वर्गों को अग्रिम

कमजोर वर्गों को दिये गए अग्रिम मार्च, 2018 में रु 10,019 करोड़ से कम से कम स्तर के रूप से घटकर मार्च 2018 तक 9,931 करोड़ रुपये हो गए जो कि, 88 करोड़ रु (-0.88% वृद्धि) की नकारात्मक वृद्धि दर्शाती है. कमजोर वर्गों को बैंक का अग्रिम समायोजित निवल बैंक साख का 11.68% रहा.

8.6 अल्प संख्यकों के कल्याण के लिए प्रधान मंत्री का 15 सूत्रीय कार्यक्रमः

मार्च 2018 को अल्पसंख्यक समुदायों को साख प्रवाह रु 4,070 के स्तर पर रहा जो कि प्राथमिकता क्षेत्र के अग्रिमों का 11.32 % है.

8.7 सी.जी.टी.एम.एस.ई योजना के अंतर्गत गारंटी सुरक्षा :

लघु एवं सूक्ष्म उद्यमियों को संपार्श्विक मुक्त ऋण प्रदान करने के लिए बैंक लघु एवं सूक्ष्म उद्यमों के लिए साख गारंटी निधि न्यास (सी.जी.टी.एम.एस.ई.) की

गारंटी योजना के अंतर्गत सहभागिता कर रहा है. वित्तीय वर्ष 2017-18 के अंत तक योजना के अंतर्गत गारंटी सुरक्षा के मामलों की संख्या 13,625 हो गई जिनमें रु 763.29 करोड़ की गारंटी सुरक्षा प्रदान की गई.

8.8 एन.सी.जी.टी.सी. योजना के अंतर्गत गारंटी सुरक्षा :

लघु एवं सूक्ष्म उद्यमियों को संपार्श्विक मुक्त ऋण प्रदान करने के लिए बैंक मुद्रा ऋण के लिए राष्ट्रीय ऋण गारंटी न्यास (एन.सी.जी.टी.सी.) की गारंटी योजना के अंतर्गत सहभागिता कर रहा है. वित्तीय वर्ष 2017-18 के अंत तक योजना के अंतर्गत गारंटी सुरक्षा के मामलों की संख्या 7,859 हो गई जिनमें रु 70.14 करोड़ की गारंटी सुरक्षा प्रदान की गई.

8.9 सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाएं

8.9.1 प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पी.एम.ई.जी.पी.)

बैंक, गरीबी उन्मूलन और स्वरोजगार सृजन करने के उद्देश्य से पी.एम.ई.जी.पी. को सक्रिय रुप से कार्यान्वित कर रहा है. बैंक ने 2017-18 के दौरान पी.एम.ई.जी.पी. के अंतर्गत 1,206 हितधारियों को रु 74.49 करोड़ स्वीकृत किए हैं.

8.9.2 दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डी.ए.वाई.-एन.आर.एल.एम.)

बैंक ने 2017-18 के दौरान डी.ए.वाई.-एन.आर.एल.एम. के अंतर्गत 6,507 हितधिकारियों को रु 50.63 करोड़ ऋण प्रदान किए. वर्ष 2017-18 के दौरान पहचाने गए 250 जिलों में रु 63.77 लाख हिताधिकारी ब्याज अनुदान द्वारा लाभान्वित हुए.

8.9.3 दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डी.ए.वाई. - एन.यू.एल.एम.)

बैंक ने 2017-18 के दौरान डी.ए.वाई. - एन.यू.एल.एम. के अंतर्गत 491 हिताधिकारियों को रु 3.67 करोड़ ऋण प्रदान किए.

8.10 देना सामान्य क्रेडिट कार्ड (डी.जी.सी.सी.) योजना :

बैंक ग्रामीण तथा उपनगरीय क्षेत्रों में अल्प साधनों वाले उधारकर्ताओं को इस योजना के अंतर्गत रु. 25,000/- तक की ओवरड्राफ्ट सुविधा प्रदान कर रहा है. मार्च 2018 तक बैंक ने 13,369 डी.जी.सी.सी. कार्ड जारी किये हैं.

8.11 साख परामर्श केंद्र / वित्तीय साक्षरता :

भारतीय रिजर्व बैंक ने 100% वित्तीय समावेशन को सुनिश्चित करने के प्रयोजन से बैंकों को संबंधित अग्रणी जिलों में साख परामर्श केद्र खोलने के निदेश दिए हैं. तद्नुसार साख परामर्श केंद्र स्थापित करने के बारे में भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिदेशों के अनुसरण में बैंक गुजरात राज्य में अहमदाबाद, बनासकांठा (पालनपुर), गांधीनगर, कच्छ, मेहसाणा, पाटण, अरावली, बालोद, देवभूमि द्वारका, हिम्मतनगर (साबरकांठा) तथा छत्तीसगढ़ राज्य में रायपुर और राजनांदगांव और दादरा नगर हवेली केंद्र शासित प्रदेश में सिलवासा में 18 साख परामर्श केंद्र खोले हैं.

8.12 कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी :

8.12.01 ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आर.एस.ई.टी.आई.) :

देना बैंक ने 50 लाख कि पूंजी के साथ एक सोसायटी देना ग्रामीण विकास प्रतिष्ठान (डी.आर.डी.एफ.) की स्थापना की है इसके पश्चात देना बैंक ने रु. 9.20 करोड़ की अतिरिक्त मुल निधि का अंशदान करते हुए रु 9.50 करोड़ की वृद्धि की है.

डी.आर.डी.एफ. ने बैंक के अग्रणी जिलों में 12 ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र (आर.एस.ई.टी.आई.) स्थापित किए हैं इनमें शामिल हैं गुजरात राज्य में (i) अहमदाबाद, (ii) कच्छ, (iii) मेहसाणा, (iv) बनासकांठा, (v) साबरकांठा, (vi) पाटण तथा छत्तीसगढ़ राज्य में (vii) दुर्ग, (viii) धमतरी, (ix) महासमुंद, (x) रायपुर, (xi) राजनांदगांव तथा दादरा और नगर हवेली केद्र शासित प्रदेश में (ii) सिलवासा में, जहां बैंक अग्रणी बैंक का उत्तरदायित्व निभा रहा है.

बैंक ने अब तक आरसेटी भवनों के निर्माण के लिए रु 4.78 करोड़ राशि का योगदान दिया है.

डी.आर.डी.एफ. द्वारा प्रायोजित सभी आरसेटी को वित्त वर्ष 2017-18 के लिए आरसेटी भुज को छोडकर ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा एए श्रेणी प्रदान की गई है.

8.13 राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एस.एल.बी.सी.) उत्तरदायित्व

बैंक गुजरात राज्य में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के संयोजक के रुप में तथा दादरा एवं नगर हवेली, दमण एवं दीव केंद्र शासित प्रदेश में यू.टी.एल.बी.सी. के संयोजक संबंधी उत्तरदायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वाह कर रहा है. राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति ने गुजरात राज्य तथा दादरा एवं नगर हवेली, दमण व दीव केंद्र शासित प्रदेश में बैंकिंग के विकास के लिए विभिन्न प्राथमिकता क्षेत्र और विकासशील योजनाओं की निरंतर निगरानी के द्वारा महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है.

8.14 अग्रणी बैंक योजना

बैंक देश के 18 जिलों में अग्रणी बैंक की भूमिका सफलतापूर्वक निभा रहा है जिनमें से 10 जिले गुजरात में, 7 जिले छत्तीसगढ़ में तथा एक केंद्र शासित प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली में शामिल है.

8.15 देना बैंक द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक:

बैंक ने देना गुजरात ग्रामीण बैंक (डी.जी.जी.बी.) प्रायोजित किया है जिसकी 31.03.2018 को गुजरात की 8 जिलों में कुल 241 शाखाएं हैं. मार्च 2018 को देना गुजरात ग्रामीण बैंक का कुल कारोबार संमिश्र रु 6,715 करोड़ था. 31 मार्च 2018 को समाप्त वित्त वर्ष के लिए डी.जी.जी.बी. का निवल लाभ 18 करोड़ हैं. सभी 241 शाखाएं कोर बैंकिंग प्रणाली के अंतर्गत शामिल हैं.

9 वित्तीय समावेशन

9.1. ग्रामीण वित्तीय समावेशन

बैंक ने एक वित्तीय समावेशन योजना तैयार की है, जिसमें अग्रणी बैंक योजना के अंतर्गत विभिन्न राज्य स्तरीय बैंकर समितियों द्वारा बैंक को आबंटित गांवों में बैंकिंग केद्रों के माध्यम से बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने की रणनीति निर्धारित की गई है.

बैंक ने वित्तीय समावेशन के कार्यान्वयन के लिए अप्लिकेशन सेवा प्रदाता (ए.एस.पी.) के रुप में मै. टाटा कन्सलटेन्सी सर्विसेज (मै. टी.सी.एस.) की सेवाएं ली हैं. बैंक ने एफ. आई. गांवों में व्यक्तिगत कारोबारी प्रतिनिधि (बी.सी.) को नियुक्त किया है और उन्हे यू.आई.डी.ए.आई./आई.बी.आई. मानक 1.5.1 वर्ज़न माइक्रो ए.टी.एम./टैब उपलब्ध कराए हैं.

9.1.1 गांवों को शामिल करने में प्रगति :

बैंक को वित्तीय समावेशन योजना के अंतर्गत भौतिक शाखाओं तथा कारोबारी प्रतिनिधि (बी.सी.) मॉडेल के माध्यम से मार्च 2018 तक वित्तीय सेवाएं प्रदान करने के लिए कुल 2105 एसएसए (6485 गांव आबंटित) किये गये

हैं. इन सभी एसएसए को वित्तीय समावेशन में शामिल किया गया है, जिनमें से 681 गांवों को भौतिक शाखाओं के द्वारा तथा 1424 एसएसए और 1424 व्यवसायिक प्रतिनिधि (बी.सी.) के द्वारा शामिल किया गया है.

9.1.2. मूल बचत बैंक जमा खाते (बी.एस.बी.डी.ए.):

बैंक ने मार्च 2018 हेतु निर्धारित लक्ष्य 87.30 लाख खातों की तुलना में कुल 69.64 लाख बी.एस.बी.डी.ए. (मूल बचत बैंक जमा खाते) खोले है.

9.1.3. देना सामान्य क्रेडिट कार्ड:

मार्च 2017 तक बैंक ने रु. 21.09 करोड़ की साख सीमा के साथ 13500 लाख देना सामान्य क्रेडिट कार्ड (आर्टीशन क्रेडिट कार्ड सहित) जारी किये हैं.

9.1.4 शहरी वित्तीय समावेशन योजना:

शहरी क्षेत्रों में बैंक, शहरी क्षेत्रों के बैंक रहित इलाकों में उन लोगों, जिन्हे बैंकिंग सुविधा नहीं हैं, प्राप्त करने में कठिनाई है अर्थात प्रवासी आबादी और मज़दूर को शामिल करते हुए वित्तीय समावेशन कर रहा है. यह कार्य शाखा सेटअप के माध्यम से हो रहा है.

9.2 प्रधानमंत्री जन धन योजना (पी.एम.जे.डी.वाई.): –

बैंक ने 31.03.2018 तक, 28.08.2014 को आरंभ प्रधान मंत्री जन धन योजना के तहत, 44.06 लाख खाते खोले. उक्त तारीख तक 26.52 लाख खाताधारकों को रूपे कार्ड जारी किए गए. बैंक ने आवंटित 2105 उप सेवा क्षेत्र (एस.एस.ए.) और 776 शहरी वार्ड में के सभी घरों में कम से कम एक खाता खोला. रूपे डेबिट कार्ड बीमा योजना के तहत रु. 1 लाख का दुर्घटना सुरक्षा कवर और रु. 30 लाख का जीवन सुरक्षा कवर पी.एम.जे.डी. वाई. योजना के तहत बैंक के ग्राहक पात्र हैं जो पी.एम.जे.डी.वाई. अभियान अवधि 28-08-2014 से 26-01-2015 के दौरान खोले गए खातों के लिए उपलब्ध है।

9.3 प्रत्यक्ष लाभ अतंरण एवं एल.पी.जी. हेतु प्रत्यक्ष लाभ अतंरण

भारत सरकार के दिशानिदेशों के अनुसार आधार भुगतान प्रणाली (ए.पी.बी.एस.) और आधार सक्षम भुगतान प्रणाली (ए.ई.पी.एस.) के माध्यम से प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना (पी.ए.एच.ए.एल.)को बैंक ने सफलतापूर्वक आरंभ और लागू किया. एल.पी.जी. के लिए प्रत्यक्ष लाभ अंतरण 54 जिलों में 15 नवंबर 2014 को पुनः आरंभ किया गया और शेष संपूर्ण भारत के जिलों में 1 जनवरी 2015 से लागू किया गया. साथ ही, आधार संख्या और बिना आधार संख्या वाले खातों में राशि को सीधे खातों में जमा कर सकते है.

9.4. यू.आई.डी.ए.आई. के अंतर्गत आधार नामांकनः

यूआईडीएआई निर्देश के अनुसार सभी अनुसूची वाणिज्यिक बैंक को आधार नामांकन और अद्यतन केंद्र को अपने शाखा परिसर के अंदर उनके सभी 10 शाखाओं में से कम से कम 1 में स्थापित करना है. बैंक ने 31.03.2018 की निर्धारित समयसीमा के भीतर 191 आधार केंद्र स्थापित किए हैं।

9.5 माइक्रो ए.टी.एम. के माध्यम से रुपे कार्ड लेन-देन

बैंक ने कारोबार प्रतिनिधि को प्रदान किए गए माइक्रो ए.टी.एम./टैब के माध्यम से रुपे कार्ड लेन-देन और आधार आधारित भुगतान प्रणाली (ए.ई.पी.एस.) मॉड्यूल कार्यान्वित किया है. बैंक के बी.सी. को प्रदान किए गए सभी माइक्रो ए.टी.एम./टैब ए.ई.पी.एस. ऑन-अस (अंतबैंक) और ऑफ-अस (अंतर बैंक) का कार्यान्वयन किया जाता है. हमारे व अन्य बैंकों के रुपे कार्ड धारक तथा आधार संख्या धारक, हमारे बैंक मित्र को प्रदान किए गए माइक्रो ए.टी.एम./टैब के माध्यम से नकद आहरण, नकद जमा, शेष पूछताछ, लघु विवरण आदि लेन-देन अब कर सकते हैं. इससे दूरस्थ क्षेत्र में स्थित हमारे और अन्य बैंक के ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग सेवाएं प्राप्त होंगी.

9.6 पी.एम.जे.डी.वाई. खातों में ओवरड्राफ्ट सुविधा :

भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार, बैंक ने पी.एम.जे.डी.वाई. ग्राहकों, को रु 5000/- ओवरड्रफ्ट प्रदान करने की योजना अनुमोदित की है. बशर्ते 6 माह तक खाते का परिचालन संतोषजनक रुप से हुआ हो,. बैंक ने 31 मार्च 2018 तक 36,968 ग्राहकों को रु 38.89 लाख का ओवरड्राफ्ट स्वीकृत किया है. पी.एम.जे.डी.वाई. के अंतर्गत ओवरड्राफ्ट प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम के रुप में वर्गीकृत किया जाता है और प्रगति मुद्रा के अंतर्गत भी रिपोर्ट की जाती है.

9.7 पी.एम.जे.डी.वाई. और अन्य बचत खातों में आधार कार्ड सिडिंग :

साप्ताहिक आधार पर शाखा और बीसी स्थानों पर आधार सीडिंग शिविर आयोजित करने के कारण, बैंक के कुल परिचालित बचत बैंक खातों में आधार सीडिंग में 31.03.2018 को 88.09% 31.03.2017 को 61.36% से और पी.एम.जेडी.वाई. खातों के परिचालन में 31.03.2018 को 80.81% की वृद्धि 31.03.2017 को 61.8 9% हो गया।

10. एम.एस.एम.ई. सेक्टर को अग्रिम

बैंक अग्रिम संविभाग को बढ़ाने के लिए एम.एस.एम.ई. सेक्टर की एक संवृद्धि मंत्र के रुप में पहचान की गई है. एम.एस.एम.ई. सेक्टर के अंतर्गत ब्याज की दरें एम.सी.एल.आर. + 0.25% के श्रेणियों से लेकर एम.सी.एल.आर. + 4.75% के बीच में हैं उधारकर्ताओं की आंतरिक क्रेडिट रेटिंग के अनुसार और तदनुसार एम.एस.एम.ई. के लिए ब्याज की वर्तमान दर 8.60% से 13.10% तक है. ऋण प्रस्तावों पर कार्रवाई हेतु क्षमता में सुधार के लिए अधिकारियों के लिए नियमित अंतराल में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये गये.

बैंक ने रु. 5 करोड़ और उससे अधिक की ऋण सीमाओं वाले एम.एस.एम.ई. उधारकर्ताओं की उचित जांच पड़ताल करने के लिए क्रिसिल, डून एण्ड ब्रेडस्ट्रीट, मीरा इनफॉर्म प्रा. लि., को फेस क्रेडिट मैनेजमेंट प्रा.लि. तथा एक्सपेरियन सर्विसेज प्रा. लि. के साथ गठजोड़ व्यवस्था किया है.

बैंक ने एम.एस.ई. वित्तीयन में वृद्धि के लिए विभिन्न तिपहिया वाहन और कमर्शियल वाहन निर्माता कंपनियों जैसे कि टाटा मोटर्स लि., जे.सी.बी. इंडिया लि., ए.एम.डब्ल्यू. मोटर्स लि. और अशोक लिलैंड लि. के साथ गठबंधन किया है.

एम.एस.एम.ई. लीड के सोर्सिंग के लिए बैंक ने स्मेरा रेटिंग्स लिमिटेड (एस.एम.ई.आर.ए.) के साथ गठजोड़ व्यवस्था में प्रवेश किया है।

बैंक ने रिसीवबल एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (आर.एक्स.आई.एल.) के साथ ट्रेड रिसीवबल डिस्काउंटिंग सिस्टम (टी.आर.ई.डी.एस.) कारोबार के लिए उनके ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण किया है।

11. रिटेल साख :

11.1 बैंक के साख संविभाग में वृद्धि के लिए रिटेल ऋणों के एक महत्वपूर्ण भाग के रुप में पहचान की गई है. बैंक की 12 रिटेल बैंकिंग योजनाएं है जो कि ग्राहकों की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरी कर रही हैं. योजनाओं में बाजार परिदृश्य, ग्राहकों की आवश्यकताओं तथा शाखा स्तर पर कार्य करने वाले अधिकारियों से प्राप्त सूचनाओं के अनुसार समय-समय पर संशोधन किया जाता है. रिटेल बैंकिंग योजनाओं का प्रचार करने के लिए गहन प्रयास किए गए.

31 मार्च 2018 तक, प्रत्यक्ष रिटेल ऋण रु. 10748 करोड़ रहा जिससे रु

712 करोड़ अर्थात 31.03.2017 में 6.22% की वृद्धि दर्ज की गई. कुल रिटेल ऋण में रु. 60.97 करोड़ की कमी हुई, इस प्रकार वर्ष-दर-वर्ष आधार पर -0.46% की वृद्धि दर्ज की गई. हालांकि अप्रत्यक्ष आवास ऋण वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 35.39% की वृद्धि दर्ज करते हुए 651 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई

(रु. करोड़ में)

	31 मार्च 2017	31 मार्च 2018	वृद्धि रकम	% वृद्धि
प्रत्यक्ष रिटेल	11,460	10,748	(712)	(6.22%)
अप्रत्यक्ष आवास	1,841	2,492	651	35.39%
कुल रिटेल	**13,301**	**13,240**	**(61)**	**(0.46%)**

11.2 रिटेल आस्ति प्रसंस्करण केंद्र :

बैंक के रिटेल ऋण संविभाग को बढ़ाने के लिए उपलब्ध संभावनाओं का लाभ उठाने तथा बेहतर गुणवत्ता, समानता एवं मूल्यांकन और स्वीकृति की गति सुनिश्चित करने के लिए, बैंक ने 14 रिटेल आस्ति प्रसंस्करण केन्दों को परिचालित किया है जैसे अहमदाबाद, हैदराबाद, बंगलुरू, चेन्नई, लखनऊ, पुणे, सूरत, राजकोट, भोपाल, भांडुप (मुंबई), जुहू विले पार्ले (मुंबई), कोलकाता, नई दिल्ली और दुर्ग में 14 रिटेल आस्ति शाखाएं कार्यरत हैं.

1 सितंबर 2017 से, बैंक ने आरएपीसी की मौजूदा संरचना में सुधार किया है और नए आरएपीसी मॉडल को स्थापित किया है जिसमें नए आरएपीसी का दायरा केवल चार खुदरा योजनाओं तक ही सीमित था केंद्रित दृष्टिकोण रखने के लिए नई आरएपीसी संरचना में, विशिष्ट और विशिष्ट केआरए सभी आरएपीसी कर्मचारियों (बिक्री क्रेडिट और संचालन) और एलएमएस को सौंपा गया था - आवेदनों के स्रोत के लिए एक नई लीड प्रबंधन प्रणाली शुरू की गई थी।

11.3 आवास वित्त :

प्रत्यक्ष आवास वित्त योजना के अंतर्गत बकाया राशि 31.03.2017 तक रु. 6,280 करोड़ से बढ़कर 31.03.2018 को रु. 6,849 करोड़ हो गयी अर्थात उसमें रु. 569 करोड (9.06%) की वृद्धि हुई.

11.4 शैक्षणिक ऋण :

देना विद्या लक्ष्मी योजना के अंतर्गत बकाया राशि 31.03.2017 तक रु. 510 करोड़ से बढ़कर 31.03.2018 को रु. 524 करोड़ हो गयी अर्थात उसमें रु. 14 करोड़ (2.74 %) की वृद्धि हुई. 30.03.2017 को, 1000.00 करोड़ रुपये के आई.बी.पी.सी., शिक्षा ऋण का प्रतिनिधित्व किया गया और सितंबर 2017 में चुकाया गया.

11.5 वाहन ऋण योजना :

देना वेहिकल ऋण योजना के अंतर्गत बकाया राशि में रु 896 करोड़ से वर्ष के अंत तक रु 976 करोड़ तक पहुंच गई जो कि रु 80 करोड़ (8.97%) की वृद्धि दर्शाती है.

12. निवेश

बैंक का राजकोष विभिन्न बाजारों अर्थात विदेशी विनिमय, निर्धारित आय, ईक्विटी और मुद्रा बाजार में होने वाले क्रियाकलापों को शामिल करते हुए परिचालन करता है. हमारा डीलिंग रुम आई.टी. की उत्तम मूलभूत सुविधाओं से सज्जित है जिसमें बाजार सूचना टर्मिनलों द्वारा समर्थित डीलिंग प्लेटफार्म उपलब्ध हैं. जोखिम संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए निवेश विभिन्न परिपक्वता अवधियों में रखे गये हैं. बैंक का सकल घरेलू निवेश 31.03.2017 को रु. 38039.56 करोड़ (सिड़बी, नाबार्ड, एन.एच.बी. सहित) की तुलना में 31.03.2018 को रु. 40,189.77 करोड़ रहा. विदेशी मुद्रा लेन-देन निवेशों की बिक्री से वर्ष 2017-18 के दौरान राजकोष का कुल लाभ रु. 471.63 करोड़ था जिसमें से वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान निवेश की बिक्री से लाभ रु. 422.36 करोड़ था. इसके अतिरिक्त, राजकोष द्वारा अर्जित लाभांश आय रु 1.92 करोड़ था तथा अन्य विविध आय रु 0.24 करोड़ थी. बैंक के निवेश निर्णय जोखिम-लाभ-व्यापार पर आधारित हैं और बैंक सभी अनिवार्य विनियामक और आंतरिक दिशानिदेशों का कर्तव्यनिष्ठा से पालन कर रहा है. राजकोष द्वारा किये गये सभी नये निवेश बैंक की राजकोष नीति के अनुसार ही किये गये हैं.

31.03.2018 के अनुसार एस.एल.आर. प्रतिभूतियां रु. 29717.82 करोड़ (31 मार्च 2017 के अनुसार रु. 34,753.46 करोड़), गैर एस.एल. आर. प्रतिभूतियां 31.02.2018 के अनुसार रु. 8321.74 करोड़ थी (31.03.2017 के अनुसार रु. 5,436.30 करोड़)

निवेश से ब्याज आय 31 मार्च 2016 को रु. 2,906.09 करोड़ के स्तर से गिरकर 31 मार्च, 2017 को रु. 2680.35 करोड़ हो गई, जो कि वर्ष दर वर्ष के आधार पर 7.78% की कमी दर्शाती है. निवेश पर औसत आय 31.03.2017 को समाप्त वर्ष के लिए 7.57% से घटकर 31.03.2018 को समाप्त वर्ष के लिए 7.26% हो गई. संविभाग की संशोधित अवधि 4.98 रखी गई है.

13. अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग कारोबार

बैंक ने विदेशी एक्सचेंज से जुड़े ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विभिन्न प्रकार की सेवाएं प्रदान करता रहा है. ग्राहकों को अत्यधिक प्रतिस्पर्धी विनिमय दर उद्धृत करने के लिए मुंबई में बैंक का पूरा डीलिंग रूम है. निर्यातकों को भारतीय रुपये के साथ-साथ विदेशी मुद्रा में वित्त पोषित किया जाता है।

बैंक में अखिल भारतीय स्तर पर विदेशी मुद्रा कारोबार के साथ व्यापार. सभी शाखाएं एनआरआई खातों के साथ व्यापार करने के लिए अधिकृत हैं सी श्रेणी शाखा. इसके अलावा 44 शाखाएं बी के रूप में वर्गीकृत हैं और सभी विदेशी मुद्रा से संबंधित व्यवसाय करने के लिए अधिकृत हैं. बैंक निर्यात, आयात, प्रेषण इत्यादि से संबंधित ग्राहकों के विदेशी आवश्यकता को पूरा करने के लिए दुनिया भर में संपर्ककर्ता बैंक संबंधों को भी बनाए रखता है।

14. आस्ति गुणवत्ता और वसूली प्रबंधन

बैंकिंग उद्योग में बड़ी मात्रा में स्लिपेज होने के बावजूद, वर्ष 2017-18 के दौरान बैंक ने आस्ति गुणवत्ता बनाये रखने और प्रभावी एन.पी.ए. प्रबंधन के लिए सम्मिलित प्रयास किए. हाल ही में एन.पी.ए. में गए खातों के उन्नयन के लिए किये गये सम्मिलित प्रयासों और नकद वसूली के फलस्वरुप एन.पी.ए. प्रबंधन में बैंक अच्छा निष्पादन दर्शा सका. सरफेसी अधिनियम के तहत, समझौता निपटान और परिसंपत्तियों की बिक्री के माध्यम से वसूली के परिणामस्वरूप नकदी वसूली और काफी हद तक उन्नयन हुआ. बैंक द्वारा एन.पी.ए. घटाने के लिए किये गये सक्रिय उपायों के फलस्वरुप एन.पी.ए. का स्तर न्यूनतम बनाए रखा जा सका. सकल एन.पी.ए. मार्च, 2018 को 22.04% रहा जबकि मार्च, 2017 को वह 16.27% था.

समग्र रुप में मार्च, 2018 को सकल एन.पी.ए. रु.16361.44 करोड़ रहा, जबकि मार्च, 2017 को रु.12,618.73 करोड़ था.

बैंक का निवल एन.पी.ए. मार्च, 2018 को 11.95% रहा, जबकि मार्च, 2017 को 10.66% था. मार्च, 2016 के रु.7735.12 करोड़ की तुलना में समग्र रुप में मार्च, 2017 को निवल एन.पी.ए. रु.7,838.78 करोड़ रहा.

(रु. करोड़ में)

	31 मार्च 2017	31 मार्च 2018
सकल अग्रिम	77,537.84	74238.58
सकल एन.पी.ए.	12,618.73	16,361.44
सकल अग्रिमों में सकल एन.पी.ए.	16.27%	22.04%
निवल अग्रिम	72,574.61	65,581.51
निवल एन.पी.ए.	7,735.12	7,838.78
निवल अग्रिमों में निवल एन.पी.ए.	10.66%	11.95%
प्रावधान कवरेज अनुपात (विवेकपूर्ण बट्टे खाते सहित)	50.56%	60.20%

विविध कार्रवाइयों द्वारा एन.पी.ए. की वसूली पर विशेष ध्यान दिया गया जिनमें समझौता निपटान तथा एस.सी./आर.सी. को एन.पी.ए. की बिक्री भी शामिल है. प्रत्येक माह वसूली कैंप आयोजित किया गया था और प्रमुख केन्द्रों पर नियमित अंतराल पर लोक अदालतें आयोजित की गयीं. नई एकमुस्त निपटान योजना- रु. 5 करोड़ तक के एनपीए के निपटान के लिए डी.आर.एम.वाई योजना प्रारंभ की गई. लंबित मामलों पर कार्यवाही के लिए और त्वरित वसूली के लिए अधिवक्ता के साथ समन्वयन के लिए प्रत्येक डी. आर.टी. में नोडल अधिकारी को नियुक्त किया गया है.

बैंक ने रु.931.24 करोड़ (रु. 1119.87 करोड़ 2016-17) की नकद वसूली, रु.673.40 (रु. 755.87 करोड़ 2016-17) का उन्नयन किया. बट्टे खाते डाले गए खातों में वसूली में रु.146.60 करोड़ (रु.114.70 करोड़ 2016-17) तक वृद्धि हुई है.

बैंक ने 1766 केंद्रों में 5 लोक अदालतों का आयोजन किया था, जहां 21803 पर विचार किया गया था और रु.30.54 करोड़ के 3012 खातों का निपटान किया गया.

प्रत्येक माह में वसूली कैंपों का आयोजन किया गया. जून 2017 से विभिन्न तिथियों 10 बड़े वसूली कैंपों का आयोजन किया गया. वर्तमान वर्ष के दौरान अंतिम वसूली कैंप (वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए) दिनांक 20.03.2018 को अंचलों की सभी शाखाओं में आयोजित किया गया था, जिसमें पूरे बेंक के लिए रु.607.93 करोड़ की वसूली और उन्नयन हुआ था. वसूली कैंपों में 64873 उधारकर्ताओं ने हिस्सा लिया जिसमें रु.197.26 करोड़ के 4741 खातों का निपटान किया गया था और रु.324.15 करोड़ के 8343 खातों का उन्नयन हुआ था. ऐसे वसूली कैंपों से रु.278.53 करोड़ (बट्टे खाते डाले गए खातों में वसूली सहित) की तत्काल वसूली हुई.

रु.263.54 करोड़ (एस.ओ.टी.एस. और डी.आर.एम.वाई. सहित) की समझौता राशि के कुल 7100 खातों में निपटान पर विचार किया गया जिसमें रु.143.47 करोड़ की वसूली हुई.

दिनांक 15.02.2018 से प्रभावी डी.आर.एम.वाई. योजना के अंतर्गत दिनांक 31 मार्च 2018 तक रु.44.43 करोड़ समझौता राशि के 4249 खाते अनुमोदित थे और कुल रु.32.51 करोड़ की नकद वसूली हुई .

15. विधिक सेवाएं / आर. टी. आई. अधिनियम:

15.1 सरफेसी अधिनियम, 2002 के अंतर्गत वसूली:

वर्ष 2017-18 के दौरान सरफेसी अधिनियम के अंतर्गत बैंक ने पात्र खातों में 1591 नोटिस जारी किए, जिसमें रु.1625.86 करोड़ की राशि के शामिल थी. इस वर्ष के दौरान सरफेसी अधिनियम के अंतर्गत रु.394.52 करोड़ की वसूली हुई.

15.2 लोक अदालत के माध्यम से वसूली:

विधिक सेवाएं प्राधिकारी अधिनियम के अंतर्गत गठित लोक अदालत के माध्यम से विवादों के शीघ्र समाधान और अपने चूककर्ताओं से वसूली करने के लिए बैंक अधिकतम लोक अदालतों की व्यवस्था करने के लिए प्रयास करता है. वर्ष के दौरान बैंक अधिकतम लोक अदालतों की व्यवस्था करने और उसमें भाग लेने का प्रयास करता है. 21803 खातों पर विचार किया गया और रु.30.54 करोड़ के 3012 खातों का निपटान किया गया.

15.3 ऋण वसूली प्राधिकरण / सिविल न्यायालय में वाद दायर करके वसूली:

31.3.2018 को विभिन्न डी.आर.टी./ सिविल न्यायालयों में बैंक के 2520 वाद दायर खाते थे जिनमें रु.7753.62 करोड़ की रकम शामिल थी और विभिन्न डी.आर.टी./सिविल न्यायालयों में 1166 डिक्रीकृत खाते थे जिनमें रु.1548.58 करोड़ की रकम शामिल थी. दिनांक 31 मार्च 2018 को समाप्त वर्ष के दौरान बैंक ने डी.आर.टी. के माध्यम से ओ.ए. / आर.सी. में रु.63.15 करोड़ की वसूली की.

15.4 एन.सी.एल.टी. मामले:

आई.बी.सी. 2016 के अंतर्गत 12 खातों में कार्रवाई के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के निदेशों के अनुसार बैंक के पास 9 खातों, अलोक इंडस्ट्रीज (रु.615.26 करोड़), भूषण स्टील लिमिटेड (रु.486.50 करोड़), भूषण पॉवर और स्टील लिमिटेड (रु.402.56 करोड़), लैंको इन्फ्राटेक लिमिटेड (रु.282.84 करोड़), मोन्नेट ईस्पात और एनर्जी लिमिटेड (रु.310.87 करोड़), एबीजी शीपयार्ड लिमिटेड (रु.261.11करोड़), ज्योति स्ट्रक्चर लिमिटेड (रु.200.00 करोड़), इलेक्ट्रोस्टील इंटीग्रेटेड लिमिटेड (रु.116.45 करोड़) और एमटेक ऑटो लिमिटेड (रु.65.30 करोड़), में रु.2740.89 करोड़ का एक्सपोज़र है. बैंक ने दावा दायर किया है और सभी खातों में समाधन प्रक्रिया शुरू की गई है. 9 खातों में से, 6 खातों में अंतिम समाधन योजना (सहमति / असंतोष) को हमारे बैंक द्वारा अनुमोदित किया गया था.

आई.बी.सी. 2016 के अंतर्गत दूसरे लॉट में कार्रवाई के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के निदेशों के अनुसार, बैंक के पास रु.1895.45 करोड़ के 12 खातों में एक्सपोजर है. एशियन कलर कोटेड इस्पात लिमिटेड, (रु.190.51 करोड़), एस्सार प्रोजेक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड (रु.230.59 करोड़), मोनेट पावर कंपनी लिमिटेड (रु.8.67 करोड़), रुची सोया इंडस्ट्रीज लिमिटेड (रु.188.91 करोड़), एसईएल मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड (रु.113.37 करोड़), ट्रांसस्ट्राय (इंडिया) लिमिटेड (रु.199.30 करोड़), यूनिटी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (रु.55.53 करोड़), उशदेव इंटरनेशनल लिमिटेड (रु.181.23 करोड़), उत्तम गलवा मेटलिक्स लिमिटेड (रु.92.06 करोड़), वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज लिमिटेड (रु.514.40 करोड़) , वीडियोकॉन दूरसंचार लिमिटेड (रु.37.98 करोड़), वीजा स्टील लिमिटेड (रु.82.90 करोड़). अग्रणी बैंक ने एन.सी.एल.टी. में सभी खातों में आवेदन दिया है.

12 मामलों में से, दो मामले अर्थात रुची सोया इंडस्ट्रीज लिमिटेड और मोनेट पावर कं. लि. को एन.सी.एल.टी. द्वारा स्वीकृत कर लिया गया था, यूनिटी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स लि. के खाते में दिवालियापन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और सि.ओ.सी. ने परिसमापन आवेदन दायर करने का फैसला किया था और 20.03.2018 को दायर किया गया था।

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा आई.बी.सी. के अंतर्गत कार्रवाई के लिए चिह्नित पहले और दूसरे लॉट के खातों के अतिरिक्त परिचालन लेनदारों / वित्तीय लेनदारों और कॉर्पोरेट देनदार / अग्रणी बैंक ने 24 मामलों में एन.सी.एल.टी. में आवेदन दिया है जहां अपने बैंक का देय रु.1524.10 करोड़ है और बैंक ने आईआरपी में अपना दावा दायर किया है.

15.5 सूचना का अधिकार अधिनियम

अंचलों में उप महाप्रबंधक के अंचल प्रबंधक होने पर, उप अंचल प्रबंधक केन्द्रीय लोक सूचना अधिकारी (सी.पी.आई.ओ.) और अंचल प्रबंधक प्रथम अपीलीय प्राधिकारी है.

अंचलों में सहायक महाप्रबंधक के अंचल प्रबंधक होने पर, अंचल प्रबंधक सी.पी.आई.ओ. हैं तथा क्षेत्र महाप्रबंधक प्रथम अपीलीय प्राधिकारी हैं.

उप महाप्रबंधक (आर.एम.एल.), प्रधान कार्यालय, प्रधान कार्यालयों के विभागों और प्रधान कार्यालय को रिपोर्ट करने वाली शाखाओं/कार्यालयों के लिए सी.पी.आई.ओ. हैं. ऐसे मामलों में महाप्रबंधक (आर.एम.एल.) प्रथम अपीलीय अधिकारी हैं.

सी.पी.आई.ओ. और बैंक के अंचल कार्यालयों तथा प्रधान कार्यालय के प्रथम अपीलीय अधिकारियों से संबंधित जानकारी बैंक की वेबसाइट पर विधिवत अपलोड की गई है.

वित्तीय वर्ष 2017-18 में, बैंक ने कुल 1378 आवेदनों में से 1356 आवेदनों का निपटान (पिछले वर्ष से आगे लाए गए आवेदन सहित) आर.टी.आई. अधिनियम के अनुसार कर दिया है. प्रथम अपील अधिकारी ने कुल 234 अपीलों में से 233 अपीलों का निपटान (पिछले वर्ष से आगे लाए गए अपील सहित) आर.टी.आई. अधिनियम के अनुसार कर दिया है.

16 सरकारी कारोबार

16.1 प्रत्यक्ष कर संग्रहण

बैंक को अखिल भारतीय स्तर पर 219 शाखाओं में भौतिक रुप में आयकर, कार्पोरेशन कर, सम्पति कर, उपहार कर, होटल प्राप्तियों का कर, संपदा शुल्क, आदि संग्रहीत करने के लिए प्राधिकृत किया गया है.

बैंक ई-भुगतान के माध्यम से भी प्रत्यक्ष कर के संग्रहण के लिए प्राधिकृत है जिसके लिए मुंबई मुख्य कार्यालय शाखा, मुंबई ई-फोकल पॉईन्ट शाखा है. ऑनलाईन ई-भुगतान के माध्यम से प्रत्यक्ष कर संग्रहित करने के लिए सभी शाखाएं प्राधिकृत है.

16.2 अप्रत्यक्ष कर संग्रहण

भारत सरकार ने दिनांक 01.07.2017 से उत्पाद शुल्क और सेवा करों की जगह जीएसटी लागू किया. हमारा बैंक जीएसटी के संग्रह के लिए प्राधिकृत है. सभी शाखाएं काउंटर पर और ऑनलाइन ई-भुगतान के माध्यम से जीएसटी के संग्रह के लिए प्राधिकृत हैं. शेयर बाजार शाखा, मुंबई जीएसटी के लिए केंद्रबिन्दु शाखा है.

बैंक को भौतिक और ई-मोड दोनों के माध्यम से सीमाशुल्क के संग्रह के लिए भी प्राधिकृत किया गया है. राजेंद्र प्लेस, नई दिल्ली सीमाशुल्क संग्रहण के लिए केंद्रबिन्दु शाखा है.

16.3 राज्य सरकार के राजस्व का संग्रहण

1. बैंक 10 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में विभिन्न राज्य सरकार करों के ई-भुगतान की सुविधा भी प्रदान करता है.

2. बैंक महाराष्ट्र राज्य में वर्च्युअल ट्रेजरी परियोजना (सरकारी प्राप्तियाँ और लेखा प्रणाली- जी.आर.ए.एस.) का सदस्य है. बैंक राज्य सरकार के राजस्व के सभी प्रकार के संग्रहण जैसे कि मोटर वाहन कर, सड़क कर, स्टांप शुल्क आदि के लिए प्राधिकृत है.

3. बैंक राज्य सरकार की 26 प्रकार की राजस्व मदों के संग्रहण के लिए गुजरात राज्य में साइबर ट्रेजरी प्रणाली परियोजना का सदस्य है. देना बैंक गुजरात राज्य में भूगर्भीय और खनन कर (जी.एम.टी.) के ई-भुगतान की सुविधा प्रदान करने वाला प्रथम बैंक है.

16.4 पेंशन का भुगतान

बैंक ने मुंबई में केद्रीय पेंशन प्रोसेसिंग सेंटर (सी.पी.पी.सी.) स्थापित किया है, जिसके माध्यम से केंद्र सरकार तथा राज्य सरकारों के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन सीधे ही जमा की जा रही है. इस सुविधा से न केवल सेवानिवृत्त कर्मचारियों को ही निरंतर पेंशन का लाभ प्राप्त हुआ है, बल्कि इससे शाखा का कार्यभार भी काफी कम हो गया है. केंद्र सरकार के सेवानिवृत्त कर्मचारियों (सी.ए.पी.ओ., रेलवे और रक्षा विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारियों) के लिए ई-पी.पी.ओ. अपलोड करना कार्यान्वयन के अधीन है.

16.5 राष्ट्रीय पेंशन योजना (एन.पी.एस.):

बैंक, पेंशन फंड विनियामक तथा विकास प्राधिकरण (पी.एफ.आर.डी.ए.) के साथ राष्ट्रीय पेंशन योजना लागू करने के लिए एक उपस्थिति स्थान (पी.ओ.पी.) के रूप में है.

16.6 अटल पेंशन योजनाः

बैंक, पेंशन फंड विनियामक तथा विकास प्राधिकरण (पी.एफ.आर.डी.ए.) के साथ अटल पेंशन योजना लागू करने के लिए भी एक उपस्थिति स्थान (पी.ओ.पी.) के रूप में है. दिनांक 31.03.2018 तक बैंक ने 117000 ए.पी.वाई. ग्राहकों को ग्राहक बनाया है.

16.7 सॉवरेन गोल्ड बाण्ड

भारतीय रिजर्व बैंक ने भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार सॉवरेन गोल्ड बाण्ड (एस.जी.बी.) की खरीद के लिए विभिन्न श्रृंखलाओं को जारी किया है. ग्राहकों की सुविधा के लिए, बैंक ने इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से एस.जी.बी. के लिए ऑनलाईन निवेश सुविधा कार्यान्वित किया है

16.8 सरकारी जमा योजना

हमारे बैंक की सभी शाखाएं अब भारत सरकार के बॉन्ड योजनाओं के बॉन्ड, पी.पी.एफ, एस.सी.एस.एस और एस.एस.ए योजनाओं के अंतर्गत जमा स्वीकार करने के लिए प्राधिकृत हैं. ग्राहक खाता खोल सकते हैं और बैंक की सभी शाखाओं में जमा कर सकते हैं. ऑनलाइन जमा सुविधा भी विकास के अधीन है.

16.9 सरकारी कारोबार के लिए सॉफ्टवेयर (सरकारी कारोबार मॉड्यूल – जी.बी.एम.)

बैंक के पास सरकारी कारोबार के सभी क्रियाकलापों यथा प्रत्यक्ष कर और अप्रत्यक्ष कर का संग्रहण, पी.पी.एफ. खाते का रखरखाव, मंत्रालय और राज्य ट्रेजरी के खातों का रखरखाव, पेंशन भुगतान आदि के लिए एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर है, यह एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर कोर बैंकिंग सहित इंटरफेज किया गया है और सभी शाखाओं में कार्यान्वित किया गया है.

16.10 नई पहल

बैंक अपने ग्राहकों के लिए निम्नलिखित सुविधाओं का विकास कर रहा है जो प्रक्रियाधीन है:

प्रबंधन विचार विमर्श एवं विश्लेषण

1. पी.पी.एफ., एस.सी.एस.एस. और एस.एस.ए. खाते ऑनलाइन खोलना और रखरखाव.
2. सभी प्रमुख राज्यों में राज्य सरकार करों का भुगतान.
3. ई-एस.बी.टी.आर. की सुविधा का प्रावधान.
4. किसान विकास पत्र (के.वी.पी.) का कार्यान्वयन.

जी.बी.एम. के कार्यान्वयन और अन्य नई पहलों से शाखाओं में काम का बोझ कम होने से न केवल हमारे ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग अनुभव देता है, बल्कि इससे शाखाओं की उत्पादकता भी बढ़ती है. इससे बैंक के गैर- ब्याज आय बढ़ाने में भी सहायता मिलती है.

कर्मचारियों में जागरूकता लाने तथा ग्राहकों को उचित सेवा और मार्गदर्शन के लिए उन्हें प्रोत्साहित हेतु बैंक द्वारा सरकारी कारोबार, एन.पी.एस. और ए.पी.वाई. और अन्य योजनाओं के लिए कार्यशालाओं और विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का नियमित रुप में आयोजन किया जा रहा हैं.

17. बैंक बीमा विभाग

मूल्यवर्धन के रूप में अपने ग्राहकों को बीमा और निवेश उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला प्रदान करने और अपनी गैर-ब्याज आय में वृद्धि के लिए बैंक, बीमा उत्पादों के वितरण कारोबार में प्रवेश किया है.

बैंक ने अपोलो म्यूनिच स्वास्थ्य बीमा कं. लि. के साथ स्वास्थ्य बीमा कारोबार और साधारण बीमा उत्पादों के लिए यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कं. लि. (यू.आई.आई.सी.) एवं चोला एम.एस. जनरल इंश्योरेंस कंपनी (चोला एम.एस.) तथा जीवन बीमा कारोबार के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम (एल.आई.सी.) के साथ कॉर्पोरेट एजेंसी व्यवस्था में प्रवेश किया है.

बैंक ने वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान बैंक बीमा से रु.11.09 करोड़ (पी.एम.जे.जे.बी.वाई. और पी.एम.एस.बी.वाई. के लिए प्रशासनिक व्यय की प्रतिपूर्ति सहित) की कुल आय अर्जित की है.

17.1 जीवन बीमा कारोबार

ग्राहकों की जीवन बीमा आवश्यकताएं पूरी करने के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम के साथ बैंक की कार्पोरेट गठबंधन व्यवस्था है.

बैंक ने वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान रु.51.42 करोड़ का प्रीमियम संग्रहित किया. वर्ष के दौरान भारतीय जीवन बीमा निगम ने देना बैंक के 6 अंचलों को बीमा अंचल और 100 शाखाओं को बीमा बैंक शाखाओं के रुप में घोषित किया. वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान बैंक ने जीवन बीमा कारोबार से रु.2.33 करोड़ का कमीशन अर्जित किया.

17.2 साधारण बीमा कारोबार

बैंक का यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कं. लि. (यू.आई.आई.सी.) एवं चोला एम.एस. जनरल इंश्योरेंस कंपनी (चोला एम.एस.) के साथ कॉर्पोरेट एजेंसी व्यवस्था है.

- **यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कं. लि. (यू.आई.आई.सी):**
- वित्तीय वर्ष 2017-18 में यूआईआईसी से गठजोड़ व्यवस्था के अंतर्गत बैंक ने रू.2.50 करोड़ की कमीशन आय के साथ रू.19.22 करोड़ का कुल प्रीमियम राशि प्राप्त किया.
- **चोला एम.एस. जनरल इंश्योरेंस कंपनी (चोला एम.एस.)**

वित्तीय वर्ष 2017-18 में चोला एम.एस. से गठजोड़ व्यवस्था के अंतर्गत बैंक ने रू.2.25 करोड़ की कमीशन आय के साथ रू.16.89 करोड़ का कुल प्रीमियम राशि प्राप्त किया.

17.3 स्वास्थ्य बीमा कारोबार

बैंक का स्वास्थ्य बीमा कारोबार के लिए अपोलो म्यूनिच हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के साथ कॉर्पोरेट एजेंसी समझौता है.

- अपोलो म्यूनिख स्वास्थ्य बीमा कंपनी लिमिटेड

वित्तीय वर्ष 2017-18 में अपोलो म्यूनिच हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी से गठजोड़ व्यवस्था के अंतर्गत रू.1.61 करोड़ की कमीशन आय के साथ रू.10.68 करोड़ का कुल प्रीमियम राशि प्राप्त हुआ.

- 17.4 म्यूचुअल फंड कारोबार:
- बैंक ने म्यूचुअल फंड बिजनेस के वितरण के लिए सभी प्रमुख ए.एम.सी. के साथ समझौता किया है और वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान कमीशन आय रू.0.26 करोड़ प्राप्त किया है.

18. पूंजी बाजार सेवाएं

बैंक एन.एस.डी.एल. के साथ डिपॉजिटरी सहभागी है और वर्ष 1998 से अपने ग्राहकों को पूंजी बाजार शाखा और विभिन्न केन्द्रों में स्थित 91 शाखाओं से डिपॉजिटरी सेवाएं प्रदान कर रहा है.

बैंक अपने ग्राहकों के लिए सभी शाखाओं के माध्यम से ए.एस.बी.ए. सुविधा प्रदान कर रहा है. फिनेकल प्रणाली में सिंडीकेट ए.एस.बी.ए. आवेदन सुधार और सत्यापन के लिए 14 शाखाएं प्राधिकृत हैं. सिंडीकेट ए.एस.बी.ए. सेवाएं प्रदान करने वाली शाखाओं की सूची बैंक की वेबसाईट पर उपलब्ध है.

19. आय और व्यय

19.1 आय

बैंक की कुल आय 31 मार्च 2017 को समाप्त वर्ष के लिए रु.11,433.06 करोड़ के स्तर से कम होकर 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए रु.10095.75 करोड़ रहा. जिसके परिणामस्वरुप निवल कमी रु.1337.31 करोड़ रही जो 11.70% की कमी दर्शाती है.

19.2 व्यय

पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष के दौरान कुल व्यय में 11.13% की कमी हुई.

19.3 लाभप्रदता विश्लेषण

विगत बर्ष के दौरान बैंक की निवल ब्याजगत आय (एन.आई.आई.) पिछले वर्ष की रु.2,408.36 करोड़ की तुलना में इस वर्ष रु.2,475.82 करोड़ हो गई.

19.4 परिचालनगत लाभ

पिछले वर्ष के दौरान प्राप्त किए गए रु.1,390.21 करोड़ की तुलना में बैंक के इस वर्ष का परिचालनगत लाभ 15.67% से घटकर रु.1171.61 करोड़ हो गया.

19.5 निवल लाभ

बैंक को वित्तीय वर्ष 2016-17 के रु.863.63 करोड़ निवल हानि की तुलना में वित्तीय वर्ष 2017-18 में रु.1923.15 करोड़ की निवल हानि हुई है.

आय, व्यय तथा प्रावधानों एवं आकस्मिकताओं की पिछले वर्ष से तुलनात्मक स्थिति नीचे दी गई है :

(रु. करोड़ में)

विवरण	2017-18	2016-17
ब्याज आय	8,932.23	10,181.67
गैर ब्याज आय	1,163.52	1251.39
कुल आय	10,095.75	11,433.06
ब्याज व्यय	6,456.41	7,773.31
परिचालनगत व्यय	2,468.18	2,269.54
कुल व्यय	8,924.59	10,042.85
परिचालनगत लाभ	1,171.16	1,390.21
प्रावधान और आकस्मिकताएं	3,094.31	2,253.84
निवल लाभ	(1,923.15)	(863.63)

20. विपणन और प्रचार पहल

वर्ष 2017-18 के दौरान प्रेस, इलेक्ट्रॉनिक और आउटडोर मीडिया के माध्यम से अन्य महत्वपूर्ण उत्पादों और कार ऋण तथा आवास ऋण योजनाओं पर विशेष ध्यान के साथ हमारे बैंक के डिजिटल बैंकिंग समाधान को व्यापक रूप से प्रचारित करने और बढ़ावा देने के लिए जोर दिया गया.

बैंक के ब्रांड छवि बनाने के लिए वर्ष के दौरान अग्रणी समाचार पत्रों में पैन इंडिया विज्ञापन जारी किए गए थे और आवास ऋण और कार ऋण पर विशेष ध्यान देने के साथ-साथ विशेष रूप से अभियान अवधि के दौरान विभिन्न खुदरा बैंकिंग उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए भी जारी किए गए थे.

आईबीए से प्राप्त दिशानिर्देशों के अनुसार, प्रचार विभाग ने पी.एम.एल.ए. अधिसूचनाओं के अनुसार बैंक खातों में आधार कार्ड और पैन कार्ड को जोड़ने के लिए ग्राहकों को सूचित करते हुए प्रमुख समाचार पत्रों में पैन इंडिया आधार पर आधार सीडिंग और प्रमाणीकरण विज्ञापन जारी किया है.

बैंक ने अहमदाबाद में हरक्यूलिस अवॉर्ड्स फंक्शन, रायपुर में स्मार्ट सिटी शिखर सम्मेलन और हरियाणा के मानेसर में एन.एस.जी. कमांडो चैलेंज मैराथन जैसे बड़े कार्यक्रमों में अपनी ब्रांड उपस्थिति दर्ज की.

डिजिटल पठशाला पर टीवीसी के अतिरिक्त हमारे ब्रांड स्थिति को बनाए रखने के लिए गृह और वाहन ऋण पर विज्ञापन जारी किए गए. स्वतंत्रता दिवस, नवरात्रि और दिवाली त्योहारों के अवसर पर अग्रणी टीवी चैनलों में पैन इंडिया आधार पर टीवी विज्ञापन जारी किए गए थे. बैंक ने डिजिटल पाठशाला टीवीसी के माध्यम से बैंक के डिजिटल उत्पादों का उपयोग करने के तरीके के बारे में जागरूकता फैलाने और ग्राहकों को शिक्षित करने के लिए टीवीसी विज्ञापनों का कुशलता से उपयोग किया. बैंक ने डिजिटल उत्पादों पर ग्राहकों को बढ़ावा देने और शिक्षित करने के लिए रेडियो चैनलों का भी उपयोग किया है.

पैन इंडिया स्तर पर हमारे अंचल कार्यालयों द्वारा टीयर II एवं टीयर III शहरों में होर्डिंग एवं ग्लोसाइन बोर्ड पर विज्ञापन के माध्यम से बैंक का प्रचार किया गया. इस साल बैंक ने उपनगरीय रेलगाड़ियों के अंदर डिस्प्ले पैनलों पर अपने विभिन्न विज्ञापन भी प्रदर्शित किए हैं. सी.एस.एम.टी रेलवे स्टेशन, मुंबई और मुंबई उपनगरों में विभिन्न बस आश्रयों पर होर्डिंग्स को भी किराए पर लिया गया था. विज्ञापन निजी अनुबंध बसों पर भी प्रदर्शित किए गए थे जो मुंबई और इसके उपनगरीय क्षेत्रों के बीच चलती हैं, जो हमारे बैंक उत्पादों के व्यापक प्रचार और ब्रांड छवि सुधारने में मदद करते हैं.

वर्ष के दौरान, बैंक ने विभिन्न सामाजिक / सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी भाग लिया और अच्छे प्रचार और लाभ प्राप्त किया. बैंक ने कोलकाता नाइट पोलो चैंपियनशिप, बप्पी लहरी नाइट, श्रेया घोषाल कॉन्सर्ट, विभिन्न कबड्डी और टेबल टेनिस टूर्नामेंट जैसे विभिन्न कार्यक्रमों, गणपति और दुर्गा पूजा समारोह के दौरान पांडलों में बैनर प्रदर्शित कर, अहमदाबाद में नवरात्रि महोत्सव में मिर्च रॉक और ढोल इवेंट को प्रायोजित करके अच्छा प्रचार प्राप्त किया.

बैंक ने मुंबई में टाटा और सीमा शुल्क विभाग द्वारा आयोजित मैराथन में भी भाग लिया, जिसने बैंक की ब्रांड छवि में सुधार करने में मदद की.

21. जोखिम प्रबंधन

21.1 बैंक ने संरचनाबद्ध जोखिम प्रबंधन प्रणाली और प्रभावी ढांचा स्थापित किया है, जिस पर समेकित जोखिम प्रबंधन की निदेशक समिति द्वारा निगरानी रखी जाती है. आस्ति देयता (आल्को), साख जोखिम प्रबंधन (सी.आर.एम.सी.) एवं परिचालनगत जोखिम प्रबंधन (ओ.आर.एम.सी.) और बाजार जोखिम प्रबंधन समिति (एम.आर.एम.सी.) पर प्रबंधन स्तरीय समितियां केद्रीकृत जोखिम प्रबंधन प्रणाली के मुख्य अंग हैं. जोखिम प्रबंधन विभाग, जोखिम प्रबंधन के विभिन्न कार्यप्रणालियों पर कार्रवाई करता है और प्रबंधन रिपोर्ट प्रस्तुत करता है. जोखिम क्षेत्रों और जोखिम प्रबंधन कार्यप्रणालियों पर ध्यान देने के लिए अंचल कार्यालयों में जोखिम प्रबंधकों को पदस्थापित किया गया है. जोखिम प्रबंधन कार्यप्रणालियों पर जोखिम प्रबंधकों को नियमित रूप से अद्यतन जानकारी और प्रशिक्षण दिया जाता है.

21.2 बैंक भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों, परिचालनगत परिस्थितियों में परिवर्तन तथा ऋण और बाजार जोखिमों को प्रभावकारी तरीके से व्यवस्थित करने की दृष्टि से जोखिम संबंधित अपनी नीतियों को वार्षिक आधार पर संशोधित और अद्यतन बना रहा है.

21.3 वी.ए.आर, दबाव परीक्षण आदि के माध्यम से बाजार जोखिम की प्रभावी निगरानी के लिए बैंक के मिड ऑफिस के क्रियाकलापों को अधिक व्यापक आधार पर बनाया गया है.

21.4 बैंक के पास निदेशक मंडल द्वारा विधिवत अनुमोदित साख रेटिंग नीति है. बैंक ने, साख जोखिम के एडवांस एप्रोच में जाने के लिए एवं अधिक वैज्ञानिक जोखिम रेटिंग हेतु नए रेटिंग माडल यथा आर.ए.एम. (रेटिंग मूल्यांकन मॉडल) क्रियान्वित किया है. सॉफ्टवेयर में चूक की संभाव्यता (पी.डी.), चूक पर हानि (एल.जी.डी.) और चूक पर एक्सपोजर (ई.ए.डी.) की गणना करने की क्षमता है. बैंक मुख्यतः आंतरिक रेटिंग के आधार पर मूल्य निर्धारित करता हैं. बैंक ने 4 रिटेल उत्पादों अर्थात आवास, वाहन, शिक्षा और वैयक्तिक के लिए सी.आर.ई.एस.एस. (ऋण रेटिंग स्कोरिंग प्रणाली) भी लागू की है.

22 मानव संसाधन प्रबंधन

22.1 भर्ती

वर्ष 2017-18 के दौरान, बैंक ने 21 परिवीक्षाधीन अधिकारी, 13 विशेषज्ञ अधिकारी, 128 लिपिक और 148 अधीनस्थ की भर्ती की है.

22.2 अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./पी.एच./ई.एक्स.एस.एम. कर्मचारियों के लिए शिकायत निवारण तंत्र:

बैंक ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, दिव्यांगों, भूतपूर्व सैनिकों के कर्मचारियों के लिए आरक्षण नीति के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए, मुख्य संपर्क अधिकारी के रुप में कार्य करने के लिए महाप्रबंधक पद के अधिकारियों को पदनामित किया है. शिकायतों के निवारण के लिए तिमाही बैठक अखिल भारतीय देना बैंक अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग कर्मचारी फेडरेशन के साथ प्रधान कार्यालय और

अंचल कार्यालय स्तर पर आयोजित की जाती है.

22.3 प्रशिक्षणः

वर्तमान वर्ष के दौरान, बैंक ने 7224 कर्मचारी (4607 अधिकारी, 2205 लिपिक, 412 अधीनस्थ) को अपने ज्ञान कौशल, वृद्धि बेहतरी कारोबारी आत्मविश्वास के लिए सतत प्रक्रिया के तहत प्रशिक्षण दिया है. ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम हमारे विभिन्न आंतरिक प्रशिक्षण केद्रों और एन.आई.बी.एम., सी.ए.बी., बी.आई.आर.डी., ए.एस.सी.आई. तथा एम.डी.आई. इत्यादि जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के माध्यम से आयोजित किए जाते हैं.

क. एक कार्यपालक को विदेशी जानकारी हेतु नामित किया गया था.

ख. 1246 अधिकारियों ने देना टॉप-अप योजना, देना स्टेप अप आवास योजना, फर्नीचर और फिक्सचर योजना, कौशल रिन योजना और मुद्रा ऋण सहित देना शिक्षा ऋण योजना सहित देना निवास आवास योजना पर कैप्सूल क्रेडिट कार्यक्रम में भाग लिया.

ग. स्केल IV और V अधिकारियों के लिए बिजनेस डेवलपमेंट प्रोग्राम एसपीबीटी कॉलेज, मुंबई में आयोजित किया गया था, दिनांक 22.01.2018 से 24.01.2018 तक आयोजित कार्यक्रम में 27 प्रतिभागियों ने भाग लिया.

घ. लेंड परफेक्ट सॉफ्टवेयर मॉड्यूल पर एक विशेष प्रशिक्षण एसपीबीटी कॉलेज, मुंबई में आयोजित किया गया था. सभी आरएपीसी के प्रमुख, प्रत्येक अंचल से एक अधिकारी जो खुदरा संविभाग में कार्यरत हैं और प्रधान कार्यालय के आरबीडी विभाग के अधिकारियों ने कार्यक्रम में भाग लिया.

ङ. भा.रि. बैंक के सलाह के अनुसार, बैंक ने ए) खजाना प्रबंधन बी) जोखिम प्रबंधन सी) लेखा और लेखा परीक्षा एवं डी) साख प्रबंधन आदि इन क्षेत्रों में काम कर रहे अधिकारियों की कौशल और योग्यता में सुधार के लिए क्षेत्रों में क्षमता निर्माण प्रमाणन कार्यक्रम शुरू कर दिया है. 31 मार्च 2018 तक 125 अधिकारियों ने प्रमाणन कार्यक्रमों के लिए नामांकन किया है.

22.4 पदोन्नति

बैंक ने अपने कर्मचारियों के विकास और व्यावसायिक प्रगति के लिए, मार्च 2018 तक पहचानी गई रिक्तियों को भरने के लिए अधिकारियों के विभिन्न संवर्गों में प्रक्रिया आरंभ की है. तदनुसार, मार्च, 2018 में समाप्त वर्ष के दौरान 815 अधिकारी उच्च वेतनमान में पदोन्नत किए गए.

22.5 जनशक्ति

बैंक के कर्मचारियों की संख्या 31.03.2018 को 13613 है. कुल संख्या में 6033 अधिकारी, 5325 लिपिक और 2255 अधीनस्थ कर्मचारी शामिल हैं जिनमें 3705 महिला कर्मचारी शामिल हैं. बैंक में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, शारीरिक विकलांग तथा भूतपूर्व सैनिक कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व निर्धारित स्तर के अनुरूप है.

22.6 औद्योगिक संपर्क

बैंक ने सामंजस्यपूर्ण और सौहार्दपूर्ण औद्योगिक संपर्क का माहौल बनाया है. कर्मचारी संघ और अधिकारी संघ के साथ आवधिक संरचित बैंठकों का आयोजन प्रधान कार्यालय और अंचल कार्यालय स्तर पर किया जाता है.

23. सूचना तकनीकी पहल

23.1 कोर बैंकिंग समाधान (सी.बी.एस.)- देना गरिमा

23.1.1 बैंक ने तकनीकी की सहायता से ग्राहक संतुष्टि को बढ़ाने एवं कारोबार वृद्धि के दृष्टि से बदलाव की प्रक्रिया आरंभ कर दिया है. बैंक के कोर बैंकिंग परिचालनों के शुरू से अंत समाधान के लिए बैंक एक अग्रणी सूचना तकनीक सेवा प्रदाता मे. विप्रो की सेवाओं से जुड़ा हुआ है. यह मे. इंफ़ोसिस टेक्नोलोजिस के फिनेकल सॉफ्टवेयर द्वारा समर्थित है. समन्वित खजाना परिचालनों के लिए सॉफ्टवेयर समाधान के अतिरिक्त कोर बैंकिंग प्रणाली में ग्राहक सुविधा सेवाएं जैसे इंटरनेट बैंकिंग, फोन बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, नकदी प्रबंधन सेवा आदि शामिल है. विनियामक अपेक्षाओं को पुरा करने और कारोबार वृद्धि के लिए मुख्य रूप से कई तृतीय पक्ष सॉफ़्टवेयर समाधान भी हैं.

23.1.2 यह परियोजना बैंक के मुंबई के माहिम शाखा में 12 मार्च, 2007 को वर्तमान परिचालनों को बदलकर लागू किया गया.

23.1.3 मार्च 2018 तक बैंक के सभी 1872 शाखाएं (72 अनुषंगी शाखाओं सहित) और पूरा कारोबार सी.बी.एस. के अंतर्गत लाया गया. इसमें 1,153 केद्र तथा 31 राज्य/केद्र शासित प्रदेश शामिल है. सभी प्रशासनिक इकाई जैसे अंचल कार्यालय, कर्मचारी प्रशिक्षण केद्र तथा प्रधान कार्यालय के विभाग भी सी.बी.एस. के अंतर्गत है.

23.2 स्वचलित टेलर मशीन (ए.टी.एम.)

बैंक के सभी ए.टी.एम. ए.टी.एम. स्विच से जुड़े हैं, जो उसके आगे सी.बी.एस. सर्वर से जुड़ा हुआ है. यह व्यवस्था बैंक के कार्डधारकों को अपने बेस शाखाओं के स्थान पर किसी भी बैंक के ए.टी.एम. से नकदी आहरण, शेष की जांच, मोबाइल टॉप अप आदि जैसे विशिष्ट प्रकार के लेन-देन को पूर्ण करने में सक्षम बनाता है. इसके अतिरिक्त, बैंक के ए.टी.एम. स्विच अन्य ए.टी.एम. नेटवर्क समूहों अर्थात राष्ट्रीय वित्तीय स्विच -एन.एफ.एस. जो एन.पी.सी.आई. और वीज़ा द्वारा संवर्धित है. जो हमारे कार्ड धारकों को इन नेटवर्क समूहों के ए.टी.एम. से कुछ सामान्य लेन-देन करने के लिए की अनुमति प्रदान करता है.

सुपुर्दगी चैनल के सबसे लोकप्रिय और सुविधाजनक तरीके के रूप में एटीएम शुरू करने की वैश्विक प्रवृत्ति के दृष्टिगत, पूरे देश में मार्च, 2018 तक कुल 1685 एटीएम स्थापित किए गए हैं. इन एटीएम में से 1334 ऑनसाइट हैं और 351 ऑफसाइट हैं. पिछले साल के दौरान एक मोबाइल एटीएम प्रारंभ किया गया है.

दिनांक 31 मार्च 2018 तक बैंक का वर्तमान कार्ड बेस 87.63 लाख है. बैंक के पास वीज़ा और एन.एफ.एस. गठजोड़ के माध्यम से एटीएम साझाकरण व्यवस्था है, जो भारत में 207036 एटीएम एक्सेस पॉइंट्स और 30.27 लाख से अधिक व्यापारी प्रतिष्ठानों (एमईएस) और विदेश में 1.5 मिलियन से अधिक एटीएम और 30 मिलियन एमई विदेशों में सक्षम है, बैंक के ग्राहकों को. बैंक वीजा संबद्धता और रुपे प्लैटिनम कार्ड के साथ एच.एन.आई. ग्राहकों को देना इंटरनेशनल गोल्ड डेबिट कार्ड भी प्रदान करता है.

बैंक के पास एटीएम के माध्यम से बहुत सारी मूल्य वर्धित सेवाएं है. अर्थात मोबाइल प्रीपेड टॉप-अप और पोस्ट पेड बिल भुगतान इत्यादि. डेबिट कार्ड ग्राहक इंटरनेट पर डेबिट कार्ड का उपयोग करके माल और सेवाओं की खरीद के लिए ऑनलाइन भुगतान भी कर सकते हैं. बैंकों ने ग्राहकों की बेहतर सुरक्षा के लिए वीजा पासवर्ड द्वारा स्थाई सत्यापन के स्थान पर ओटीपी लागू किया है.

23.3 इंटरनेट बैंकिंग :

इंटरनेट बैंकिंग सुविधा के अंतर्गत वित्तीय लेन-देन सभी शाखाओं के ग्राहकों के लिए उपलब्ध है. इंटरनेट बैंकिंग एप्लिकेशन सर्वर डेटा सेंटर (डी.सी.) औरडी.आर साईट पर स्थित है. यह सर्वर, बदले में, सी.बी.एस. एप्लिकेशन और डाटाबेस सर्वर से लैन के द्वारा डेटा सेंटर में आवश्यक फ़ायरवॉल आधारित सुरक्षा नियंत्रण के साथ जुड़ा हुआ है ताकि हमारे ग्राहक के डेटा की

सुरक्षा सुनिश्चित हो सके.

इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से नई सुविधाएं

क) दिसंबर 2017 में नया एफ.ई.बी.ए. संस्करण आरंभ किया गया है.

ख) कॉरपोरेट ग्राहकों द्वारा कॉरपोरेट वेतन / थोक निधि हस्तांतरण का उपयोग कॉर्पोरेट कर्मचारियों के वेतन को जमा करने के लिए किया जा सकता है, जिनका खाता हमारे साथ है.

कार्पोरेट एक साथ कई विक्रेताओं का भुगतान कर सकते हैं.

ग) सीमा शुल्क, छत्तीसगढ़ राज्य कर का ई-भुगतान, तमिलनाडु राज्य कर वर्ष के दौरान प्रारंभ किया जाता है.

घ) देना इंस्टा पे का प्रारंभ : बैंक ने अग्रणी बिल भुगतान सुविधा प्रदाताओं बिल डेस्क, एसबीआई ई पे, पेटीएम और पे यू के साथ इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से उपयोगिता बिलों और खरीद का भुगतान प्रदान करने के लिए समझौता किया है जो ग्राहकों की सामान्य आवश्यकताओं में से एक था. हम और अधिक बिल संकलकर्ताओं के साथ जुड़ने की प्रक्रिया में भी हैं. वर्तमान में ग्राहक निम्नलिखित व्यापक श्रेणियों के लिए ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं:

1. टेलीफोन (लैंडलाइन / मोबाइल) बिल
2. बिजली बिल
3. क्रेडिट कार्ड बिल
4. बीमा प्रीमियम
5. यात्रा टिकट की बुकिंग
6. गैस रीफिल शुल्क आदि
7. ऑन लाइन खरीदारी पर
8. डीटीएच रिचार्ज
9. ऑन लाइन विद्यालय शुल्क का भुगतान

ङ) खातों के मासिक ई मेल स्टेटमेंट उन ग्राहकों को भेजे जाते हैं जिन्होंने बैंक के साथ ई-मेल आईडी पंजीकृत की है.

च) जीएसटी कर का ई-भुगतान.

छ) इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से डेबिट कार्ड ब्लॉक करना.

23.4 देना नेट :

प्रौद्योगिकी के माध्यम से परिवर्तन की दिशा में बैंक के अभियान में संचार आधारभूत संरचना के महत्व को पहचानते हुए, बैंक अपनी सभी शाखाओं और प्रशासनिक कार्यालयों से देनानेट के माध्यम से जुड़ा है – इसके व्यापक क्षेत्र नेटवर्क का विभिन्न कनेक्टिविटी मीडिया द्वारा उपयोग किया जा रहा है. 99.5% से अधिक समय सुनिश्चित करने के लिए नेटवर्क मॉनीटरिंग टीम द्वारा देनानेट की लगातार 24x7 आधार पर निगरानी की जा रही है.

हमारे सभी वर्तमान तकनीकी पहल का आधार देना नेट है, जो सूचीबद्ध नेटवर्कों का उपयोग करके बैंक के भीतर और बाहर विभिन्न संस्थाओं को जोड़ती है।

कनेक्टीविटी का प्रकार	31/03/2018 तक लिंक की संख्या
पाईन्ट टू पाईन्ट / एम.पी.एल.एस.	2501
सिफी -3ऋ	91
आई.एस.डी.एन.पी.आर.आई./बी.आर.आई. लाईन	21
वी.एस.ए.टी. (एच.सी.एल. और एच.सी.आई. एल.)	830

देना नेट 1872 शाखाओं (72 सैटेलाईट शाखाओं सहित), 35 प्रशासनिक कार्यालय, 6 कर्मचारी प्रशिक्षण केन्द्र, 143 ऑफसाईट ए.टी.एम. और 12 बैंक/कार्यालय के बाहर (एम.ओ.एफ. निविदा के अंतर्गत ए.टी.एम. के लिए आई.डी.आर.बी.टी., आर.बी.आई., यूरोनेट, एन.पी.सी.आई., आर. सी.ए.पी., कंट्रोल एस., कार्वी, बैकहाऊल लिंक.)

23.5 यू.पी.आई. मोबाईल बैंकिंग एप्लिकेशन :

बैंक ने भीम देना -यू.पी.आई. भी लॉन्च किया है जो आपको यूनिफाईड भुगतान इंटरफेज (यू.पी.आई.) का प्रयोग करके सरल, आसान और तत्काल भुगतान लेन-देन की सुविधा प्रदान करता है. ग्राहक आसानी से विभिन्न मोड जैसे और खाता+आई.एफ.एस.सी. / मोबाईल नं.+एम.एम.आई.डी./ वर्चुअल भुगतान पता (वी.पी.ए.) / आधार + बैंक नाम का प्रयोगकरते हुए एक बैंक से दुसरे बैंक भुगतान कर सकते हैं और नकदी प्राप्त कर सकते है. निम्नानुसार सेवाएं उपलब्ध है :

I. खाता मैनेज करें : उपयोगकर्ता पंजीकृत मोबाईल नंबर के साथ अपना खाता जोड़ सकता है.

II. लाभार्थी मैनेज करें : उपयोगकर्ता 4 विकल्पों के माध्यम से लाभार्थी जोड़ सकता है अर्थात खाता + आई.एफ.एस.सी. / मोबाईल+एम.एम.आई.डी./ वर्चुअल भुगतान पता -वी.पी.ए./ आधार + बैंक नाम.

पे : इस विकल्प का प्रयोग करते हुए, आप किसी को भी खाता + आई.एफ. एस.सी. / मोबाईल+एम.एम.आई.डी./ वर्चुअल भुगतान पता -वी.पी.ए. / आधार + बैंक नाम का प्रयोग करते हुए नकदी भेज सकते हैं.

III. कलेक्ट : इस विकल्प का प्रयोग करते हुए, वच्यूअल पेमेंट एड्रेस (वी.पी.ए.) दर्ज करते हुए आप नकदी प्राप्त कर सकते है.

IV. बकाया शेष जानकारी : खाता ऐड करने के पश्चात, इस विकल्प का प्रयोग करते हुए उपयोगकर्ता अपने खाते की बकाया शेष को जान सकता है.

V. मैनेज एम.पिन : इस विकल्प से यू.पी.आई. पिन को रिसेट/बदला जा सकता है.

VI. लेन-देन हिस्ट्री : इस विकल्प का प्रयोग करते हुए, उपयोगकर्ता पे/कलेक्ट प्रकार के लेन-देन की लेन-देन हिस्ट्री चेक कर सकता है. आप अस्वीकृत लेन-देन के लिए शिकायत भी कर सकते है.

VII. ब्लॉक/अनब्लॉक वी.पी.ए: उपयोगकर्ता वच्यूअल पेमेंट एड्रेस (वी.पी.ए.) को ब्लॉक/अनब्लॉक कर सकता है

VIII. अपंजीकरण : उपयोगकर्ता देना ई-यू.पी.आई. एप्लिकेशन से अपने आप को अपंजीकृत भी कर सकता है.

IX. बैंक, देना ई.-यू.पी.आई. को विभिन्न विज्ञापनों के माध्यम से लोकप्रिय बना रहा है. बैंक ने यू.पी.आई. प्लैटफार्म का प्रयोग करने के लिए ग्राहकों को पंजीकृत मोबाईल नंबर पर एस.एम.एस. भी भेजे है.

यू.पी.आई. के लाभ :

1. निधि अंतरण का सबसे सस्ता साधन.
2. देना यू.पी.आई. सुविधा सरकार की नकदी रहित अर्थव्यवस्था की पहल को आगे ले जाता है.
3. ऑनलाइन लेनदेन के लिए कार्ड नंबर, वैधता, सी.वी.वी. जैसे विवरण देने की आवश्यकता नहीं है.
4. 24 X 7 365 उपलब्धता.
5. विभिन्न बैंक खातों तक पहुंचने के लिए केवल एक ऐप (एक देना ई-यू. पी.आई. ऐप कई खाते).
6. सिंगल क्लिक प्रमाणीकरण. कोई टाइमआउट परिदृश्य नहीं है.
7. सुरक्षित वर्चुअल आई.डी. (वी.पी.ए.).
8. तत्काल निधि अंतरण. अवकाश या गैर-कार्यशील बैंकिंग घंटों का कोई प्रतिबंध नहीं.
9. आदाता का तत्काल पंजीकरण.
10. लेन-देन करने के लिए लाभार्थी के बैंक खाता संख्या और आई.एफ. एस.सी. कोड की आवश्यकता नहीं है. निधि अंतरण के लिए लाभार्थी के वी.पी.ए. को जानना पर्याप्त है.

उपलब्ध विभिन्न सुविधाएं निम्नानुसार है :

सुविधा का प्रकार	सुविधा का नाम	लेन-देन सीमा
वित्तीय	निधि अंतरण	देना यू.पी.आई. ऐप द्वारा रु 1 लाख प्रति दिन सभी लेनदेन के लिए जबकि भीम ऐप से रु 10,000/- की प्रति लेन-देन की सीमा के साथ रु 20,000/- प्रति दिन लेन-देन सीमा.
गैर वित्तीय	1. बकाया शेष 2. पासवर्ड बदलना (एम.पिन /लॉगिन)	-

23.6 अन्य सूचना तकनीकी पहल :

23.6.1 यू.एस.एस.डी. अनुपूरक सेवा डेटा - यू.एस.एस.डी. चैनल :

हमने, अग्रणी उत्पाद राष्ट्रीय एकीकृत यू.एस.एस.डी. प्लेटफार्म (एन.यू.यू.पी.) जो कि कई प्रमुख टेलिकाम नेटवर्क पर काम करती है, के अंतर्गत भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एन.पी.सी.आई.) द्वारा प्रवर्तित असंरचनाबद्ध अनुपूरक सेवा आंकडे - यू.एस.एस.डी. चैनल नामक, एक नए मोबाइल बैंकिंग चैनल की शुरुआत की हैं.

देना बैंक के ग्राहक अपने पंजीकृत मोबाइल फोन (मेक या डिजाइन की परवाह किए बगैर) से 99*65# डायल करके इस सरल और सुविधाजनक सेवा का उपयोग कर सकते हैं और मोबाइल क्रीन पर प्रदर्शित एक इंटरैक्टिव मेनू के माध्यम से लेनदेन कर सकते हैं.

यह सुविधा वित्तीय और गैर-वित्तीय लेनदेनों के लिए उपलब्ध है. बैंक ग्राहकों के बीच इस अनुप्रयोग को लोकप्रिय बनाने के लिए प्रयास कर रहा रहा है.

23.6.2 मोबाईल बैंकिंग और यू.एस.एस.डी.:

बैंक ने देना एम कनेक्ट सेवाओं - मोबाईल हैण्डसेट का प्रयोग करते हुए सुविधाजनक और सुरक्षित बैंकिंग लेन-देनों को करने के लिए कार्यान्वित किया है. यह समाधान मोबाईल बैंकिंग पर भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसरण में है.

23.6.3 मिस्सड कॉल सुविधा

बैंक ने उन ग्राहकों को जिनके मोबाईल नम्बर पंजीकृत है, के लाभ के लिए पहली बार मिस्सड कॉल सुविधा लागू की. इस सुविधा में, ग्राहक 09289356677 पर कॉल करके सक्रिय खातों (अधिकतम 5 खातों तक) में शेष तथा 09278656677 पर कॉल करके सक्रिय खातों (अधिकतम 5 खातों तक) के अंतिम 4 अंतरण की लघु विवरणी की जानकारी प्राप्त कर सकता है. नम्बर डायल करने पर, कॉल 2 रिंग के बाद स्वतः ही कट जाएगा. ग्राहक को उक्त दिये गए 5 सक्रिय खातों के लिए एस.एम.एस. संदेश मिल जाएगा.

इस सुविधा का यह लाभ है कि इसमें कॉल के लिए कोई शुल्क नहीं है और ग्राहक को एक कॉल से ही 5 सक्रिय खातों की जानकारी मिल जायेगी. ग्राहक को केवल शेष / लेन-देन विवरण जानने के लिए शाखा में जाने की आवश्यकता नहीं है.

23.6.4 इंटरनेट और मोबाईल बैंकिंग के लिए ऑनलाइन पंजीयन सुविधा :

ग्राहक इंटरनेट बैंकिंग और मोबाईल बैंकिंग सुविधा के लिए स्वयं ऑनलाइन पंजीयन कर सकता है. ग्राहक को इस सुविधा के पंजीयन के लिए शाखा में जाने की आवश्यकता नहीं है. इससे बैंक को इंटरनेट बैंकिंग और मोबाईल बैंकिंग ग्राहकों की संख्या बढ़ाने में सहायता मिलेगी.

23.6.5 दस्तावेज़ प्रबंधन प्रणाली (डी.एम.एस.)कार्यान्वयन:

बैंक ने दस्तावेजों के डिजिटलीकरण के लिए डी.एम.एस. समाधान के कार्यान्वयन का आरंभ कर दिया है और इस प्रणाली द्वारा डी.एम.एस. प्रणाली के माध्यम से खाते खोलने / दस्तावेजों की कुछ गतिविधियों को शाखाओं / अंचल कार्यालयों / प्रधान कार्यालय स्तर पर किया जा सके.

वाऊचर और पुस्तकों के माइक्रो फिल्मिंग के संबंध में घोष जिलानी समिति की सिफारिशों के अनुपालन में डी.एम.एस. मेकर/चेकर कंसेप्ट के साथ इलेक्ट्रानिक मोड में महत्वपूर्ण दस्तावेजों को रखने की सुविधा प्रदान करता है.

23.6.6 ई-स्मार्ट केन्द्र:

बैंक ने पहचान किए गए केंद्रों पर बैंकिंग की 24x7 सुविधा प्रदान करने के लिए ई-स्मार्ट केंद्रों की स्थापना के लिए प्रक्रिया आरंभ की है. ई-स्मार्ट सेटअप में व्यावसायिक क्षमता और आवश्यकता के आधार पर निम्नलिखित कियोस्क हैं.

क. स्वचलित टेलर मशीन (ए.टी.एम.)

ख. नकदी जमा मशीन

ग. पासबुक प्रिंटर

घ. चेक डिपोजिट मशीन

ङ. इंटरनेट बैंकिंग कियोस्क

मार्च 2018 तक, हमने 98 ई-स्मार्ट केंद्रों को परिचालित किया था.

23.6.7 एच.आर.एम.एस. प्रणाली कार्यान्वयन :

बैंक पिपलसॉफ्ट की एच.आर.एम. प्रणाली का कार्यान्वयन कर रहा है. मॉडयूल-वार कार्यान्वयन स्थिति निम्नानुसार है:

मद सं	मॉडयूल का नाम	एण्ड यूजर
1	पेरोल प्रबंधन	सभी कर्मचारी
2	कर्मचारी सूचना प्रबंधन	सभी कर्मचारी
3	कर्मचारी स्वयं सेवा	सभी कर्मचारी
4	जनशक्ति प्रशिक्षण	एस.पी.बी.टी. और कार्मिक अधिकारी
5	अवकाश और हाजिरी प्रबंधन	सभी कर्मचारी
6	कैन्टीन सहायकी	सभी कर्मचारी
7	कार्यपालकों को वाहन और अन्य वाहनों का आबंटन	एफ.जी.एम.ओ. और ओ.ए.डी.
8	सांविधिक अनुपालन (शिकायत)	सभी कर्मचारी
9	विविध/भत्ते	प्र.का. स्तरीय कर्मचारी
10	कर्मचारी कल्याण योजना	प्र.का. स्तरीय कर्मचारी
11	वेतन-वृद्धि प्रक्रिया	प्र.का. कार्मिक अधिकारी
12	नियुक्ति	सभी कर्मचारी
13	एच.आर.एम. लेखापरीक्षा	एच.आर.एम. विभाग
14	कार्यदल स्कोअरकार्ड	एच.आर.एम. विभाग
15	मानव संसाधन एम.आई.एस.	एच.आर.एम. विभाग

23.6.8 ए.टी.एम., इंटरनेट बैंकिंग, एस.एम.एस., शाखाओं के माध्यम से आधार अद्यतन करना :

बैंक के खाताधारक, शाखा में जाने के अलावा अपने ए.टी.एम., इंटरनेट बैंकिंग पोर्टल और एस.एम.एस. के माध्यम से अपनी आधार संख्या अद्यतन कर सकते हैं. ग्राहक मुख्यशब्द (की वर्ड) AADHAR (खाली जगह) ACCOUNT NO. (खाली जगह) आधार संख्या. अर्थात. AADHAR 02091002285 216901540030 टाईप कर के 9223175152 नंबर पर भेज सकते है.

23.6.9 फिनेकल में बायोमेट्रिक अधिप्रमाणन :

बैंक ने अपने सभी कर्मचारियों के लिए बायोमेट्रिक अधिप्रमाणन को कार्यान्वित किया है. कर्मचारियों को फिनेकल में प्रवेश करने के लिए बायोमेट्रिक अधिप्रमाणन प्रणाली द्वारा अपने को अधिप्रमाणित करना है.

23.6.10 ग्राहकों को ई-मेल और एस.एम.एस. अलर्ट :

हम ग्राहक को उसके/उनके मोबाईल नंबर बदल जाने के मामले में ई-मेल/एस.एम.एस. अलर्ट भेजते है. मोबाईल नंबर बदलाव और उसके दुरुपयोग द्वारा धोखाधड़ी के मामलों को रोकने के लिए इसकी शुरुआत की गई है.

ग्राहक द्वारा किए गए वित्तीय तथा कुछ गैर वित्तीय (जैसे कि चेक बुक जारी करना) लेन-देनों के लिए एस.एम.एस. अलर्ट भी भेजे जाते है. इंटरनेट बैंकिंग पर लॉग-इन करने पर प्रणाली में लॉग-इन करने के लिए ग्राहकों को एस.एम.एस. भेजा जाता है.

खाते का मासिक विवरण ई-मेल के माध्यम से ग्राहकों द्वारा पंजीकृत ई-मेल आई.डी. पर भेजा जाता है.

23.6.11 ई - के.वाई.सी. कार्यान्वयन :

पहचान धोखाधड़ी, दस्तावेजों की जालसाजी की जोखिम को कम करने के लिए तथा कागज रहित के.वाई.सी. सत्यापन के लिए बैंक ने ई-के.वाई.सी. सेवा का प्रारंभ किया है.

इस सुविधा के माध्यम से, जो ग्राहक खाता खोलना चाहते हैं वे ऑनलाईन सुविधा के माध्यम से के.वाई.सी. सत्यापन प्राप्त कर सकते हैं यदि वे आधार के लिए पंजीकृत है.

23. 7 नेटवर्क आधारित सेवाएं तथा उपयोग:

23.7.1 ग्राहक संतुष्टि के दृष्टिगत इस मूलभुत सुविधा को माध्यम बनाने के लिए एवं उनके सृजन से ब्याज दरों का दायरा बढाने की दृष्टि से, बैंक ने निम्नानुसार विभिन्न नेटवर्क आधारित उत्पाद व सेवाएं आरंभ की हैः

सी.बी.एस. एप्लिकेशन,
ए.टी.एम. /डेबिट कार्ड,
इंटरनेट बैंकिंग,
मोबाईल बैंकिंग,
टैब बैंकिंग,
माइक्रो ए.टी.एम.,
बिक्री केन्द्र सेवाएं,
वी.पी.एन. के माध्यम से अल्ट्रा स्मॉल शाखाएं,
स्विफ्ट,
चेक ट्रंकेशन प्रणाली (सी.टी.एस.),
आर.बी.आई. भुगतान प्रणाली जैसे आर.टी.जी.एस. और एन.ई.एफ.टी. आदि,
कॉर्पोरेट ई-मेल,
इंट्रानेट,
आई.पी. टेलिफोनी,
वीडियो कॉन्फरंसिंग,
डेटा अंतरण और रिमोट सपोर्ट,
अन्य एप्लिकेशन अर्थात ए.एल.एम./ए.एम.एल., ऑनलाईन तुलनपत्र आदि यू.पी.आई.

23.7.2 बैंक की अपनी वेबसाइट है जिसमें नेटीजन के अनुकूल विशेषताएं मौजूद हैं जैसे कि शाखा संकेतक, कैलकुलेटर, दोहरी क्लिक नेवीगेशन प्रणाली इत्यादि. वेबमास्टर निरंतर आधार पर वेबसाइट को अद्यतन एवं गतिशील बनाए रखता है.

सूचना प्रौद्योगिकी की सुदृढ़ मूलभूत सुविधाओं के साथ, बैंक ग्राहक को प्रौद्योगिकी के माध्यम से बेहतर सुविधाएं देने के लिए तैयार है.

23.7.3 वर्ष 2017-18 के दौरान नए कार्यान्वयन निम्नानुसार हैं :

पी.ओ.एस. सुविधा की खरीद और कार्यान्वयन

कार्ड जारी करने वाली एजेंसियों जैसे एन.पी.सी.आई., वीसा और मास्टर कार्ड से प्रमाणीकरण के बाद पी.ओ.एस. इंफ्रास्ट्रक्चर को संचालित किया गया.

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान बैंक ने 7565 पी.ओ.एस. टर्मिनल प्रसारित किए हैं, जिनमें से 302 पी.ओ.एस. टर्मिनलों को टीयर 5 और 6 केंद्रों में प्रसारित किया गया है.

23.7.4 कॉल सेंटर : बैंक ने बेहतर ग्राहक सेवा प्रदान करने के लिए पूर्णतः आई.वी.आर. आधारित कॉल सेंटर शुरु किया है. कॉल सेंटर के माध्यम से ग्राहक किसी भी समय किसी भी स्थान से देना बैंक से जुड़ सकता है. इस आई.वी.आर. आधारित कॉल सेंटर का उपयोग कर ग्राहक विभिन्न लेन-देन अर्थात बकाया शेष की पूछताछ, नया ए.टी.एम. पिन जनरेट करना, कार्ड ब्लॉक करना, उपयोगकर्ता द्वारा पिन भूलने के मामले में ए.टी.एम. पिन रिसेट करना, चेक भुगतान को रोकना, ई-मेल पर खाता विवरण प्राप्त करना. आदि कार्य कर सकते हैं.

23.7.5 भीम आधार : बैंक ने वित्तीय वर्ष 17-18 के दौरान भीम आधार देना की शुरुआत की है, जो एक आधार आधारित डिजिटल भुगतान स्वीकृति समाधान है, जो देना बैंक व्यापारियों को फिंगरप्रिंट स्कैनर से जुड़े अपने एंड्रॉइड स्मार्टफोन का प्रयोग करके भुगतान स्वीकार करने में सक्षम बनाता है. वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान बैंक ने भीम आधार सेवाओं के अंतर्गत 13,029 व्यापारियों को शामिल कर लिया है.

सूचना प्रौद्योगिकी की सुदृढ़ मूलभूत सुविधाओं के साथ, बैंक ग्राहक को प्रौद्योगिकी के माध्यम से बेहतर सुविधाएं देने के लिए तैयार है.

24. ग्राहक सेवा

24.1 बैंक ग्राहक सेवा में सुधार लाने और ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है. बैंक ने वर्ष के दौरान ग्राहक सेवाओं, ग्राहक अधिकारों को सुधारने के लिए और ग्राहकों की शिकायतों का निपटान करने के लिए निम्नानुसार पहल की है.

विवरण निम्नानुसार है :

1. बैंक ने दिनांक 05.06.2017 से 12.06.2017 तक ग्राहकों में जागरूकता लाने के लिए बी.सी.एस.बी.आई. कोड, ग्राहक अधिकार इत्यादि के बारे में ग्राहक सेवा सुदृढ़ करने हेतु ग्राहक जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया था.
2. बैंक ने ए.टी.एम., प्रौद्योगिकी और अन्य डिजिटल उत्पादों से संबंधित ग्राहक शिकायतों को कम करने के लिए बैंकों के डिजिटल उत्पादों के बारे में ग्राहक जागरूकता पैदा करने के लिए सभी शाखाओं में दिनांक 16.12.2017 से 20.12.2017 तक डिजिटल पाठशाला का आयोजन किया.
3. बैंक ने कार्ड को अवरुद्ध करने, ए.टी.एम. पिन को पुनः प्राप्त करने के लिए आई.वी.आर. सौल्यूशन आरंभ किया है, जो ग्राहक द्वारा उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर (आर.एम.एन.) के माध्यम से किया जा सकता है, जिससे शाखा का दौरा और कार्य-अवधि को कम किया जा सकता है.
4. मोबाइल बैंकिंग सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए मोबाइल बैंकिंग ऐप का नया वर्जन शुरु किया गया है.
5. इंटरनेट बैंकिंग को ग्राहकों के सुविधानुकूल बनाने के लिए नई सुविधाएं शामिल की गई हैं.

24.2 ग्राहकों की शिकायतों का निवारण

बैंक ने शिकायत निवारण तंत्र स्थापित किया है, जिसमें बैंक के ग्राहक बैंक की वेबसाइट www.denabank.com पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं. प्रणाली द्वारा शिकायत संख्या जनरेट की जाती है, जो ग्राहक के पंजीकृत मोबाईल संख्या पर स्वचलित रुप से सूचित की जाती है. शिकायतकर्ता वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपनी शिकायतों की स्थिति भी देख सकता है. बैंक की टोल फ्री संख्या 18002336427 के माध्यम से शिकायतों का पंजीकरण किया जा सकता है. ई-मेल / टेलिफोन / पत्र या सी.पी.जी.आर.ए.एम.एस. / आई.एन.जी.आर.ए.एम. पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों को भी बैंक की ऑनलाईन पोर्टल में दर्ज किया जाता है. निर्धारित अवधि से अधिक के लिए निपटान न गई शिकायतों की समीक्षा महाप्रबंधक, कॉर्पोरेट आयोजना विभाग द्वारा कॉर्पोरेट कार्यालय में की जाती है, जो शिकायतों के लिए मुख्य नोडल अधिकारी भी हैं, उनके संपर्क विवरण शाखाओं और बैंक की वेबसाइट पर प्रदर्शित किए गए हैं.

24.3 ग्राहक सेवा की कार्यविधि एवं कार्य निष्पादन लेखा परीक्षा के संबंध में स्थायी समिति

ग्राहक सेवा पर एक स्थायी समिति का गठन किया गया है जिसके प्रमुख, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक / कार्यपालक निदेशक (कों) होते है, महा प्रबंधक (संसाधन, आयोजना, नोडल अधिकारी), महाप्रबंधक (सू.त.), महाप्रबंधक (साख) तथा तीन नामित ग्राहक समिति के सदस्य हैं. मुंबई के बाहर के अंचलों के अंचल प्रबंधक और शाखाओं के ग्राहक विडियो कॉन्फ्रेंसिंग से उपस्थित रहते हैं. प्रत्येक तिमाही बैठकों के लिए मुंबई की अलग-अलग शाखाओं से भी कुछ ग्राहकों को उनके अंचल प्रबंधक / उप अंचल प्रबंधक के साथ विशेष रुप से आमंत्रित किया जाता है. वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान, इस प्रकार की अंतिम बैठक दिनांक 23.03.2018 को आयोजित हुई थी.

24.4 उपर्युक्त के अतिरिक्त, बैंक ने उच्च स्तर पर भी निदेशक मंडल की ग्राहक सेवा समिति का गठन किया है, जो ग्राहक सेवा की गुणवत्ता बढ़ाने एवं ग्राहक संतुष्टि के स्तर में सुधार के संबंध में सलाह देती है, अंचल कार्यालय और शाखा स्तर पर ग्राहक सेवा समिति की बैठकें मासिक रुप में आयोजित की जाती हैं ताकि शिकायतों / सुझावों, विलंब के मामलों, ग्राहकों की कठिनाइयों के अध्ययन के लिए ग्राहकों और बैंक के बीच संप्रेषण का औपचारिक चैनल आरंभ हो सके और ग्राहक सेवा में सुधार के उपाय किये जा सकें. ग्राहक सेवा कक्ष शिकायतों के मूल कारण का विश्लेषण भी करता है और निरंतर सुधार के लिए सुधारात्मक उपाय करता है.

24.5 ग्राहकों के हेतु बैंक की प्रतिबद्धता की आचार संहिता

भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय बैंक संघ और सदस्य बैंकों के सहयोग से भारतीय बैंकिंग संहिता और मानक बोर्ड (बी.सी.एस.बी.आई.) ने ग्राहकों के लिए बैंक प्रतिबद्धता कोड विकसित किए है. एक स्वैच्छिक कोड, जो बैंकों के लिए व्यक्तिगत ग्राहकों से व्यवहार के लिए न्यूनतम मानक निर्धारित करता है का आरंभ भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा गठित भारतीय बैंकिंग कोड एवं मानक बोर्ड द्वारा किया गया था. यह ग्राहक को सुरक्षा प्रदान करता है और बैंक के ग्राहकों से दैनंदिन परिचालन के दौरान अपेक्षित व्यवहार की जानकारी देता है. भारतीय बैंकिंग कोड और मानक बोर्ड के अधिकारी कोड के अनुपालन के स्तर को सत्यापित करने और मूल्यांकन करने के लिए बैंक शाखाओं के दौरे करते हैं. इन दौरों के आधार पर बैंकों को रेटिंग दी जाती है.

सर्वोत्तम व्यवहार (कूट और मानक) को प्रतिबिंबित करने के न्यूनतम मानदंड के समक्ष बैंकों के कार्यनिष्पादन को आंकने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने भारतीय बैंकिंग कोड और मानक बोर्ड की स्थापना की है. बैंक ने ग्राहकों के लिए बैंकों की प्रतिबद्धताओं का कोड अपनाया है तथा वह इसके अनुपालन हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है.

हमारा बैंक भारतीय बैंकिंग कोड एवं मानक बोर्ड का सदस्य है एवं बैंक की ओर से महाप्रबंधक के स्तर का एक शीर्ष कार्यपालक बैंक की ओर से मकोड अनुपालन अधिकारीफ के रुप में नियुक्त किया गया है.

24.6 आंतरिक लोकपाल

दामोदरन समिति की सिफारिशों के अनुसार, बैंक द्वारा दी जाने वाली चुनिंदा सेवाओं से संबंधित शिकायतों के निवारण या ऐसी शिकायतों के निपटान या तोषण पूर्वक सुलझाने के उद्देश्य से आंतरिक लोकपाल प्रणाली (आई.ओ.) को प्रस्तुत किया है. बैंक का आंतरिक लोकपाल, शिकायत निवारण तंत्र को सक्षम करेगा और बैंकिंग लोकपाल की बढ़ती शिकायतों को कम करने में मददगार साबित होगा.

बैंक के स्तर पर सभी अस्वीकृत / आंशिक रूप से अस्वीकृत शिकायतों को शिकायतकर्ता को अंतिम निर्णय सूचित करने से पहले आंतरिक लोकपाल को भेजी जाती है.

25. शाखा नेटवर्क और विस्तार

25.1 शाखा नेटवर्क

वर्ष 2017-18 के दौरान, बैंक ने 2 महानगरीय शाखाओं का विलय कर दिया है, जिससे देश के विभिन्न भागों में कुल शाखाओं की संख्या 1872 हो गई है. 31 मार्च, 2018 को बैंक की शाखाओं का क्षेत्रवार विवरण इस प्रकार है :

क्षेत्र	शाखाओं की संख्या	कुल का प्रतिशत %
ग्रामीण	645	34.46%
अर्धशहरी	435	23.24%
शहरी	359	19.18%
महानगरीय	433	23.13%
कुल	1872*	100.00%

* 72 अनुषंगी शाखाएं भी शामिल हैं.

26. निरीक्षण एवं आन्तरिक लेखापरीक्षा

देश भर में फैली हुई बैंक की विविध शाखाओं के कार्यों पर प्रभावी नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण रखने हेतु बैंक में आंतरिक प्रणाली पहले से ही मौजूद है. शाखाओं, क्षेत्रीय कार्यालयों तथा प्रधान कार्यालय के विभागों की लेखापरीक्षा के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिदेशों का अनुपालन करने हेतु निरीक्षण विभाग समय समय पर आंतरिक निरीक्षकों तथा बाहरी सनदी लेखाकारों की फर्मो तथा सी.आई.एस.ए. / डी.आई.एस.ए. अर्हता प्राप्त सूचना प्रबंधन लेखापरीक्षकों आदि के द्वारा विविध प्रकार की लेखापरीक्षाएं संचालित करता है.जब कभी आवश्यक हो जोखिम आधारित आंतरिक निरीक्षण, समवर्ती लेखा परीक्षा, प्रबंधन लेखा परीक्षा, सूचना प्रणाली लेखापरीक्षा, राजस्व लेखापरीक्षा, साख लेखापरीक्षा तथा औचित्य लेखापरीक्षा की जाती है. इसके अतिरिक्त जब कभी आवश्यक हो अकस्मात लेखा परीक्षा भी की जाती है.इन क्रियाकलापों के लिए उपयुक्त दस्तावेज तैयार किए गए हैं और यह मंडल द्वारा अनुमोदित नीतियों के अनुसार किए जाते हैं. इन नीतियों को भारत सरकार तथा नियामक द्वारा जारी नए दिशानिदेशों, यदि कोई हों, को शामिल करते हुए समय-समय पर अद्यतन किया जाता है.

वर्ष के दौरान योजना के अनुसार, बैंक ने आंतरिक रूप में प्रशिक्षित लेखा परीक्षकों के माध्यम से 1320 शाखाओं का आर.बी.आई.ए. (जोखिम आधारित आंतरिक लेखा परीक्षा) किया गया.शीघ्र अनुपालन के लिए विभिन्न स्तरों पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं.प्रणाली का अनुपालन अहमदाबाद, नई दिल्ली और मुंबई में स्थित 3 निरीक्षण कक्षों के माध्यम से निरंतर निगरानी की जाती है.गुणात्मक अनुपालन संस्कृति लाने के क्रम में जोखिम आधारित सांवधिक लेखापरीक्षा को आनलाईन रिपोर्टिंग प्रणाली के अंतर्गत लाया गया हैं. साख लेखा भी आंशिक रूप से ऑनलाइन रिपोर्टिंग प्रणाली के अंतर्गत लाया गया है. वर्ष के दौरान केद्रीय ऑफ-साइट निगरानी सेल (सी.ओ.एस.सी.) को प्रधान कार्यालय तथा अंचल कार्यालयों में बड़े मूल्य के लेनदेन, निष्क्रिय / नए खाते, असाधारण प्रविष्टियां तथा संदिग्ध लेनदेन की निगरानी को सत्यापित करने के लिए कार्यात्मक किया गया. प्रधान कार्यालय में जोखिम आधारित पर्यवेक्षण (आर.बी.एस.) को परिचालित किया गया है.

27. सतर्कता और धोखाधड़ी निगरानी :

बैंक के सतर्कता विभाग का प्रमुख मुख्य सतर्कता अधिकारी (सी.वी.ओ) होता है. सी.वी.ओ को सतर्कता विभाग के दिन-प्रति-दिन के कार्य करने के लिए सहा महाप्रबंधक (सतर्कता) और अन्य कर्मचारियों द्वारा सहायता प्रदान की गई है. क्षेत्रीय कार्यों के लिए, सतर्कता अधिकारीगण, प्रधान कार्यालय (एच. वी.ओ.) को बैंक में सतर्कता कार्यों का प्रबंध के लिए विभिन्न भौगोलिक केंद्रों पर तैनात किए गए हैं.

विभाग सूचित धोखाधड़ियों की कार्यप्रणालियों तथा उनकी रोकथाम के लिए किए गए उपायों के बारे में कर्मचारियों को जानकारी देता है और इस प्रकार निवारक सतर्कता क्रियाकलापों पर अधिक बल दिया जाता है. विभाग धोखाधड़ियों में सम्मिलित कर्मचारियों की भूमिका और दंड दिए जाने तक उनके खिलाफ की जानेवाली कार्रवाई पर भी निगरानी रखता है. सतर्कता अधिकारी धोखाधडियों की जांच करते हैं और प्रणालियों और पद्धतियों के उल्लंघन की जानकारी भी प्राप्त करते है और इस प्रकार की धोखाधड़ियां दोबारा होने से रोकने के लिए सुधार के उपाय भी बताते हैं. इसके अतिरिक्त, सभी अनुशासनात्मक मामलों में स्टाफ के विरूद्ध चूक के आरोप जारी करने की कार्रवाई प्रारंभ की गई. मामले यदि काई हो, तो सतर्कता दृष्टिकोण से उसे निर्धारित करने के लिए मुख्य सतर्कता अधिकारी को भेजे जाते हैं.

सतर्कता प्रशासन के बारे में अंचल सतर्कता अधिकारियों को अद्यतन जानकारी देने के लिए वार्षिक कार्यशालाएं आयोजित की जाती है. सतर्कता अधिकारियों को कौशल विकास कर सक्षम बनाने के लिए बाह्य स्तर पर आयोजित गुणवत्ता प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सहभागी होने के लिए नामित किया जाता है.

व्यापक रूप से, सतर्कता प्रशासन को निवारक, दंडात्मक और निगरानी / पहचान योग्य के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है.

सतर्कता विभाग मुख्य रुप से कर्मचारियों को विसल ब्लोअर नीति के बारे में शिक्षित करने, प्रणाली और प्रक्रियाओं के अनुपालन के लिए जागरूकता लाने, रिपोर्ट की गई धोखाधड़ी के मामलों के कार्य प्रणाली और निवारक उपायों के सुझाव देते हुए निवारक सतर्कता गतिविधियों पर बल दे रहा है.

शाखाओं में निवारक सतर्कता अभ्यास अंचल सतर्कता अधिकारियों एवं प्रधान कार्यालय के सतर्कता अधिकारियों द्वारा नियमित आधार पर आयोजित की जाती है. पी.वी.डी के दौरान, सतर्कता अधिकारीगण, निवारक सतर्कता अभ्यास सतर्कता विभाग द्वारा प्रदान किए गए प्रारूप के आधार पर आयोजित करते है और उसकी रिपोर्ट अंचल प्रबंधक को प्रस्तुत करते है. वे निवारक सतर्कता के लिए नवीनतम घटनाओं के संबंध में किए जा रहे उपायों के बारे में स्टाफ को जागरूक बनाते है.

शाखा स्तर पर निवारक सतर्कता समितियों का गठन किया गया है जो सतर्कता विभाग द्वारा परिचालित धोखाधड़ियों की प्रणालियों के बारे में विचार विमर्श करते है जिससे धोखेबाजों बैंक में की जानेवाली धोखाधड़ी को रोका जा सके.

एक सप्ताह की अवधि वाले प्रत्येक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में नैतिक व्यवहार और पर व्याख्यान दिए जाते हैं. अपने कर्तव्यों के निर्वाह में उनके द्वारा अपनाए

जानेवाले सतर्कता उपायों के बारे में स्टाफ सदस्यों को जानकारी देने के लिए सतर्कता जागृति सप्ताह मनाया गया.

बैंक ने अपने हितधारतों की जानकारी के लिए सतर्कता प्रशासन के संबंध में सभी अनुदेशों को शामिल करते हुए सतर्कता अनुदेश पुस्तक भी जारी किया है. सतर्कता अनुदेश पुस्तक को दिसंबर 2016 में अंतिमतः अद्यतन किया गया था. इसके अतिरिक्त, विभाग ने अपने सभी हितधारकों की जानकारी के लिए सी.वी.सी. मैन्युअल 2017 को बैंक की इंट्रानेट साईट पर अपलोड भी किया गया है.

27.2 धोखाधड़ी निगरानी कक्ष

धोखाधडी निगरानी कक्ष स्वतंत्र महाप्रबंधक के निर्देशन और नियंत्रण के अंतर्गत कार्य कर रहा है.

धोखाधड़ी की घटनाओं को अंचलों द्वारा प्रधान कार्यालय के धोखाधड़ी निगरानी कक्ष को रिपोर्ट किया जाता है. एफ.एम.सी. उसकी संवीक्षा के साथ, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक / कार्यपालक निदेशक को नोट प्रस्तुत करता है और उसका अनुमोदन प्राप्त होने के पश्चात एफएमआर -1 के माध्यम से भारतीय रिजर्व बैंक को धोखाधड़ी की रिपोर्ट की जाती है.

कार्यात्मक महाप्रबंधक को समाविष्ट कर, धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन समिति रिपोर्ट की गई धोखाधड़ी का मूल्यांकन करने और प्रणाली और नियंत्रण के उन क्षेत्रों की पहचान करने के लिएआवधिक रूप से बैठकें आयोजित करते हैं, जिन्हें धोखाधड़ी की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता है.

बड़े मूल्य की धोखाधडियों की विशेष समिति मंडल की उप-समिति, बड़े मुल्य की धोखाधड़ी की कार्यप्रणाली पर विचार करती है और इस प्रकार की धोखाधडियों को रोकने के उपाय भी बताती है.

धोखाधड़ी निगरानी कक्ष मंडल को वैयक्तिक धोखाधडियों, ऐसे धोखाधडियों को रोकने के लिए किए जाने वाले उपायों, कर्मचारियों के विरूद्ध आरंभ की गई कार्रवाई और दायर मामलों की स्थिति के बारे वित्तीय सेवाएं विभाग/ केंद्रीय सतर्कता आयोग तथा भारतीय रिजर्व बैंक को कक्ष द्वारा आवधिक रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है.

28. राजभाषा

1. बैंक आलोच्य वित्तीय वर्ष के दौरान अपने प्रयासों की पहचान के मापदण्ड के रूप में राजभाषा हिंदी को बढाने में अग्रणी रहा.

2. पुरस्कार

आलोच्य वर्ष के दौरान,

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक) द्वारा राजभाषा के श्रेष्ठ कार्य निष्पादन के लिए हमारे अंचल कार्यालय नाशिक, लुधियाना, उत्तर भारत, राजकोट, दुर्ग, ठाणे, हैदराबाद, पुणे और चैन्ने को विभिन्न पुरस्कार प्रदान किए गए.

3. प्रशिक्षण

बैंक ने राजभाषा हिंदी के प्रयोग को आगे बढाने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया. वित्तीय वर्ष के दौरान 126 हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन किया गया, जिसमें 1905 स्टाफ कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया. इसके अलावा कर्मचारियों को अपना कार्य हिन्दी में करने हेतु व्यावहारिक प्रशिक्षण देने के लिए डेस्क प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए.

4. वर्ष के दौरान, संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उप-समिति द्वारा हमारे प्रधान कार्यालय और जोधपुर शाखा (जयपुर अंचल) का निरीक्षण किया गया.

1. हिंदी सॉफ्टवेयर

तकनीकी परिवर्तनों के साथ सामंजस्य बनाए रखते हुए, बैंक ने विभिन्न प्रशासनिक कार्यालयों तथा अंचल कार्यालयों एवं कार्पोरेट कार्यालय में कार्यरत सभी कंप्यूटरों में द्विभाषिक शब्द संसाधन की सुविधा प्रदान की है.

कार्यालयीन कामकाज में हिंदी का प्रयोग बढ़ाने के लिए डी.आई.आई.टी., मुंबई तथा अन्य कर्मचारी प्रशिक्षण केंद्रों में हिन्दी सॉफ्टवेयर कार्यक्रम आयोजित किए गए. बैंक द्वारा संस्थापित सभी ए.टी.एम. में द्विभाषिक एक्सेस सुविधा उपलब्ध है.

6. प्रचार में हिंदी का प्रयोग

आम जनता और ग्राहकों में अपनी विभिन्न योजनाओं का प्रचार करने के लिए, हमारी विभिन्न योजनाओं के पेम्फलेट एवं प्रचार सामग्री हिन्दी में तैयार करके मुद्रित करवाई गई.

7. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान बैंक ने अपनी गृह पत्रिका देना ज्योति के सभी अंक विभिन्न बैंकिंग विषयों पर विशेषांक के रुप में द्विभाषी रुप में प्रकाशित किये.

8. तीनों भाषिक क्षेत्रों (क, ख, ग) में स्थित बैंक शाखाएं / कार्यालय भारत सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के स्तर में सुधार करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं और हमारी ग्राहक सेवा में सुधार के लिए इसे संप्रेषण का मुख्य माध्यम बनाने के लिए प्रयासरत हैं.

9. कार्पोरेट संप्रेषण में राजभाषा हिन्दी की भूमिका को बढाने के लिए तथा हमारे स्टाफ सदस्यों को नवीनतम विषयों एवं विभिन्न क्रियाकलापों के बारे में जानकारी देने के लिए, हमारे प्रधान कार्यालय स्तर से, राजभाषा विभाग द्वारा सभी शाखाओं/विभागों को दैनिक आधार पर ई-मेल के माध्यम से हिंदी-अंग्रेजी टिप्पणियां, आज का विचार और आज का शब्द के साथ-साथ राजभाषा संबंधी नियमों/ विनियमों/योजनाओं आदि के बारे में जानकारियां भी भेजी जाती है. ताकि राजभाषा विभाग (गृह मंत्रालय) द्वारा निर्धारित वार्षिक लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके.

29. सूक्ष्म और लघु उद्यमों से खरीदः

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान बैंक ने विभिन्न विक्रेताओं से रु 8871.17 करोड़ की खरीद की. इसमें से एम.एस.ई. से की गई खरीद रु. 783.75 करोड़ है और उनमे से अ.जा./अ.ज.जा. उद्यमियों के स्वामित्ववाली एम.एस.ई. इकाइयों से की गई खरीद रु.148.08 करोड़ है. एम.एस.ई. के लाभ के लिए इसके विवरण बैंक की वेबसाइट पर प्रदर्शित किए जा रहे है.

इसमें कोई सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम नहीं है, जिस पर बैंक की बकाया देय हो, जो 31 मार्च 2018 तक 45 दिनों से अधिक के लिए बकाया हैं. यह जानकारी सुक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास अधिनियम, 2006 के अंतर्गत प्रकट होने की आवश्यकता है. जो इस सीमा तक निर्धारित किया गया है कि बैंक के पास उपलब्ध सूचना के आधार पर ऐसी पार्टियों की पहचान की गई है.

30. नियामक दिशानिदेशों का अनुपालन

कार्पोरेट अभिशासन के अंतर्गत विभिन्न अनिवार्यताओं तथा विनियामक, सरकार आदि के अनुदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए बैंक के प्रधान कार्यालय से अनुपालन विभाग कार्य करता है. ए.एम.एल / के. वाई.सी. और पी.एम.एल.ए. के तहत नियमों का अनुपालन भी विभाग की जिम्मेदारी है. बैंक ने विनियामक अपेक्षाओं के अनुपालन की रिपोर्टिंग के

लिए एक शीर्ष कार्यपालक वर्ग (टी.ई.जी) को मुख्य अनुपालन अधिकारी के रूप में पदनामित किया है तथा वह एफ.आई.यू-इंडिया, नई दिल्ली को अनुपालन के लिए प्रधान अधिकारी (ए.एम.एल/के.वाई.सी.) के रूप में भी पदनामित है. भारत सरकार / भा. रि. बैं. / आई.बी.ए / एफ.आई.यू और अन्य विनियामक/सांविधिक अधिकारियों से प्राप्त विभिन्न निर्देशों/अनुदेशों के अनुपालन के लिए बोर्ड को समय-समय पर अवगत कराया जाता है. पी.एम.एल.ए के मामले में, बैंक द्वारा सी.टी.आर./एन.टी.आर./ सी.सी.आर./ सी.बी.डब्ल्यू.टी.आर. और एस.टी.आर. के अनुपालन की स्थिति को ए.एम.एल. / के.वाई.सी. की दिशा में की गई तैयारी के साथ बोर्ड के समक्ष रखा जाता है.

अनुपालन विभाग, वार्षिक आधार नीतियों अर्थात अनुपालन और ए.एम.एल./के.वाई.सी. में पर अद्यतन और अभिग्रहण के लिए बोर्ड की मंजूरी प्राप्त कर रहा है.

अनुपालन विभाग निरंतर रूप से, यह सुनिश्चित करता है कि भारतीय रिजर्व बैंक / एफ.आई.यू.-इंडिया द्वारा उपलब्ध कराई गई आतंकवादी संगठनों / व्यक्तियों की सूची को बैंक की इंट्रानेट साईट पर अद्यतन किया जाए जिसका उपयोग नए / विद्यमान खातों के परिचालन करते समय क्षेत्रों में कार्यरत अधिकारियों द्वारा तैयार संदर्भ के रूप में किया जा सके.

संसाधन विकास के लिए, अनुपालन विभाग नियमित रूप से अपने प्रशिक्षण कॉलेज / केंद्रों में बैंक कर्मचारियों के लिए अनुपालन और ए.एम.एल/के.वाई.सी. पर विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन करता है.

कारोबार उत्तरदायित्व रिपोर्ट 2017-18

खंड क: बैंक के बारे में सामान्य जानकारी

कॉर्पोरेट पहचान संख्या (सी.आई.एन.)	लागू नहीं
देना बैंक	देना बैंक
पता	देना कॉर्पोरेट सेंटर, सी -10, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा पूर्व, मुंबई, महाराष्ट्र - 400051
वेबसाइट	www.denabank.com
ईमेल आईडी	investorgrievances@denabank.co.in irc@denabank.co.in
वित्तीय वर्ष की रिपोर्ट	2017-18

बैंक मुख्य रूप से अपने ग्राहकों को बैंकिंग और वित्तीय सेवाएं प्रदान करने में कार्यरत है और बैंक के अधिकांश उत्पादों और सेवाओं को मुख्यतः तीन श्रेणियों में बांटा गया है:

1. **जमा –** मूल बचत बैंक खाता, देना नकद प्रमाणपत्र, देना सावधि जमा योजना, देना फ्रीडम जमा योजना, देना जीवन बचत खाता, देना ऋण लिंक्ड आवर्ती जमा योजना, देना महा टैक्स बचत योजना, देना लघु बचत योजना, देना प्लेटिनम चालू खाता योजना, देना आवर्ती जमा योजना, देना समृद्धि जमा योजना, देना सेविफिक्स जमा योजना, देना वरिष्ठ नागरिक योजना, देना स्त्री शक्ति, देना सुपर प्रीमियम चालू खाता, ऑनलाइन मीयादी डिपॉजिट, प्रीमियम चालू खाता योजना, प्रीमियम बचत खाता योजना आदि.
2. **ऋण और अग्रिम –** कार्पोरेट ऋण (शैक्षिण आतिथ्य सरकार भू संपदा मनोरंजन और अस्पताल उद्योग के लिए विशेष योजना), देना उपभोक्ता टिकाऊ ऋण, देना डॉक्टर +, देना गोल्ड ऋण योजना, संपत्ति के समक्ष देना ऋण योजना, देना निवास आवास वित्त योजना, सी.ए. के लिए देना प्रोफेशनल ऋण योजना, सी.एस. और सी.एफ.ए, देना किराया योजना (किराया प्राप्तियों के समक्ष वित्त), देना वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स ऋण योजना, देना सुविधा (व्यक्तिगत ऋण) योजना, देना व्यापार वित्त योजना, देना वाहन ऋण योजना, देना विद्या लक्ष्मी शैक्षणिक ऋण योजना, आई.बी.ए. मॉडल कौशल ऋण योजना / कौशल ऋण योजना आदि.
3. **अन्य –** ए.एस.बी.ए, बैंकबीमा, डीमैट सेवा, देना ए.टी.एम. कार्ड सेवाएं, देना बैंक वन क्लिक भुगतान सुविधा, देना ईज़ीपोस बिक्री केंद्र टर्मिनल, देना ई.टैक्स भुगतान, देना गिफ्ट कार्ड, देना इंस्टा भुगतान, देना प्लेटिनम डेबिट कार्ड (रुपे), देना रिवार्डज़, देना एस.एम.एस. सूचना सेवाएं, प्रत्यक्ष कर संग्रह, म्युचुअल फंड का वितरण, ई भुगतान सरकारी ट्रेज़री विभाग, ई-समार्ट सेवा, इनबाउंड प्रेषण, अप्रत्यक्ष कर, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस), ऑनलाइन दान, लोक भविष्य निधि (पीपीएफ) खाता, आर.टी.जी.एस. / एन.ई.एफ.टी, रुपे पेसेक्यूअर सेवाएं, सुकन्या समृद्धि खाता, टैब बैंकिंग, वीज़ा सेवाओं द्वारा सत्यापन, भीम आधार देना, भीम (भारत इंटरफेस फॉर मनी), भीम देना यूपीआई, ई-केवाईसी, ओटीपी आधारित आधार सत्यापन, ई-एनपीएस/ई-एपीवाई, वस्तु एवं सेवा कर (जी.एस.टी.), वरिष्ठ नागरिक बचत योजना.

   बैंक की भारत में 1872 शाखाएं (72 सैटेलाइट शाखाओं सहित) और 31 मार्च 2018 तक 27 मिलियन से अधिक ग्राहक हैं.

खंड ख: 31 मार्च 2018 को बैंक के वित्तीय विवरण

प्रदत्त पूंजी (आई.एन.आर.)	रू. 2259.05 करोड़
कुल कारोबार (आई.एन.आर.)	रू. 180368.73 करोड़
शुद्ध हानि (आई.एन.आर.)	रू. 1923.15 करोड़
कॉरपोरेट सामाजिक जिम्मेदारी पर कुल व्यय (सीएसआर) (%)	रू. 2.55 करोड़

कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी:

देना बैंक कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) के उद्देश्य के लिए प्रतिबद्ध है और सामाजिक और सामुदायिक विकास हेतु सक्षम बनाकर इसे अपने कारोबार मॉडल में समन्वित करता है. बैंक विभिन्न विकास कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को सशक्त बनाने में प्रयासरत है. 2017-18 के दौरान बैंक ने रु. 2.55 करोड़ व्यय किया.

रिपोर्टिंग वर्ष में सी.एस.आर. के अंतर्गत बैंक द्वारा किए गए कुछ उल्लेखनीय परियोजनाओं में शामिल हैं - देना ग्रामीण स्वयं रोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) बिल्डिंग देना ग्रामीण विकास संस्थान (डी.आर.डी.एफ.) का निर्माण, संरक्षित निधि - आरसेटी के दिन-प्रतिदिन के परिचालन व्यय हेतु, आदि.

खंड ग: अन्य विवरण

क्या बैंक की कंपनी की कोई सहायक कंपनी / कंपनियां हैं?	**नहीं**
क्या सहायक कंपनी / कंपनियां मूल कंपनी की बी.आर. पहल में भाग लेती हैं? यदि हां, तो ऐसी सहायक कंपनी (कंपनियों) की संख्या बताएं.	लागू नहीं
किसी भी अन्य संस्था / संस्थाओं (जैसे, आपूर्तिकर्ताओं, वितरकों आदि) जो बैंक के साथ कारोबार करते हैं; बैंक की बी.आर. पहल में भाग लेते हैं? यदि हां, तो ऐसी संस्था / संस्थाओं का प्रतिशत बताएं? 30% से कम, 30-60%, 60% से अधिक	लागू नहीं

कारोबार उत्तरदायित्व रिपोर्ट 2017-18

खंड घ: बी.आर. सूचना

1. बीआर के लिए उत्तरदायी निदेशक / निदेशकों का विवरण

(अ) बी.आर. नीति / नीतियों के कार्यान्वयन के लिए उत्तरदायी निदेशक / निदेशकों का विवरण

1. डी.आई.एन. संख्याः लागू नहीं
2. नामः श्री रमेश एस. सिंह
3. पदनामः कार्यपालक निदेशक

(ब) बी.आर. प्रमुख का विवरणः

संख्या	विवरण	विवरण
1.	डी.आई.एन. संख्या (यदि लागू हो)	लागू नहीं
2.	नाम	उषा रवि
3.	पदनाम	महाप्रबंधक
4.	टेलीफोन नंबर	022 - 2654 5607
5.	ई-मेल आई.डी.	gmfmsec@denabank.co.in

कारोबार उत्तरदायित्व रिपोर्ट के बारे में

यह एक विनियामक आवश्यकता है, अतः यह वार्षिक रिपोर्ट के साथ प्रतिवर्ष प्रकाशित होती है. बैंक का बी.आर. निष्पादन प्रतिवर्ष मूल्यांकित करना है. बैंक की बीआर रिपोर्ट हमारी वेबसाइट पर वित्तीय वार्षिक रिपोर्ट 31 मार्च 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक रिपोर्ट पर देखा जा सकता है:

सिद्धांत-वार (एन.वी.जी. के अनुसार) बी.आर. नीति / नीतियां (हां / नहीं में उत्तर दें)

संख्या	प्रश्न	कारोबार	उत्पाद दायित्व	कर्मचारियों के हित	हितधारकोंकी नियुक्ति	मानव	पर्यावरण	सार्वजनिक	सी.एस.आर.	ग्राहक संबंध
		पी1	पी 2	पी 3	पी 4	पी 5	पी 6	पी 7	पी 8	पी 9
1	क्या आपके के पास नीति / नीतियां हैं?	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां
2	क्या संबंधित हितधारकों के साथ परामर्श कर नीति तैयार की जा रही है?	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां
3	क्या नीति किसी राष्ट्रीय / अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुरूप है? यदि हां, तो निर्दिष्ट करें?	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां
4	क्या नीति को मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है?									
	यदि हां, तो क्या इसे एमडी / स्वामी / सी.ई.ओ. / उपयुक्त मंडल निदेशक द्वारा हस्ताक्षरित किया गया है?	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां
5	क्या नीति के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए बैंक की एक विशिष्ट समिति / निदेशक / आधिकारिक समिति है?	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां
6	नीति को ऑनलाइन देखने के लिए लिंक सूचित करें?	मुख्य पृष्ठ http://www.denabank.com								
7	क्या नीति औपचारिक रूप से सभी प्रासंगिक आंतरिक और बाह्य हितधारकों को भेजी गई है?	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां
8	क्या नीति / नीतियों को लागू करने के लिए बैंक में आंतरिक संरचना है.	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां
9	नीति / नीतियों से संबंधित हितधारकों की शिकायतों को दूर करने के लिए नीति / नीतियों से संबंधित बैंक का शिकायत निवारण तंत्र है?	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां
10	क्या बैंक ने आंतरिक या बाह्य एजेंसी द्वारा इस नीति के कार्यचालन का स्वतंत्र लेखा परीक्षा / मूल्यांकन किया है?	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां

कारोबार उत्तरदायित्व रिपोर्ट 2017-18

खंड ङ : सिद्धांत-वार कार्य निष्पादन

देना बैंक अपने कारोबार को एक सामाजिक रूप से उत्तरदायी तरीके से संचालन और वृद्धि करने के लिए प्रतिबद्ध है. बैंक आश्वस्त है कि कारोबार जो नागरिकों की चिंताओं को प्रत्यक्ष रूप से और पर्यावरण की आवश्यकताओं का समाधान करता हो, दीर्घावधि में समृद्ध करेगा.

रिपोर्ट, कारोबार उत्तरदायित्व के लिए सेबी बीआरआर के परिपत्र संख्या सीआईआर/सीएफडी/सीएमडी/10/2018 दिनांक 4 नवंबर 2015 में उल्लिखित नौ सिद्धांतों के अंतर्गत बैंक द्वारा की गई गतिविधियों की एक संक्षिप्त समीक्षा प्रस्तुत करती है.

सिद्धांत 1 – सुदृढ़ कॉरपोरेट अभिशासन

भ्रष्टाचार, अनाचार, निधियों के दुर्विनियोजन और गबन आदि की प्रभावी जांच सुनिश्चित करने के लिए नियामक/सी.वी.सी. द्वारा जारी दिशानिर्देशों का सुस्पष्ट रूप से पालन किया जाता है और उपयुक्त नियंत्रण तंत्र बनाया गया है. अनुपालन कार्य का स्वतंत्र रूप से कॉर्पोरेट कार्यालय में निगरानी रखा जाता है. बैंक का यह मानना है कि वह सार्वजनिक धन का संरक्षक है और अपने दायित्वों और जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए, इसे बड़े पैमाने पर जनता का विश्वास और आस्था को बनाना और बनाए रखना है. बैंक प्रत्येक वर्ष अपनी वार्षिक रिपोर्ट के साथ एक कॉर्पोरेट अभिशासन रिपोर्ट भी प्रकाशित करता है.

सिद्धांत 2 – सतत उत्पाद और सेवाएं

बैंक अर्थव्यवस्था में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के निर्वहन से अवगत है. एक वित्तीय उत्पादों और सेवाओं को उपलब्ध कराने और दूसरा वह कि उन आर्थिक रूप से अपवर्जित को बैंकिंग सेवाएं प्रदान करके परिवर्तन एजेंट के रूप में, जो अब तक आर्थिक रूप से बाहर रखा गया था. ध्यान देने वाले क्षेत्रों में नई तकनीक के साथ ग्राहकों तक पहुंचने और नए संबंधों को मजबूत बनाना शामिल हैं. देश की प्रगति में भागीदार के रूप में, बैंक अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों की आवश्यकताओं के लिए ऋण प्रदान करता है, चाहे वह बड़ा उद्योग हो या एमएसएमई क्षेत्र, निर्यात, व्यापार, कृषि, बुनियादी ढांचा या निजी खंड हो. बैंक वंचितों की आवश्यकताओं को पूर्ण करने हेतु वित्तीय समावेशन के लिए सार्थक पहल करने में अग्रणी रहा हैं.

बैंक वित्तीय उत्पादों और सेवाओं को विकसित और उपलब्ध कराने का प्रयास करता है, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से दीर्घकालिक पर्यावरणीय लाभ और सामाजिक विकास की ओर अग्रसर हैं. ग्राहक की जरूरतों को पूर्ति के साथ-साथ पर्यावरण / समाज हेतु लाभकारी कुछ महत्वपूर्ण उत्पाद इस प्रकार हैं:

- **नकदीरहित अभिनव बैंकिंग:** नकदीरहित और अभिनव बैंकिंग को बढ़ावा देने के लिए, बैंक ने कई उत्पाद शुरू किए हैं अर्थात कोर बैंकिंग समाधान, देना आई-कनेक्ट-इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, एटीएम, माइक्रो एटीएम / टैब, यूएसएसडी सुविधा - बिना इंटरनेट के लेनदेन, पीओएस मशीन- पीएमजेडीवाई खाता धारकों को रु-पे कार्ड के माध्यम से लेनदेन, रु-पे कार्ड, एईपीएस, ई-लॉबियाँ आदि, भीम देना यूपीआई, देना भीम आधार मर्चेंट पे एप आदि, सभी बैंक मित्रों को 1.1.5 संस्करण के अंतर-संचालित टैब प्रदान किया गया है. टैब के आधार आधारित लेनदेन एनपीसीआई के माध्यम से कराए जाते हैं.
- **वित्तीय समावेशन:** वित्तीय पहुंच और वास्तविक वित्तीय समावेशन में सुधार करने के लिए बैंक ने कई पहल की हैं. बैंक ने वित्तीय पहुंच में सुधार के लिए विभिन्न बैंकिंग सेवाओं की जानकारी के प्रसार के लिए वित्तीय साक्षरता शिविर, ग्राम बैठकों और जागरूकता शिविरों का आयोजन करने की रणनीति अपनाई है. बैंक ने प्रधान मंत्री जन-धन योजना (पीएमजेडीवाई) को सफलतापूर्वक लागू किया है. वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने देना बैंक को ग्रामीण क्षेत्रों में पीएमजेडीवाई के तहत सबसे अधिक खाता खोलने के लिए सभी बैंकों में प्रथम घोषित किया है. मुंबई में 23 फरवरी 2018 को आयोजित बैंकिंग प्रौद्योगिकी सम्मेलन एवं एक्सपो अवार्ड 2018 में भारतीय बैंक संघ (आईबीए) द्वारा लघु आकार के बैंक की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ वित्तीय समावेशन पहल के लिए विजेता के रूप में देना बैंक को पुरस्कृत किया गया.
- **डिजिटल बैंकिंग:** डिजिटल इंडिया ड्राइव के अंतर्गत, बैंक ने गुजरात राज्य में डिजिटलीकरण और डिजिटल भुगतान और उत्पादों जैसे मोबाइल वॉलेट, रूपे डेबिट कार्ड, यूपीआई, एईपीएस, मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग, पीओएस आदि के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए 52 गांवों को अपनाया है. इन सभी गांवों में जागरुकता लाने हेतु कार्यक्रमों का आयोजन किया है.
- सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) की आवश्यकताओं को पूरा करने वाले सभी उत्पाद और सेवाएं.
- ग्रामीण और कृषि बैंकिंग के तहत आने वाले सभी उत्पाद, सेवाएं और योजनाएं.

सिद्धांत 3 – कर्मचारी कल्याण

बैंक एक सतर्क और विस्तृत संगठन है, लोगों को बेहतर करते हुए अच्छा करने के लिए प्रेरित करता है. सतत, लाभदायक विकास तब प्राप्त किया जा सकता है जब लोग संगठन प्रदर्शन को मूल्यों के साथ जोड़कर टीम भावना से कार्य करें.

मानव संसाधन पहल

देना बैंक का मानना है कि एक प्रशिक्षित, प्रेरित और उत्पादक कार्यबल बैंक की सबसे बड़ी परिसंपत्ति है. इसे ध्यान में रखते हुए, बैंक ने मानव संसाधन प्रबंधन को बढ़ाकर संगठनात्मक दक्षता में सुधार के लिए कई सक्रिय कदम उठाए हैं. यह युवा प्रतिभाओं को आकर्षित कर रहा है जिन्हें बैंक के अनुभवी कर्मचारियों द्वारा परामर्श दिया जा रहा है. बैंक ने विभिन्न नीतियों, प्रक्रियाओं और प्रणालियों को सुव्यवस्थित किया है. मानव संसाधन प्रबंधन ने निम्नलिखित को लागू किया है:

- पारदर्शी और विषयनिष्ठ निष्पादन प्रबंधन प्रणाली (पीएमएस) भारत सरकार के दिशानिर्देशों को समाविष्ट करती है.
- बैंक ने महत्वपूर्ण भूमिकाओं के लिए उत्तराधिकार की योजना बनाई है और नेतृत्व की परंपरा के निर्माण की प्रक्रिया में है.
- एचआरएमएस के आरंभ ने, कर्मचारियों की शिकायतों के निवारण और उनके लाभों को केंद्रीकृत संस्वीकृति प्रदान करने के लिए एक केंद्र के रूप में कर्मचारियों की संतुष्टि में काफी वृद्धि की है.
- इसी प्रकार, वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान कई अन्य ऐसी पहल की गई है, जिनका उद्देश्य कर्मचारियों को व्यस्त, प्रतिस्पर्धी और संतुष्ट रखना है.

कार्य-जीवन संतुलन

कर्मचारियों के लिए कार्य-जीवन संतुलन को बढ़ावा देने के लिए बैंक द्वारा कई पहल किए गए हैं और कर्मचारियों की भागीदारी और कर्मचारी संतुष्टि स्थापित करने के लिए हर संभव प्रयास किया गया है. प्रतिभाशाली कर्मचारियों को प्रेरण हेतु बैंक की एक आकर्षक प्रोत्साहन नीति है जिसमें फास्ट ट्रैक पदोन्नति भी शामिल है.

बैंक अपने कर्मचारियों को सुविधाएं, लाभ और कल्याणकारी योजनाएं भी प्रदान करता है ताकि वे एक अच्छा कार्य-जीवन संतुलन बनाए रख सकें. अपने कर्मचारियों की चिकित्सा आवश्यकताओं का ध्यान रखने के लिए पूरे देश में कई अस्पतालों के साथ एक गठजोड़ व्यवस्था की है. बैंक की विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं हैं जैसे कैंटीन सब्सिडी, शिक्षा ऋण, चिकित्सा और अस्पताल में भर्ती खर्च की प्रतिपूर्ति आदि.

कर्मचारियों के अन्य लाभों में स्वास्थ्य शिविर, बैंक का स्थापना दिवस, हिंदी दिवस, स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस आदि पर समारोह शामिल हैं. 31 मार्च 2018 को बैंक में कुल 13,613 कर्मचारियों में से 3,705 महिलाएं और 351 दिव्यांग कर्मचारी थे.

मानव अधिकारों का सम्मान:

बैंक अपने कार्यो के सभी क्षेत्रों में और उसके प्रभाव के क्षेत्र में मानवाधिकारों का सम्मान और समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है. बैंक ने कार्य-स्थल पर यौन उत्पीड़न निवारण समिति की स्थापना की है और किन्ही संबंधित चिंताओं को दूर करने के लिए पर्याप्त शिकायत निवारण तंत्र है. बैंक अपने कर्मचारियों के समूह / संगठन बनाने के अधिकारों का भी सम्मान करता है और सामूहिक रूप से उनकी चिंताओं की आवाज उठाता है. बैंक में कई कर्मचारी संगठन हैं.

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, शारीरिक विकलांग और भूतपूर्व- सैन्य कर्मचारियों की आरक्षण नीति के कार्यान्वयन और अखिल भारतीय देना बैंक एससी / एसटी / ओबीसी कर्मचारी संघ के साथ प्रधान कार्यालय और अंचल कार्यालय स्तरों पर आवधिक अंतराल पर शिकायतों के निवारण के लिए त्रैमासिक बैठकों की निगरानी के लिए बैंक ने महाप्रबंधक स्तर के अधिकारियों को मुख्य संपर्क अधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए नामित किया है.

उद्योग स्तरीय वेतन समझौता

बैंकों को प्रतिनिधित्व करने वाले भारतीय बैंक संघ और मान्यता प्राप्त यूनियनों / संघों के बीच सामूहिक बातचीत प्रक्रिया वेतन समझौता होता है. जो 5 वर्षो की अवधि के लिए मान्य है.

प्रशिक्षण और कर्मचारी कौशल विकास

ज्ञान रखने वाले संगठन के रूप में, बैंक समकालीन ज्ञान प्राप्त करने, निरंतर पुनः कौशल निर्माण और कौशल गतिविधियां बढाने और व्यवहार सुधार पर केंद्रित है. स्टाफ सदस्यों को जरूरत के आधार पर प्रशिक्षण प्रदान करना और इसे संगठनात्मक जरूरतों के अनुरूप करना बैंक की प्रशिक्षण प्रणाली की एक मजबूत विशेषता है.

सभी कर्मचारी संवर्गो के लिए प्रशिक्षण की आवश्यकताओं का मूल्यांकन किया जाता है. बैंक यह सुनिश्चित करने के लिए वचनबद्ध है कि स्टाफ सदस्य बुनियादी कार्य कौशल और अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारियों के वहन में सक्षम हैं. एक कर्मचारी के प्रशिक्षण आवश्यकताओं को अन्य स्थानों पर स्थित अंचलित प्रशिक्षण केंद्र के अलावा प्रशिक्षण महाविद्यालय सर सोराबजी पोचखानावाला बैंकर्स प्रशिक्षण कॉलेज, मुंबई द्वारा प्रदान किया जाता है.

रोजगार के समान अवसर

प्रबंधन और पर्यवेक्षी कर्मचारियों / अधिकारियों की भर्ती के लिए, रिक्त पदों की पहचान और इनके लिए उपयुक्त प्राधिकारी स्तर पर दिशानिर्देश मौजूद हैं.

संघ, भागीदारी और सामूहिक बौद्धिकता की आजादी

बैंक कर्मचारी संघ की स्वतंत्रता के सिद्धांत और बातचीत के अधिकार का अनुसरण करता है. बैंक की मानवाधिकार प्रथा कर्मचारियों के अधिकार के लिए सम्मान की स्वतंत्रता और सामूहिक वार्ता के लिए कर्मचारियों के अधिकारों की मान्यता का आश्वासन देता है, जो विधि सम्मत है.

सिद्धांत 4 – हितधारकों की वचनबद्धता

बैंक के लिए, हितधारक प्रबंधन महत्वपूर्ण है क्योंकि यह बैंक को अपनी प्रतिबद्धताओं को संवितरित करने में सहायक होता है और कारोबार के रूप में सफल होता है. बैंक सक्रिय रूप से ग्राहकों, शेयरधारकों, निवेशकों, कर्मचारियों, मीडिया इत्यादि जैसे हितधारकों के साथ वचनबद्ध है.

बैंक एक हितधारक को किसी ऐसे व्यक्ति के रूप में पहचानता है जो बैंक के संचालन से प्रभावित होता है या जो बैंक के संचालन को प्रभावित करता है. प्रभाव की सीमा के आधार पर वे या तो प्राथमिक, माध्यमिक या प्रमुख हैं. कर्मचारी, ग्राहक, बैंक के प्राथमिक हितधारकों में शामिल हैं, लेकिन सीमित नहीं हैं. स्थानीय समुदाय, आपूर्तिकर्ता, उद्योग संघ माध्यमिक हितधारकों में शामिल हैं, लेकिन सीमित नहीं हैं. और शेयरधारकों और प्रवर्तक विनियामक निकाय आदि मप्रमुखफ हितधारकों में शामिल हैं. बैंक औपचारिक या अनौपचारिक रूप से अपने सभी हितधारकों के साथ एक संवाद माध्यम से जुड़ा रहता है.

बैंक ध्यान पूर्वक अपने सभी संपर्क बिंदुओं जैसे शाखा, एटीएम, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, कॉल सेंटर आदि पर उत्कृष्ट ग्राहक सेवाएं प्रदान करता है. इसके अतिरिक्त, बैंक में :

- ❖ कॉर्पोरेट कारोबार शाखाओं में संपर्क अधिकारियों को नियुक्त करके एक शिकायतकर्ता को बैंक के सफल प्रचारक में बदलने के लिए पर्याप्त प्रशिक्षण प्रदान करना.
- ❖ ग्राहकों के किसी भी समस्या का समाधान करने के लिए एक 24x7 कॉल सेंटर भी स्थापित करना.

बैंक अपने ग्राहकों को प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया दोनों अभियानों के माध्यम से विभिन्न नए उत्पादों और सेवाओं के बारे में सूचित कर रहा है.

बैंक की आंतरिक गृह पत्रिका देना ज्योति स्टाफ सदस्यों के बीच एकता बनाने के उद्देश्य से प्रबंधन और कर्मचारियों के बीच आंतरिक संचार का एक उत्कृष्ट माध्यम रहा है. बैंक के इंट्रानेट पोर्टल पर सभी आंतरिक नीतियां, दिशानिर्देश, कोड, संप्रेषण सभी कर्मचारियों के लिए सुलभ हैं.

बैंक हर तिमाही में अपने प्रदर्शन के मुख्य आकर्षण सहित वित्तीय परिणाम प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित करता है. बैंक समय-समय पर सेबी (एलओडीआर) विनियमन के अनुसार विभिन्न प्रकटीकरण भी उपलब्ध कराता है. बैंक नियमित आधार पर विश्लेषक और निवेशक बैठक भी आयोजित करता है.

बैंक सरकार और अन्य समकक्ष बैंकों के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखता है और भारत में बैंकिंग उद्योग के कामकाज में सुधार के लिए विभिन्न नीतियां बनाने और उद्योग स्तर के मुद्दों पर सक्रिय रूप से भाग लेता है. बैंक का शीर्ष और वरिष्ठ प्रबंधन, शहरी, उप शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां बैंक सेवा प्रदान कर रहा है, आवधिक आधार पर, लोगों के साथ बातचीत करने और विभिन्न सेवाओं के विस्तार हेतु दौरा करते हैं.

बैंक पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई और अटल पेंशन योजना जैसी सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं / कार्यक्रमों के अंतर्गत भी योजनाएं प्रदान कर रहा है.

सिद्धांत 5 – मानवाधिकारों के लिए सम्मान

देना बैंक मानवाधिकारों के सिद्धांतों की पुष्टि करता है और मानवाधिकार तथा कर्मचारियों के हितों के संबंध में अचछा व्यवहार एवं अखंडता और खुलेपन के साथ ईमानदारी से परिचालन करता है. जिम्मेदार कॉर्पोरेट संस्था के रुप में, बैंक न केवल मानवाधिकारों के संबंध में केंद्रीय / राज्य / स्थानीय सरकार / अन्य वैधानिक प्राधिकरणों द्वारा जारी / अधिसूचित सभी दिशानिर्देशों को केवल दस्तावेजों में नहीं रखता बल्कि उनका अनुपालन भी करता है.

बैंक मानवाधिकारों के सिद्धांतों को बनाए रखेगा और हितधारकों के लिए मानवाधिकारों की सामान्य जागरुकता के महत्व में वृद्धि करेगा. बैंक अपने आपूर्तिकर्ताओं, कारोबार प्रतिनिधियों सहित कारोबार भागीदारों से उम्मीद करता है कि वह कर्मचारियों के मानवाधिकारों का सम्मान करें और इस संबंध में किसी भी प्रकार के उल्लंघन से बचे.

सिद्धांत 6 – पर्यावरण पर प्रभाव

बैंक, एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट संस्थान के रुप में, पर्यावरण के प्रति अपने दायित्वों का निर्वाह करता है. बैंक ने बेहतर पर्यावरण बनाने के लिए कई पहल की हैं. अपने कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए विभिन्न उपायों को अपना रहा है. सभी नई शाखाओं/ कार्यालयों में एल.ई.डी. लाईट और 5 स्टार रेटिंग वाले ए.सी. उपलब्ध कराए जा रहे

हैं और विद्यमान शाखाओं / कार्यालयों के लाईट फिटिंग्स/ए.सी. को उर्जा प्रयोग को कम करने के लिए एल.ई.डी. बल्ब और 5 स्टार रेटिंग वाले ए.सी. को चरणबद्ध तरीके से प्रतिस्थापित किया जा रहा है. इसके अतिरिक्त, बैंक अपने स्वामित्व वाले इमारतों पर सौर पैनलों को लगाने की योजना बना रहा हैं.

सिद्धांत 7 – जनहित समर्थन के लिए सिफारीश

देना बैंक, कारोबार परिस्थिति तंत्र और समुदायों में सकारात्मक प्रभाव लाने के उद्देश्य से जनहित समर्थन करता है. देना बैंक के लिए जनहित समर्थन केवल उद्योग के लिए कुछ लाभ प्राप्त करने के लिए सरकार से आदेश प्राप्त करना नहीं है, लेकिन बड़े पैमाने पर समाज के लाभ के लिए सर्वोत्तम समर्थन के बारे में भी हैं.

बैंक विभिन्न वित्तीय और उद्योग संबंधित व्यापार चेंबरों और संगठनों का सदस्य हैं. उसमें से कुछ निम्नानुसार हैं :

❖ भारतीय बैंक संघ (आई.बी.ए.)
❖ भारतीय बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थान (आई.आई.बी.एफ.)
❖ बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (आई.बी.पी.एस.)
❖ राष्ट्रीय बैंक प्रबंधन संस्थान (एन.आई.बी.एम.)
❖ उच्चस्तरीय वित्तीय अनुसंधान तथा अध्ययन केंद्र (सी.ए.एफ.आर.ए.एल.)
❖ भारतीय वाणिज्य और उद्योग मंडल परिसंघ (फिक्की)
❖ अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्य मंडल (आई.सी.सी.)
❖ भारतीय बैंकिंग संहिता और मानक बोर्ड (बी.सी.एस.बी.आई.)
❖ भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एन.पी.सी.आई.)
❖ क्लीयरिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (सी.सी.आई.)
❖ भारतीय उद्योग परिसंघ (सी.आई.आई.)
❖ भारत संबद्ध वाणिज्य मंडल एवं उद्योग (एसोचैम)
❖ राष्ट्रीय ऋण गारंटी न्यासी कंपनी (एन.सी.जी.टी.सी.)
❖ राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम (एन.एस.आई.सी.)
❖ सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए ऋण गारंटी न्यास (सी.जी.टी.एम.एस.ई.)
❖ राष्ट्रीय आवास बैंक (एन.एच.बी.)

बैंक इन निकायों के साथ सक्रिय रूप से सम्बद्ध है और वार्षिक बजट, ऋण नीति / मौद्रिक नीति, उत्पाद मूल्य निर्धारण पर दिशानिर्देश, विभिन्न सर्वेक्षण आदि विभिन्न मामलों पर जानकारी प्रदान करता है.

सिद्धांत 8 – समावेशी विकास

भारतीय रिजर्व बैंक वित्तीय समावेशन को परिभाषित करता है कि मुख्य धारा के वित्तीय संस्थानों से कम कीमत पर जहां भी आवश्यक हो, समाज के कमजोर वर्गों और कम आय समूहों को वित्तीय सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने के रुप में समय पर पर्याप्त ऋण उपलब्ध कराना है.

बैंक ने समावेशी संवृद्धि और न्यायसंगत प्रगति का समर्थन करने के लिए विभिन्न पहल / परियोजनाएं शुरू की हैं :

1. प्रधानमंत्री जन-धन योजना (पी.एम.जे.डी.वाई.):

31.03.2018 तक, पी.एम.जे.डी.वाई. के अंतर्गत 44.06 लाख खाते खोले गए और रु. 1023.95 करोड़ की जमाराशियां जुटाई है.

बैंक ने पी.एम.जे.डी.वाई. ग्राहकों को रु 5000/- तक की ओवरड्राफ्ट सुविधा प्रदान करने के लिए योजना को अनुमोदन प्रदान किया है जिन्होंने 15.08.2014 से 26.01.2015 के दौरान खाते खोले हैं बशर्ते कि उन खातों का 6 माह की अवधि के लिए संतोषजनक परिचालन किया गया हो. बैंक ने 36968 खातों को ओवरड्राफ्ट सुविधा स्वीकृत किया है.

गांवों में निम्नलिखित उपाए किए गए :

क) सभी बी.सी. स्थानों को ए.ई.पी.एस. लेन-देनों के लिए इंटरऑपरेबल टैब के साथ आवश्यक बुनियादी संरचना प्रदान की जा रही है.

ख) सभी बैंक मित्रों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है.

ग) इसके अतिरिक्त, बीसी मॉडल को और अधिक व्यवहार्य और निरंतर बनाने के लिए बुनियादी बैंकिंग सेवाओं, अतिरिक्त मूल्य वर्धित सेवाओं जैसे ऋण वसूली, आधार सीडिंग के लिए सहमति फॉर्मों का संग्रह, रूपे कार्ड सक्रिय करना आदि बीसी द्वारा निष्पादित किए जाते हैं.

2. वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम:

बैंक, भारतीय रिजर्व बैंक/भारतीय बैंक संघ के दिशानिर्देशों के अनुसार वित्तीय साक्षरता प्रसार कार्यक्रम चला रहा है. वित्तीय साक्षरता अभियान प्राथमिकता के आधार पर चलाया जा रहा है.

3. विशेष सामाजिक सुरक्षा योजना :

❖ प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना पी.एम.एस.बी.वाई.: दुर्घटना बीमा के लिए : 31.03.2018 तक, आवेदनों की कुल संख्या 17,88,262 हैं.

❖ प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना पी.एम.जे.जे.बी.वाई.: जीवन बीमा सुरक्षा के लिए : 31.03.2018 तक आवेदनों की कुल संख्या 4,65,284 हैं.

❖ अटल पेंशन योजना ए.पी.वाई.: अटल पेंशन योजना (ए.पी.वाई.) सह-अंशदायी स्थायी पेंशन योजना है. जो असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के बीच दीर्घायु जोखिम कम करने के लिए और असंगठित क्षेत्र में श्रमिकों को अपनी सेवानिवृत्ति के लिए स्वेच्छा से बचने के लिए प्रोत्साहित करता है. 31.03.2018 को आवेदनों की संख्या 65,582 है.

सिद्धांत 9 – ग्राहक केंन्द्रित

उत्पादों और सेवाओं से संबंधित सूचना बैंक की वेबसाइट में और शाखा परिसर में भी प्रदर्शित की जाती है. वित्तीय उत्पादों के बारे में जागरूकता पुस्तिकाओं और ब्रोशर के माध्यम से फैलाई जाती हैं. प्रभावी विपणन तकनीकों और विज्ञापन के माध्यम से बैंक अपने उत्पादों को इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया में प्रदर्शित करता है.

बैंक अपने ग्राहकों को त्वरित और कुशल सेवा प्रदान करने के लिए शीर्ष प्राथमिकता देता है. इस बात को ध्यान में रखते हुए, बैंक ने ग्राहक अधिकार नीति, शिकायत निवारण नीति आदि तैयार की है, जो बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं. शिकायत निवारण नीति में निर्धारित समय-सीमा के अनुसार ग्राहकों की शिकायतों का निवारण करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाते हैं.

बैंक द्वारा पालन की जाने वाली प्रणाली और प्रक्रियाओं की नियमित अंतराल पर समीक्षा की जाती है, प्रणाली में किसी कमी को यदि कोई हो, जो ग्राहक सेवा में और सुधार करने में मदद करती है.

कार्पोरेट अभिशासन रिपोर्ट 2017-18

1. अभिशासन संहिता पर बैंक की नीति

बैंक की कार्पोरेट अभिशासन नीति उत्कृष्ट प्रबंधन व्यवहार का उपयोग करने पर आधारित है जिससे कारोबार का प्रभावी प्रबंधन और नियंत्रण होगा. इससे बैंक के बोर्ड तथा वरिष्ठ प्रबंधन को नैतिक मानदंडों, पारदर्शिता, जिम्मेदारी और वित्तीय स्थिरता का पालन करते हुए निर्णय लेने में सुविधा होगी. बैंक का यह विश्वास है कि कार्पोरेट अभिशासन का इसके मूल मूल्यों से गहरा संबंध है और वह नैतिक व्यवहार, अपने कर्मचारियों के कल्याण, अपने ग्राहकों को उत्तम सेवाएं प्रदान करने, शेयर धारकों की अपेक्षाएं पूरी करने और समाज की अपेक्षाओं के अनुसार कार्य करने से जुड़ा हुआ है. इससे सभी हितधारकों को लाभ होगा जिसमें न केवल निदेशक मंडल और वरिष्ठ प्रबंधन शामिल हैं, बल्कि शेयर धारक, ग्राहक, कर्मचारी और समाज भी शामिल है.

कारोबार के विभिन्न क्षेत्रों पर निगरानी रखने के लिए बैंक के कार्पोरेट अभिशासन ढ़ांचे में मंडल के मंडल की 18 समितियां भी शामिल हैं.

भेदिया व्यापार की रोकथाम

देना बैंक ने भेदिया व्यापार की रोकथाम के लिए सेबी (भेदिया व्यापार निषेध) विनियम 2015 की अपेक्षाओं के अनुरूप "भेदिया व्यापार की रोकथाम के लिए देना बैंक आचरण संहिता" नामक व्यापक आचरण संहिता तैयार की है. भेदिया व्यापार की रोकथाम के लिए संहिता को बैंक की वेबसाइट पर भी रखा गया है. सभी निदेशक, वरिष्ठ प्रबंधन स्तर के कर्मचारी एवं बैंक के अन्य कर्मचारी, जिनकी बैंक की अप्रकाशित मूल्य संवेदनशील सूचना तक पहुंच है, इस कूट से अभिशासित हैं, बैंक ने श्रीमती उषा रवि, महाप्रबंधक, निवेशक संपर्क केंद्र प्रभारी को अनुपालन अधिकारी के रूप में नियुक्त किया है जो बैंक की प्रतिभूतियों में व्यापार करने के लिए पद्धतियां निर्धारित करने एवं आचार संहिता के कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार हैं. वर्ष के दौरान उक्त कूट का विधिवत् अनुपालन हुआ है.

आचार संहिता

निदेशक मंडल ने अपने निदेशकों तथा महाप्रबंधकों के लिए भारतीय बैंक संघ द्वारा परिचालित आदर्श आचार संहिता को अनुमोदन प्रदान किया है, जो सेबी के परिपत्र सीआईआर/सी डी/नीति कक्ष/2/2014 की आवश्यकताओं के अनुसार निदेशक मंडल द्वारा बाद में संशोधित किया गया है. कूट में अन्य बातों के साथ साथ ईमानदारी एवं नैतिक वैयक्तिक आचरण, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, पारदर्शिता एवं विधि तथा विनियमों आदि का अनुपालन शामिल है.आचार संहिता बैंक की वेब साइट पर उपलब्ध करायी गयी है.सभी निदेशकों और महाप्रबंधकों ने इस बात की पुष्टि की है कि उन्होंने 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए आचार संहिता का अनुपालन किया है.

बैंक ने सेबी (एल.ओ.डी.आर.) अधिनियम, 2015 में निर्धारित कॉर्पोरेट अभिशासन पर दिए गए दिशानिदेशों का अनुपालन किया है, जिसके अपेक्षित प्रकटीकरण नीचे दिए गए हैं :

2. निदेशक मंडल

बैंक के निदेशक मंडल का गठन बैंककारी विनियम अधिनियम 1949 और बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1970 तथा राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना, 1970 के प्रावधानों के द्वारा अभिशासित होता है.

दिनांक 31.03.2018 को निदेशक मंडल में 8 निदेशक शामिल हैं, जिनमें दो पूर्णकालिक निदेशक अर्थात सरकार द्वारा नियुक्त कार्यपालक निदेशक तथा 6 गैर-कार्यपालक निदेशक शामिल हैं. 6 गैर-कार्यपालक निदेशकों में से एक भारत सरकार का नामिती सरकारी निदेशक, एक भारतीय रिजर्व बैंक का प्रतिनिधि निदेशक, भारत सरकार द्वारा नियुक्त दो निदेशक और केद्र सरकार के अलावा, शेयरधारकों द्वारा चुनाव किए गए दो शेयरधारक निदेशक. निदेशकों के निम्नलिखित पद नीचे दिए गए विवरण के अनुसार रिक्त हैं:-

क्रम सं	पद	दिनांक से रिक्त
1	प्रबंध निदेश व मुख्य कार्यपालक अधिकारी	01.01.2018
2	कामगार कर्मचारी निदेशक	19.09.2017
3	अधिकारी कर्मचारी निदेशक	01.01.2016
4	अंशकालिक गैर-अधिकारी निदेशक सनदी लेखाकार	30.06.2014
5	भारत सरकार द्वारा नियुक्त किए जाने वाले - अंशकालिक गैर-अधिकारी निदेशक	05.12.2016
6	भारत सरकार द्वारा नियुक्त किए जाने वाले - अंशकालिक गैर-अधिकारी निदेशक	28.03.2018

चूंकि प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यपालक अधिकारी का पद रिक्त है अतः निदेशक मंडल की दिनांक 16 जनवरी 2018 को आयोजित बैठक में प्रबंध निदेशक के प्रशासनिक और वित्तीय अधिकारों को वरिष्ठ कार्यपालक निदेशक को सौंपा है और यह भी निर्णय लिया है कि वरिष्ठ कार्यपालक निदेशक मंडल की सभी उप समितियों की बैठको अध्यक्षता करें, जिनकी अध्यक्षता बैंक में प्रबंध निदेश व मुख्य कार्यपालक अधिकारी की नियुक्ति होने तक, पूर्व अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा की जाती थी. इसके अतिरिक्त, श्रीमती तृष्णा गुहा, कार्यपालक निदेशक की दिनांक 31.08.2017 को अधि-वर्षिता के पश्चात भारत सरकार द्वारा सेबी (एल.ओ.डी.आर.) विनियम, 2015 के विनियम 17 (1) (ए) के अंतर्गत यथा अपेक्षित बैंक के निदेशक मंडल में महिला निदेशक की नियुक्ति नहीं की गई.

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान निदेशक मंडल की निम्नलिखित तिथियों पर 13 बैठकों का आयोजन किया गया.

24.04.2017	09.05.2017	22.06.2017	29.07.2017	30.08.2017	23.09.2017
27.10.2017	10.11.2017	29.12.2017	16.01.2018	14.02.2018	06.03.2018
22.03.2018					

2.2 निदेशकों के विवरण:

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान निदेशक मंडल के निदेशकों के आवश्यक विवरण तथा मंडल की बैठकों में उनकी उपस्थिति के विवरण अनुबंध क, ख एवं ग में दिए गए हैं:

3. निदेशकों की समितियाँ

भारतीय रिजर्व बैंक/भारत सरकार/वित्त मंत्रालय/ वित्तीय सेवाएं विभाग द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुरूप और कार्पोरेट अभिशासन आदि के मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार बैंक ने अपने निदेशक मंडल की विभिन्न समितियों का गठन किया है जिनका ब्यौरा इस प्रकार है.

3.1 निदेशक मंडल की प्रबंधन समिति

मंडल ने राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना, 1970/1980 के प्रावधानों के अनुसार प्रबंधन समिति का गठन किया है. समिति के मुख्य कार्यो में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक / साख अनुमोदन समिति के विवेकाधीन अधिकारों से अधिक के साख प्रस्तावों की स्वीकृति, ऋण समझौते प्रस्ताव/बट्टे खाते लिखने के प्रस्ताव, सूट /अपील दायर करना, पूंजीगत एवं राजस्व व्यय के अनुमोदन के प्रस्ताव, सरकारी एवं अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों, कंपनियों / कॉर्पोरेट के शेयरों/ डिबेंचरों/बांडों में निवेश, हामीदारी सहित, परिसरों के अधिग्रहण

तथा किराए पर लेने के प्रस्ताव, दान और अन्य सभी वित्तीय अनुमोदनों आदि तथा प्रबंधन समिति को निदेशक मंडल द्वारा प्रस्तुत कोई अन्य मामले शामिल हैं.

दिनांक 31.03.2018 को समिति के सदस्यों के गठन का विवरण और वर्ष 2017-18 के दौरान उसकी बैठकों में उपस्थिति के विवरण अनुबंध ख और ग में दिए गए है.

समिति के सदस्यों की संरचना और बैठकों में उपस्थिति के विवरण अनुबंध ख और ग में दिए गए है.

3.2 निदेशक मंडल की लेखा परीक्षा समिति

निदेशक मंडल ने भारतीय रिजर्व बैंक के अनुदेशों के अनुसार अक्तूबर, 1995 में निदेशक मंडल की लेखा परीक्षा समिति का गठन किया.भारत सरकार द्वारा पत्र संख्या एफ सं 19/20/2007-बीओ-आई दिनांक 18 फरवरी, 2008 द्वारा दी गयी सूचना के अनुसार मई 2008 में समिति का पुनर्गठन किया गया.

आगे, भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपने पत्र सं. आर.बी.आई./2015-16/181-डीएसबी.एआरएस.बीसी 4 / 08.91.020/2015-16 दिनांक 24 सितंबर 2015 द्वारा सलाह दी है कि जिन बैंक में एक से अधिक कार्यपालक निदेशक है, तो निरीक्षण एवं लेखा के प्रभारी कार्यपालक निदेशक ए.सी.बी. के सदस्य होने चाहिए और जबकि अन्य कार्यपालक निदेशक को बैठक में उनके डोमेन से संबंधित विचार-विमर्श हेतु आमंत्रित किया जा सके.

लेखा परीक्षा समिति के कार्यों में लेखा परीक्षा कार्यों का पर्यवेक्षण करना, बैंक के वित्तीय कार्य निष्पादन की समीक्षा करना, समवर्ती / अन्य निरीक्षणों / लेखा परीक्षाओं के महत्वपूर्ण निष्कर्षो की समीक्षा करना, लेखांकन मानकों तथा सेवी (एल.ओ.डी.आर.) विनियम, 2015 के विनियम 18 के तहत विनिर्दिष्ट अन्य मामलों का अनुपालन कराना शामिल है. उक्त समिति तिमाही / वार्षिक लेखों को निदेशक मंडल के अनुमोदन हेतु संस्तुत करने के पहले उस पर चर्चा एवं विचार करती है.

निदेशक मंडल की लेखा परीक्षा समिति में निदेशक मंडल के पांच सदस्य शामिल हैं.

दिनांक 31.03.2018 को समिति के सदस्यों के गठन का विवरण और वर्ष 2017-18 के दौरान उसकी बैठकों में उपस्थिति के विवरण अनुबंध ख और ग में दिए गए है.

3.3 निदेशकों की पारिश्रमिक समिति

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पूर्ण कालिक निदेशकों के पारिश्रमिक भारत सरकार द्वारा निर्धारित किया जाता है. भारत सरकार द्वारा कार्य निष्पादन प्रोत्साहन योजना शुरू की गई है; और भारत सरकार के निदेशों के अनुसार उस उद्देश्य के लिए बैंक ने निदेशक मंडल की पारिश्रमिक समिति का गठन किया है.

इसके अतिरिक्त, भारत सरकार, वित्त मत्रांलय, वित्तीय सेवाएं विभाग के पत्र एफ. सं. 121 / 2014-बीओए दिनांक 18 अगस्त, 2015, के माध्यम से सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) मंडल के पूर्णकालिक निदेशकों (जैसे अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी और कार्यपालक निदेशकों) के कार्य-निष्पादन का मूल्यांकन करने के लिए अपने अभिविन्यास में परिवर्तन किया है. उक्त सूचना के अनुसार, पूर्णकालिक निदेशकों के कार्य-निष्पादन का मूल्यांकन सचिव (वित्तीय सेवा) की अध्यक्षता में गठित एक समिति द्वारा किया जाएगा.

दिनांक 31.03.2018 को समिति के सदस्यों के गठन और वर्ष 2017-18 के दौरान आयोजित बैठकों में उपस्थिति का विवरण अनुबंध ख और ग में दिए गए है.

3.4 हितधारक संपर्क समिति

निदेशक मंडल ने दिनांक 10 नवंबर 2014 को आयोजित अपनी बैठक में कार्पोरेट अभिशासन पर सेबी के दिशानिर्देशों के अनुसरण में शेयर बाजारों के साथ हुए सूचीबद्धता करार के खंड 49 के संदर्भ में दिनांक 01 अक्तूबर, 2014 के अनुपालन के लिए हतधारक संपर्क समिति का गठन किया है जो विशेष रुप से घोषित लाभांश आदि के प्राप्त न होने, तुलनपत्र प्राप्त न होने, शेयरों के अंतरण से संबंधित शिकायतों सहित कंपनी के अन्य प्रतिभूतिधारकों, शेयरधारकों, डिबेंचरधारकों, बांडधारकों की समस्यों के निपटान से संबंधित मामलों के मामले देखेगी.

इसके अतिरिक्त, 06 मार्च, 2018 को आयोजित मंडल की बैठक में मंडल ने हितधारक संपर्क समिति में शेयर हस्तांतरण समिति के विलय को अनुमोदित कर दिया है. हितधारक संपर्क समिति, शेयर अंतरण समिति द्वारा किए जाने वाले सभी कार्यों अर्थात अंतरण की पुष्टि, इक्विटी शेयरों का प्रेषण, शेयरों का पुनर्मूर्तीकरण, शेयर प्रमाणपत्रों का प्रतिस्थापन, नाम निकालना, नाम परिवर्तन और कार्यपालकों की आंतरिक शेयर अंतरण संवीक्षा समिति द्वारा अनुमोदित प्रमाण पत्र की दूसरी प्रति जारी करने, शेयरधारिता स्वरूप की नोटिग, शीर्ष शेयरधारकों की सूची और शेयर अंतरण स्वीकार न करना आदि को पूरा करेगी.

31.03.2018 को समिति के सदस्यों के गठन का विवरण और वर्ष 2017-18 के दौरान उसकी बैठकों में उपस्थिति के विवरण अनुबंध ख और ग में दिए गए हैं.

3.5 समेकित जोखिम प्रबंधन पर निदेशकों की समिति

बैंक की सभी जोखिम प्रबंधन गतिविधियों का पर्यवेक्षण करने के लिए समेकित जोखिम प्रबंधन पर निदेशकों की समिति गठित की गई है. इसके कार्यों में जोखिम संबंधी अवधारणाओं सहित सभी जोखिम संबंधी कार्यों पर निगरानी रखना, जोखिम मूल्यांकन और जोखिम के परिमाणन की कार्य-विधि तय करना, जोखिम स्थिति हेतु मान्य स्तर निर्धारित करना, जोखिम प्रबंधन पर प्रबंधन के निर्देश और जोखिम कम करने की तकनीक आदि समाविष्ट हैं.

दिनांक 31.03.2018 को समिति के सदस्यों के गठन का विवरण और वर्ष 2017-18 के दौरान उसकी बैठकों में उपस्थिति के विवरण अनुबंध ख और ग में दिए गए है.

3.6 बड़ी रकम वाली धोखाधड़ियों पर निगरानी रखने हेतु मंडल की विशेष समिति

भारतीय रिजर्व बैंक के पत्र सं.डीबीएस.एफ. जीवी (एफ)ओ / 004 / 23.04.01ए/2003-04, दिनांक 14 जनवरी, 2004 के अनुसार, बड़ी रकम वाली धोखाधड़ियों जिसमें केवल रु 1.00 करोड़ और उससे अधिक राशि समाविष्ट होगी पर निगरानी रखने हेतु, प्रणाली में विद्यान खामियों की पहचान हेतु, सीबीआई की निगरानी की प्रगति /नीति की जांच और वसूली की स्थिति, धोखाधडियों की पुनरावृत्ति हेतु निवारणात्मक कार्य दक्षता की समीक्षा, और स्टॉफ उत्तरदायित्व के जांच की स्थिति की जांच हेतु निदेशकों की एक उप समिति का गठन किया गया था.

दिनांक 31.03.2018 को समिति के सदस्यों के गठन का विवरण और वर्ष 2017-18 के दौरान उसकी बैठकों में उपस्थिति के विवरण अनुबंध ख और ग में दिए गए है.

3.7 ग्राहक सेवा समिति

भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिदेशों के अनुसरण में, दिनांक 14 अगस्त 2004, समिति बैंक में ग्राहक सेवाओं की गुणवत्ता और ग्राहकों की शिकायतों के निदान में होने वाली प्रगति की भी समीक्षा करती है.वह ग्राहक सेवा में सुधार के लिए बाहरी मामलों सहित नए उपायों पर भी विचार करती है.

दिनांक 31.03.2018 को समिति के सदस्यों के गठन का विवरण और वर्ष 2017-18 के दौरान उसकी बैठकों में उपस्थिति के विवरण अनुबंध ख और ग में दिए गए है.

3.8 सूचना प्रौद्योगिकी समिति पर मंडल की विशेष समिति

विद्यमान सूचना तकनीक बुनियादी सुविधाओं का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने, बैंक के सूचना तकनीक मिशन पर विचार करने, नीतिगत मामलों के संबंध में सूचना तकनीक विभाग को निदेश देने आदि के उचित उपयोग को ध्यान में रखते हुए सूचना तकनीक के लिए मंडल के निदेशकों की समिति गठित करने की आवश्यकता महसूस की गयी. मंडल ने दिनांक 1 अप्रैल, 2003 को आयोजित अपनी बैठक में सूचना तकनीक पर निदेशकों की समिति गठित की.विद्यमान आई.टी.की आधारभूत संरचना के अधिकतम प्रयोग की सुविधा प्रदान करने के लिए, बैंक के आई.टी.के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, आई.टी. विभाग को नीतिगत मामलों में निदेश देने और प्रमुख वितरण चैनलों के अंतर्गत लेनदेन मात्रा की समीक्षा, आई.टी की बुनियादी सुविधाओं को मापनीयता, प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हुए नए विकास, कारोबार की निरंतर योजना, सायबर सुरक्षा और पहलों और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों और विमुद्रीकरण आदि के पश्चात गाव के डिजिटलीकरण के लिए बैंक की तैयारियों की निगरानी रखने के लिए मंडल ने 26 और 27 अगस्त, 2005 को उसका पुनर्गठन किया.

इसके अतिरिक्त, आरबीआई परिपत्र सं. आरबीआई/2010-11/494/ डीबीएस.को.आईटीसी.बीसी.एनओ 6/31/02.008/2010-11 दिनांक 29 अप्रैल, 2011 के अनुसार, सूचना सुरक्षा, इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग, प्रौद्योगिकी, जोखिम प्रबंधन और साइबर धोखाधड़ी के कार्यदल समूह की सिफारिशों के कार्यान्वयन पर, सदस्यों के रूप में अहर्ता प्राप्त न्यूनतम दो निदेशकों जिनमें से एक स्वतंत्र निदेशक और दूसरा प्रबंधन प्रौद्योगिकी में पर्याप्त आईटी विशेषज्ञता रखने वाली एक सदस्य निदेशक स्वतंत्र आईटी रणनीति समिति का पूर्ण-गठन किया गया था.

दिनांक 31.03.2018 को समिति के सदस्यों के गठन का विवरण और वर्ष 2017-18 के दौरान उसकी बैठकों में उपस्थिति के विवरण अनुबंध ख और ग में दिए गए है.

3.9 अनुपालन समिति

भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने पत्र संख्या.डीबीएस.सीओ. पीपी.बीसी.6/11.01.005/2006-07 दिनांक 20 अप्रैल, 2007 द्वारा बैंकों में अनुपालन कार्य के लिए दिशानिर्देश दिये हैं.इन दिशानिर्देशों के आधार पर बैंक ने अपनी अनुपालन नीति बनायी है जिसका अनुमोदन निदेशक मंडल ने दिनांक 29 दिसंबर, 2007 को आयोजित बैठक में किया है.नीति के प्रावधानों के अनुसार, अनुपालन पर निदेशकों की समिति का गठन 29 दिसंबर, 2007 को किया गया. 29 जनवरी, 2009 को इस समिति का पुनर्गठन किया गया.

दिनांक 31.03.2018 को समिति के सदस्यों के गठन का विवरण और वर्ष 2017-18 के दौरान उसकी बैठकों में उपस्थिति के विवरण अनुबंध ख और ग में दिए गए है.

3.10 नामांकन समिति.

भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने पत्र संख्या. डीबीओडी. सी.बीसी.संख्या. 47/29.39.001/2007-08 दिनांक 1 नवंबर, 2007 द्वारा वर्तमान निर्वाचित निदेशकों और उम्मीदवारों, जो निर्वाचन के लिए अपने नामांकन भरते हैं, की योग्यता एवं औचित्य की स्थिति का निर्धारण करने हेतु जांच पड़ताल प्रक्रिया करने हेतु निदेशकों की नामांकन समिति (सभी स्वतंत्र / गैर कार्यपालक निदेशकों) गठित करने के बारे में सूचित किया है. इन दिशानिर्देशों के आधार पर, मंडल द्वारा दिसंबर 29, 2007 को आयोजित अपनी बैठक में नामांकन समिति का गठन किया गया. उक्त समिति का 18 जुलाई, 2011, 29 सितंबर, 2011 और 29 जून, 2016 को पुनर्गठन किया गया.

दिनांक 31.03.2018 को समिति के सदस्यों का गठन और वर्ष 2017-18 के दौरान आयोजित बैठकों में उपस्थिति का विवरण अनुबंध ख और ग में दिए गए हैं

3.11 साख अनुमोदन समिति

राजपत्र अधिसूचना सं 13/1/2006-बीओ. दिनांक 5 दिसंबर 2011 के अनुसरण में और राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और विविध प्रावधान) संशोधन योजना, 2011 के प्रावधानों के अनुसार, मंडल ने दिनांक 06 जनवरी 2012 को आयोजित बैठक में मंडल की साख अनुमोदन समिति का गठन किया. जिसे दिनांक 31 जनवरी, 2012 को राजपत्र अधिसूचना संख्या 13/01/2006-बीओ - आई. द्वारा और आगे संशोधित किया, जिसे दिनांक 06 फरवरी, 2012 को संपन्न मंडल की बैठक में अनुमोदित किया गया.समिति के प्रमुख कार्यों में ऋण समझौते प्रस्ताव/बट्टे खाते लिखने के प्रस्ताव आदि और रुपये दो सौ पचास करोड़ तक की ऋण की स्वीकृति शामिल है.

मंडल की साख अनुमोदन समिति में पांच सदस्य शामिल हैं जिनमें दो पूर्ण कालिक निदेशक अर्थात दो कार्यपालक निदेशक और तीन महाप्रबंधक अर्थात महाप्रबंधक (कार्पोरेट क्रेडिट), महाप्रबंधक (जोखिम प्रबंधन) और महाप्रबंधक (वित्त प्रबंधन) है.

दिनांक 31.03.2018 को समिति के सदस्यों के गठन और वर्ष 2017-18 के दौरान आयोजित बैठकों में उपस्थिति का विवरण अनुबंध ख और ग में दिए गए हैं

3.12 मानव संसाधन पर मंडल की स्थायी समिति

भारत सरकार ने, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के मानव संसाधन संबंधित मुद्दों पर अध्ययन करने और सिफारिश करने हेतु दिनांक 22 अक्तूबर, 2009 को डॉ. अनिल खंडेलवाल की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया.भारत सरकार ने सूचना एफ.सं.9/18/2009-आई.आर दिनांक 21 अक्तूबर, 2011 द्वारा इन सिफारिशों पर अपना अनुमोदन सूचित किया, वह सिफारिशें दिनांक 6 फरवरी 2012 को आयोजित बैठक में हमारे मंडल के समक्ष रखी गईं. खंडेलवाल समिति की सिफारिशों के आधार पर, मंडल ने मानव संसाधन के प्रमुख मुद्दों पर विचार विमर्श करने, मानव संसाधन प्रबंधन योजना और मानव संसाधन पर संबंधित नीतियों की समीक्षा करने, खंडेलवाल समिति के सुझावों के अनुसार दिनांक 27 मार्च, 2012 को मानव संसाधन पर मंडल की संचालन समिति गठित की.समिति की बैठक तिमाही अंतराल में होती है.

दिनांक 31.03.2018 को समिति के सदस्यों के गठन का विवरण और वर्ष 2017-18 के दौरान उसकी बैठकों में उपस्थिति के विवरण अनुबंध ख और ग में दिए गए है.

3.13 उच्च मूल्य के एन. पी. ए. और हानि वाली आस्तियों की निगरानी समिति

वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त पत्र संख्या एफ. सं.7/112/2012-बीओए दिनांक 21 नवंबर, 2012 के अनुसार मंडल ने उच्च मूल्य के एन पी ए और हानि वाली आस्तियों की निगरानी के लिए 11 दिसंबर, 2012 को आयोजित बैठक में मंडल की एक उप समिति का गठन किया. मंडल ने दिनांक 28 मार्च, 2014 को समिति को पुनर्गठित किया था.

दिनांक 31.03.2018 को समिति के सदस्यों के गठन का विवरण और वर्ष 2017-18 के दौरान उसकी बैठकों में उपस्थिति के विवरण अनुबंध ख और ग में दिए गए है.

3.14 मंडल की निर्गम समिति:

09 नवंबर, 2013 को मंडल ने परिकलित कीमत की पुष्टि करने के लिए निदेशकों की समिति का गठन किया जो सेबी (आई.सी.डी.आर.) विनियमों के अनुसार निर्धारित तथा सांविधिक लेखा परीक्षक द्वारा प्रमाणित हो जिसके अनुसार अधिमानी आधार पर भारत सरकार को अधिमानी आधार पर इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे. उक्त समिति को शेयरों को आगे जारी करने के विभिन्न पहलुओं के संबंध में निर्णय लेने तथा प्रशासनिक निर्णय लेने के लिए प्राधिकृत किया गया है और अधिकार दिए गए है.

इसके अतिरिक्त, मंडल की दिनांक 23 सितंबर, 2017 को आयोजित बैठक में मंडल ने निर्गम समिति को पुनः गठित किया है. मंडल की निर्गम समिति का उद्देश्य निर्गम कीमत जारी और आवंटित की जाने वाली कई प्रतिभूतियों, सेबीआई (आईसीडीआर) विनियम, 2009 के अंतर्गत यथाउल्लिखित अधिमानी/ अर्हताप्राप्त संस्थागत प्रतिस्थापन (क्यू.आई.पी.)/अधिकार/बोनस/एफपीओ/ अन्य कोई आधार पर प्रतिभूतियों के विभाजन और आवंटन का अनुमोदन करना है.

दिनांक 31.03.2018 को समिति के सदस्यों के गठन का विवरण और वर्ष 2017-18 के दौरान उसकी बैठकों में उपस्थिति के विवरण अनुबंध ख और ग में दिए गए है.

3.15 विभागीय पदोन्नति समिति

भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, बैंकिंग प्रभाग, सतर्कता अनुभाग के दिनांक 08 जून, 1998 के ज्ञापन सं. 10/6/98/वीआईजी के अनुसार एक समिति गठित की गई जिसमें अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, तथा बैंक में भारत सरकार एवं भारतीय रिज़र्व बैंक के नामिती निदेशक शामिल हैं, यह समिति वरिष्ठ स्तर पर पदोन्नति पर विचार करती है तथा विशेष रूप से तिमाही आधार पर बैठक कर सतर्कता अनुशासनात्मक मामलों तथा विभागीय जांच की समीक्षा करती हैं. तदनुसार, दिनांक 09 नवंबर, 2013 को निदेशक मंडल की बैठक में समिति का गठन किया गया.

दिनांक 31.03.2018 को समिति के सदस्यों के गठन का विवरण और वर्ष 2017-18 के दौरान उसकी बैठकों में उपस्थिति के विवरण अनुबंध ख और ग में दिए गए है.

3.16 प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण समिति:

दिनांक 27 जुलाई, 2013 को मंडल ने मंडल की उप-समिति का गठन किया जो कि प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को दिए गए लक्ष्य की प्राप्ति पर अधिक ध्यान तथा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को उधार के विभिन्न उप-क्षेत्रों में की गई प्रगति, विभिन्न लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कार्य नीति के प्रतिपादन एवं की गई प्रगति की निगरानी की समीक्षा करेगी.

दिनांक 31.03.2018 को समिति के सदस्यों के गठन का विवरण और वर्ष 2017-18 के दौरान उसकी बैठकों में उपस्थिति के विवरण अनुबंध ख और ग में दिए गए है.

3.17 इरादतन चूककर्ताओं के पुष्टिकरण हेतु मंडल समिति

भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपने परिपत्र सं. डी.बी.ओ.डी. सं. बीसी/ सीआईएस/47/20.16.002/94 दिनांक 23.04.1994 और संशोधित परिपत्र सं. आरबीआई/2014-15/73 दिनांक 07.01.2015 द्वारा यह सूचित किया है कि इरादतन चूककर्ताओं की पहचान के संबंध में कार्यपालक निदेशक की अध्यक्षता वाली समिति के आदेश की समीक्षा करने हेतु अध्यक्ष एवं दो स्वतंत्र निदेशकों की अध्यक्षता वाली समीक्षा समिति के गठन करने निदेश दिए हैं. इन दिशानिदेशों के आधार पर, मंडल द्वारा दिनांक 17 अप्रैल 2015 को आयोजित बैठक में इरादतन चूककर्ताओं की समीक्षा के लिए निदेशक मंडल समिति का गठन किया गया.

दिनांक 31.03.2018 को समिति के सदस्यों के गठन का विवरण और वर्ष 2017-18 के दौरान उसकी बैठकों में उपस्थिति के विवरण अनुबंध ख और ग में दिए गए है.

3.18 गैर-सहकारी उधारकर्ताओं की समीक्षा हेतु मंडल समिति

भारतीय रिज़र्व बैंक, के पत्र सं. डी.बी.आर.सं.सीआईडी.बी सी.54/20.16.064/2014-15 दिनाक दिसंबर 22, 2014 द्वारा असहयोगी उधारकर्ताओं की समीक्षा के संबंध में कार्यपालक निदेशक की अध्यक्षता वाली समिति के आदेश की समीक्षा करने हेतु अध्यक्ष एवं दो स्वतंत्र निदेशकों की अध्यक्षता वाली समीक्षा समिति के गठन करने और असहयोगी उधारकर्ताओं जो उधारकर्ताओं के साथ रचनात्मक रूप से देय रकम का समय पर भुगतान में चूक जबकि वे भुगतान करने में सक्षम होने पर भी संपर्क में नहीं हैं, मांगी गई आवश्यक सूचनाओं को उपलब्ध ना कराने के कारण उनके देयों की वसूली के लिए उधारदाताओं के प्रयास की नाकामयाबी, प्रदान कि गई वित्तीयपोषित / संपार्श्विक प्रतिभूति तक की पहुच ना होने, प्रतिभूति की ब्रिकी में बाधा आदि, की पहचान के संबंध में आदेश की पुष्टि/ अंतिम रूप देने निदेश दिए हैं. इन दिशानिदेशों के आधार पर, मंडल समिति ने असहयोगी उधारकर्ताओं की समीक्षा हेतु मंडल कि दिनांक 07 नवंबर 2015 को आयोजित बैठक में गठन किया गया है. वर्ष 2017-18 में कोई बैठक आयोजित नहीं की गई.

दिनांक 31.03.2018 को समिति के सदस्यों के गठन का विवरण और वर्ष 2017-18 के दौरान उसकी बैठकों में उपस्थिति के विवरण अनुबंध ख और ग में दिए गए है.

4 कार्यपालकों की समितिया:

बैंक के दिन-प्रतिदिन के कार्यकलापों के सुचारु रूप से संचालन के लिए बैंक ने अनेक आंतरिक समितियों का भी गठन किया है. कुछ आंतरिक समितियाँ इस प्रकार हैं :-

4.1 निवेश समिति :

बैंक ने निवेश संबंधी मामलों और मुद्रा बाजार परिचालनों के संबंध में कार्यपालकों की निवेश समिति का गठन किया है. उक्त समिति निवेश एवं निधि प्रबंधन संबंधी सभी लेन-देन मामलों की समीक्षा करती है और आवश्यक दिशानिर्देश प्रदान करती है. समिति की बैठकें सप्ताह में दो बार या निवेश निर्णयों की समीक्षा करने के लिए जब कभी भी आवश्यक हो, तब आयोजित करना आवश्यक होती हैं.

समिति की अध्यक्षता बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और उनकी अनुपस्थिति में कार्यपालक निदेशक करते हैं. आलोच्य वर्ष के दौरान समिति की बैठकें नियमित रुप से आयोजित हुईं.

4.2 आस्ति देयता प्रबंधन समिति

बैंक ने आस्ति देयता प्रबंधन समिति (ए.एल.सी.ओ.) का गठन किया है. समिति की अध्यक्षता अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और उनकी अनुपस्थिति में कार्यपालक निदेशक करते हैं.समिति के कार्यों में अन्य बातों के साथ-साथ बाजार जोखिम प्रबंधन, तरलता जोखिम प्रबंधन, आस्ति एवं देयताओं की ब्याज दर संवेदनशीलता पर निगरानी रखना एवं ब्याज दरों आदि का निर्धारण सम्मिलित है.

प्रभारी महाप्रबंधक एवं प्रधान कार्यालय के अन्य कार्यपालक समिति के अन्य सदस्य हैं. समीक्षाधीन वर्ष के दौरान बैंक में ए.एल.एम. कार्यान्वयन में प्रगति संबंधी विचार-विमर्श एवं समीक्षा करने हेतु समिति की 63 बैठकें आयोजित हुईं.

4.3 आंतरिक शेयर अंतरण संवीक्षा समिति

बैंक ने उन शेयरों के अंतरण का अनुमोदन करने के लिए बैंक के कार्यपालकों की आंतरिक शेयर अंतरण संवीक्षा समिति का गठन किया है, जो बैंक के रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंटों द्वारा संसाधित किए जाते हैं. समिति समय-समय पर बेकागजीकरण की दिशा में हुई प्रगति की स्थिति और बैंक के शेयरों के मूल्यों में हुई घट-बढ़ की भी आवधिक रुप से समीक्षा करती है.महाप्रबंधक (वित्त प्रबंधन), सहायक महाप्रबंधक (आई.आर.सी.), उप महाप्रबंधक (मंडल सचिवालय), मुख्य प्रबंधक (आई.आर.सी.)/ कंपनी सचिव समिति के सदस्य हैं और महाप्रबंधक (वित्त प्रबंधन) उक्त समिति के अध्यक्ष के रुप में कार्य करते हैं. आलोच्य वर्ष के दौरान समिति की 38 बैठकें संपन्न हुईं.

4.4 परिसर संबंधी मामलों पर कार्यपालकों की आंतरिक समिति (आई.सी.ई.)

समिति के मुख्य कार्य बैंक के परिसरों जैसे पट्टाकृत/स्वामित्ववाले आधारित, किराये में बढोतरी, बकाया राशि का भुगतान, पट्टा नवीकरण और पट्टाकृत परिसरों आदि को वापस लौटाने, मंजूरी/नीति आदि की शर्तों में विचलन/आशोधन के अनुमोदन आदि की स्वीकृति देना तथा ऐसे प्रस्तावों की निदेशक मंडल की प्रबंधन समिति को सिफारिश करना जहाँ भुगतान की जानेवाली रकम आई.सी.ई के लिए निर्धारित विवेकाधीन अधिकार से अधिक हो.

समिति के अध्यक्ष, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक हैं. कार्यपालक निदेशक तथा छः महाप्रबंधक समिति के सदस्य हैं.

वर्ष 2017-18 के दौरान समिति की 10 बैठकें संपन्न हुईं और 73 प्रस्तावों को आई.सी.ई. के समक्ष प्रस्तुत किए किए गए थे.

5. निदेशकों के पारिश्रमिक

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और कार्यपालक निदेशक को भारत सरकार के वर्तमान दिशानिदेशों के अनुसार संवेतन / पारिश्रमिक की अदायगी की गई तथा बैंक के निदेशक मंडल एवं अन्य समितियों की बैठकों में उपस्थित रहने के लिए उन्हें किसी प्रकार के बैठक शुल्क की अदायगी नहीं की गई. भारत सरकार वित्त मंत्रालय वित्तीय सेवाएं विभाग से प्राप्त अधिसूचना एफ.सं. 15/1/2011-बी.ओ.आई दिनांक 20 जूलाई 2015 के अनुसार, अन्य सभी गैर-कार्यपालक निदेशकों भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक के नामिती निदेशक को छोड़कर अन्य प्रत्येक मंडल की बैठक में भाग लेने के लिए रू. 20,000/- बैठक शुल्क और रू 10,000/- प्रत्येक अन्य समिति की बैठक में भाग लेने के लिए अदा किए गए.

बैठक शुल्क, जिसके लिए निदेशक को उपर्युक्त अनुसार भुगतान किया जाना है, के अलावा बैंक के कार्य के संबंध में यात्रा करने वाले इस प्रकार के प्रत्येक निदेशक को केद्र सरकार द्वारा समय-समय पर नियत आधार पर उनका/उनकी यात्रा एवं विराम व्यय (जो भी हो) की प्रतिपूर्ति बैंक द्वारा की जाएगी. गैर कार्यपालक निदेशकों के पारिश्रमिक से संबंधित सभी मामले, राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना, 1970 में उल्लिखित प्रावधानों द्वारा शासित हैं.

6. पर्दाफाश करने वाले की नीति

बैंक के निदेशक मंडल ने सी.वी.सी. और सेबी के दिशानिदेशों के अनुसार विसल ब्लोअर नीति नामक नीति का अनुमोदन किया है. इस तंत्र के अधीन, कोई भी कर्मचारी, अनैतिक व्यवहार, यदि कोई हो, वास्तविक या संदिग्ध धोखाधड़ी या आचरण तथा नीति के उल्लंघन आदि के संबंध में सी.वी.ओ./ प्रबंधन को कैसे रिपोर्ट कर सकते है इसकी जानकारी दी गई है. यह तंत्र कर्मचारियों को जो इस व्यवस्था का प्रयोग करते है, उत्पीडन के खिलाफ पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करती है और असाधारण परिस्थितियों में, लेखा परीक्षा समिति के अध्यक्ष तक सीधे पहुंचने की सुविधा प्रदान करती है. विसल ब्लोअर नीति 2014-15 बैंक की वेबसाईट पर प्रदर्शित की गई है.

7. साधारण सभा की बैठकें

पिछली तीन वार्षिक सामान्य सभाओं एवं पिछली तीन असाधारण सामान्य सभाओं का ब्यौरा नीचे दिया गया है. सभी बैठकें एक ही स्थान सभागृह, सर सोराबजी पोचखानावाला बैंकर्स प्रशिक्षण महाविद्यालय, जे.वी.पी.डी. योजना, विलेपार्ले (पश्चिम) मुंबई -400 056 में संपन्न हुई.

बैठक का ब्यौरा पूर्वान्ह	तारीख और समय
इक्कीसवीं वार्षिक सामान्य सभा *	मंगलवार, 27 जून, 2017 प्रातः 11: 00
बीसवीं वार्षिक सामान्य सभा *	मंगलवार, 28 जून, 2016 प्रातः 11.00
उन्नीसवीं वार्षिक सामान्य सभा	शनिवार, 27 जून, 2015 प्रातः 11.00
असाधारण सामान्य सभा (भारत सरकार को अधिमानी आधार पर ईक्विटी शेयरों का सृजन, प्रस्ताव, जारी करने तथा आबंटन के लिए)	मंगलवार, 27 मार्च, 2018 प्रातः 11.00
असाधारण सामान्य सभा (भारत सरकार/भारतीय जीवन बीमा निगम और भारतीय सामान्य बीमा निगम को अधिमानी आधार पर ईक्विटी शेयरों का सृजन, प्रस्ताव, जारी करने तथा आबंटन के लिए)	सोमवार, 27 मार्च, 2017 प्रातः 11.00
असाधारण सामान्य सभा (भारतीय जीवन बीमा निगम के अधिमानी आधार पर ईक्विटी शेयरों का सृजन, प्रस्ताव, जारी करने तथा आबंटन के लिए)	गुरूवार, 22 सितंबर, 2016 प्रातः 11.00

* पिछली वार्षिक साधारण सभा में श्री अश्वनी कुमार - अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्रीमती तृष्णा गुहा - कार्यपालक निदेशक, श्री रमेश एस. सिंह - कार्यपालक निदेशक, श्री वी चंद्रसेकरन शेयरधारक निदेशक एवं अध्यक्ष, लेखा परीक्षा समिति उपस्थित थे.

21वीं वार्षिक साधारण सभा की बैठक उपर्युक्त उक्त असाधारण सामान्य सभा में विशेष संकल्प पारित किया गया था.

डाक मतदान - पिछले वित्त वर्ष के दौरान बैंक ने किसी डाक मतदान का आयोजन नहीं किया.

ई-मतदान - बैंक ने उपर्युक्तानुसार आयोजित वार्षिक सामान्य सभा और असाधारण सामान्य सभा में प्रस्तुत किए गए संकल्पों के लिए शेयरधारकों को ई-मतदान की सुविधा प्रदान किया.

8. प्रकटन :

8.1 भौतिक लेन-देन तथा आर्थिक संबंध का प्रकटन

बैंक ने संबंधित पक्ष लेन-देनों के भौतिकता और संबंधित पक्ष लेन-देनों के साथ निपटान पर नीति बनाई है जो दिनांक 09 जनवरी, 2015 को आयोजित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित है. उपर्युक्त नीति बैंक की वेबसाईट पर भी प्रदर्शित की गई है, उसकी वेब लिंक निम्न प्रकार है : http://www.denabank.com/uploads/files/1421147731326-RPT-Policy.pdf

दिनांक 31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्त वर्ष में बैंक और उसके निदेशकों के बीच किसी प्रकार के महत्वपूर्ण संबंधित पक्ष के लेन-देन, आर्थिक लेन-देन या संबंध की कोई ऐसी घटना नहीं हुई, जिसका व्यापक रुप से बैंक के हितों के साथ संभाव्य टकराव संभावित हो.

बैंक ने गुजरात राज्य में एक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अर्थात देना गुजरात ग्रामीण बैंक (डी.जी.जी.बी.) का प्रायोजन किया है जिसमें बैंक का स्वामित्व 35% है. वर्ष के दौरान, डी.जी.जी.बी. ने देना बैंक सहभागिता अंतर बैंक सहभागिता प्रमाणपत्र (आई.पी.बी.सी.) में रु 190 करोड़ का जोखिम साझा आधार पर प्राथमिकता क्षेत्र में विभिन्न ऋणों से संबंधित निवेश किया है जो 27 दिसंबर 2017 को परिपक्व हो गया था. डी.जी.जी.बी. ने देना बैंक के टीयर 2 बॉंड में रू. 2 करोड़ का निवेश किया है. इसके अतिरिक्त, दिनांक 31.03.2018 तक बैंक में डी.जी.जी.बी. की रु 644.50 करोड़ जमाराशियां हो गई और रु 594.35 करोड़ के अग्रिम लिए है.

8.2 बैंक द्वारा अनुपालन न किए, जाने से संबंधित कोई मामला प्रकाश में नहीं आया है तथा शेयर बाजार / सेबी या अन्य सांविधिक प्राधिकरण द्वारा पिछले तीन वर्षो के दौरान पूंजी बाजारों से संबंधित किसी भी मामले में बैंक पर किसी प्रकार का जुर्माना / आक्षेप नहीं लगाया गया.

8.3 देना बैंक द्वारा सेबी (एल.ओ.डी.आर.) विनियम, 2015 के विनियम 40(9) की अपेक्षानुसार, अन्य बातों के साथ-साथ अंतरण, प्रेषण, उप विभाजन, समेकन, नवीकरण तथा ईक्विटी शेयरों का विनिमय, उनके प्रस्तुतिकरण की तिथि से 30 दिन के अंदर किये जाने के संबंध में पेशेवर कंपनी सचिव से प्रत्येक छः महीने में प्रमाणपत्र प्राप्त करना होगा. इस प्रमाणपत्र को जारी होने और बी.एस.ई. एवं एन.एस.ई.को पर दायर करने किया जाता है जहां बैंक के शेयर सूचीबद्ध हैं.

8.4 सेबी के परिपत्र संख्या डीएण्डसीसी/एफआईटीटीसी/सीआईआर-16 दिनांक दिसंबर 31, 2002 के अनुसार, देना बैंक की कुल निर्गत / चुकता ईक्विटी पूंजी के साथ भौतिक रूप में तथा डिपाजिटरी के पास रखी गयी कुल ईक्विटी शेयर पूंजी का समायोजन करने के उद्देश्य से व्यावसायिक कंपनी सचिव की फर्म द्वारा शेयर पूंजी लेखा परीक्षा का मिलान(पूर्व में सचिवीय लेखा परीक्षा के नाम से जाना जाता था) तिमाही आधार पर की जाती है. इस संबंध में जारी प्रमाणपत्र बी.एस.ई एवं एन.एस.ई को,तिमाही समाप्ति के बाद 30 दिनों में अग्रेषित किया गया है जहां बैंक के ईक्विटी शेयर सूचीबद्ध हैं.

8.5 बैंक द्वारा अनुपालन की गई गैर-अनिवार्य अपेक्षाओं की शर्तें निम्न प्रकार है

क्रम संख्या	अपेक्षा	अनुपालन
1	**निदेशक मंडल** गैर- कार्यपालक अध्यक्ष कंपनी के व्यय से अध्यक्ष के कार्यालय की देख-रेख हेतु बनाया जा सकता है और	निदेशक मंडल का अध्यक्ष, कार्यपालक निदेशक है जिन्हें भारत सरकार द्वारा नियुक्त किया गया है, इसलिए गैर-कार्यपालक अध्यक्ष द्वारा कार्यालय देख-रेख के संबंध में यह लागू नहीं होता.
2	**शेयरधारकों के अधिकार** विगत छ- माहों में घटित महत्वपूर्ण घटनाओं के साथ छमाही के वित्तीय निष्पादन को सभी शेयरधारकों को भेजा जा सकता है.	सेबी के प्रारुप में तिमाही / अर्धवार्षिक परिणामों को समाचार-पत्र में प्रकाशित किया जाता है और बैंक तथा स्टॉक एक्सेंजों की वेबसाईट पर प्रदर्शित किया जाता है.
3	**लेखा परीक्षा अर्हता** कंपनी अप्रतिबंधित वित्तीय विवरण व्यवस्था में बढ़े.	वर्ष के दौरान समीक्षा के अधीन लेखा परीक्षा अर्हता नहीं पाई गई. इसलिए, बैंक ने इस अपेक्षा का अनुपालन किया है.
4	**अध्यक्ष और सी.ई.ओ. के भिन्न पदों का सृजन** कंपनी, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक / सी.ई.ओ. के पदों पर विभिन्न व्यक्तियों को नियुक्त करे.	बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक की नियुक्ति वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा की जाती है. इसलिए, यह लागू नहीं होता.
5	**आंतरिक लेखा परीक्षक की रिपोर्टिंग** आंतरिक लेखा परीक्षक सीधे लेखा परीक्षा समिति को रिपोर्ट करें.	बैंक का आंतरिक लेखा परीक्षा विभाग सीधे लेखा परीक्षा समिति को रिपोर्ट करता है. इसलिए, बैंक ने इस अपेक्षा का अनुपालन किया है.

9. वित्तीय परिणाम एवं संप्रेषण के साधन

बैंक अपने सदस्यों और जोखिम धारकों को उनके हितों से संबंधित घटनाओं से उन्हें अवगत रखने की आवश्यकता को महत्व देता है.

बैंक के तिमाही / अर्द्धवार्षिक / वार्षिक परिणाम निर्धारित समय सीमा में उन स्टॉक एक्सचेंजों में प्रस्तुत किए जाते हैं जहाँ बैंक के शेयर सूचीबद्ध हैं. इसके साथ ही तिमाही / अर्द्धवार्षिक / वार्षिक परिणाम सांविधिक अपेक्षाओं के अनुरूप अंग्रेजी, हिन्दी और मराठी (क्षेत्रीय भाषा) में प्रकाशित किए गए थे. बैंक अपने वार्षिक परिणामों की कागजी प्रति शेयरधारकों को भी उपलब्ध कराता है.परिणाम के साथ-साथ शेयर धारिता का स्वरुप और शेयर मूल्य बैंक की वेबसाईट अर्थात www.denabank.com पर भी प्रदर्शित किए गये हैं. यह बैंक के बारे में कार्यालयीन प्रेस विज्ञप्ति एवं अन्य महत्वपूर्ण विवरण भी प्रदर्शित करता है.

10. शेयरधारक के लिए सूचनाएँ

बैंक एक अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक है, जिसका प्रधान कार्यालय मुंबई में है. बैंक की उपस्थिति इसकी 1872 शाखाओं के नेटवर्क के साथ भारत के समस्त हिस्सों में है. बैंक के ईक्विटी शेयर, बी.एस.ई. बाजार लिमिटेड (बी.एस.ई.) तथा भारतीय राष्ट्रीय शेयर बाजार लिमिटेड (एनएसई), में सूचीबद्ध हैं.

स्टॉक क्रिप कोड निम्नानुसार हैं :-

स्टॉक एक्सचेंज	कोड	
	अक्षर	संख्या
बीएसई	देना बैंक	532121
एनएसई	देना बैंक	--

अगले वर्ष 2018-19 के लिए दोनों स्टॉक एक्सेंजों को वार्षिक सूचीबद्धता शुल्क का भुगतान कर दिया गया है

11. वर्ष 2017-18 के दौरान पूंजी में वृद्धि

11.1 भारत सरकार (156209320 इक्विटि शेयरों) भारतीय जीवन बीमा निगम (44865702 इक्विटि शेयरों) भारतीय साधारण बीमा निगम (5206977 इक्विटी शेयरों) को अधिमानी आधार पर रु 38.41/- प्रति शेयर के मूल्य पर (जिनमें रु 28.41/- शेयर प्रीमियम के साथ) 206281999 इक्विटि शेयरों को जारी और आवंटन द्वारा रु 792.33 करोड़ की रकम तक इक्विटी शेयर पूंजी जुटाने के लिए दिनांक 27 मार्च, 2017 को आयोजित असाधारण सामान्य सभा में बैंक ने शेयरधारकों का अनुमोदन प्राप्त किया. भारत सरकार के पत्र सं. 7/38/2014-बी.ओ.ए. दिनांक 4 अगस्त 2017 के अनुमोदन के अनुसरण में शेयरों का आबंटन दिनांक 4 अगस्त 2017 को किया गया.

बैंक ने अक्तूबर 2017 में अर्हताप्राप्त संस्थान प्रतिस्थापन (क्यूआईपी) के अंतर्गत अर्हताप्राप्त संस्थागत क्रेताओं (क्यूआईबी) को रू 29.20 प्रति शेयर की दर से 13,74,18,819 पूर्णतया प्रदत्त इक्विटी शेयर के निर्गम और आवंटन द्वारा रू. 401.26 करोड़ जूटाएं हैं.

बैंकिंग कंपनी (उपक्रम एवं अधिग्रहण और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 3(2बी)(सी) के अंतर्गत भारतीय रिजर्व बैंक और भारत सरकार से अनुमोदन के अनुसरण में; बैंक ने 27 मार्च, 2018 को अधिमानी आधार पर भारत के राष्ट्रपति (भारत सरकार) को रू. 26.99 प्रति शेयर (प्रति शेयर 16.99 रुपये के प्रीमियम सहित) पर प्रत्येक रू 10/- रुपये के 112,81,95,628 इक्विटी शेयरों के आवंटन द्वारा रू. 3,045 करोड़ रुपए जूटाएं हैं. जूटाएं गई पूंजी का उपयोग बैंक की पूंजी पर्याप्तता को सुदृढ करने और बैंक की सामान्य कारोबार आवश्यकताओं को निधि प्रदान करने के लिए किया जाएगा.

11.2 बैंक ने समय-समय पर वचन पत्र / ऋणपत्र (टीयर I एवं टीयर II पूंजी) के रूप में अपरिवर्तनीय बाण्ड जारी किये हैं. उनसे संबंधित विवरण निम्नप्रकार है:

निर्गम का विवरण	मात्रा (रुपये करोड में)	आबंटन की तिथि	परिपक्वता की तिथि	आईएसआईएन संख्या	न्यासी के विवरण
9.25% निम्न टीयर-II बांड (श्रृंखला IX)	106	25.03.2008	24.05.2018	INE077A09062	आई.डी.बी.आई. ट्रस्टीशिप सर्विसेज लि., एशियन बिल्डिंग, भूमी तल, 17, आर. कमानी मार्ग, बलार्ड इस्टेट, मुंबई - 400 001. टेलिफोन : 022- 4080 7009 ई-मेलः itsl@idbitrustee.com
11.20% निम्न टीयर-II बांड (श्रृंखला X)	300	30.09.2008	30.04.2019	INE077A09070	
9.50% निम्न टीयर-II बांड (श्रृंखला XI)	200	29.01.2009	29.01.2019	INE077A09088	
9.00% बेमीयादी बांड (श्रृंखला II)	125	28.05.2009	बेमीयादी	INE077A09096	
9.23% निम्न टीयर II बांड (श्रृंखला XII)	850	25.06.2012	25.06.2027	INE077A09104	सेंटबैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया-एमएमओ भवन, 3 तल (पूर्व विंग), 55 एमजी रोड, फोर्ट, मुंबई 400001
9.86% बेसल III के अनुरूप निम्न टीयर II बांड (श्रृंखला XIII)	780	26.02.2014	26.02.2024	INE077A08064	
8.76 % बेसल III के अनुरूप निम्न टियर II बांड (श्रृंखला XIV)	400	20.09.2016	20.09.2026	INE077A08098	

वित्तीय वर्ष के दौरान बांड का मोचन:

दिनांक 31.12.2017 को क्रय विकल्प का उपयोग करके 10.05% बेमीयादी बॉन्ड (श्रृंखला I) का पुनर्मोचन किया गया था.

दिनांक 31.03.2018 को 10.20% बेसल III अनुपालन एटी 1 बेमीयादी बॉन्ड (श्रृंखला III) और 10.95% बेसल III अनुपालन एटी 1 बेमीयादी बॉन्ड (श्रृंखला IV) को विनियामक मामलों के अंतर्गत क्रय विकल्प का प्रयोग करके पुनर्मोचन किया गया था.

ये सभी बॉन्ड भारतीय राष्ट्रीय शेयरबाजार लिमिटेड में सूचीबद्ध हैं और बैंक शेयरबाजार को अगले वित्तीय वर्ष 2018-19 के लिए इसकी देय तिथि से पहले वार्षिक सूचीबद्धता शुल्क का भुगतान करेगा.

11.3 हमारे बैंक के बांडों की साख रेटिंग की स्थिति:

बांड के प्रकार	एजेंसी	रेटिंग (मार्च 2018)
टीयर - II बांड (बेसल II के अनुसार)	क्रिसिल रेटिंग	क्रिसिल ए ए - / स्थिर
	केयर रेटिंग	केयर ए + / स्थिर
	इंडिया रेटिंग	इंडिया ए ए - / स्थिर
बेमीयादी / आई.पी.डी.आई. (बेसल II के अनुसार)	क्रिसिल रेटिंग	क्रिसिल ए +/ स्थिर
	केयर रेटिंग	केयर ए / स्थिर
	इंडिया रेटिंग	इंडिया ए - / स्थिर
टीयर II बांड (बेसल III के अनुसार)	केयर रेटिंग	केयर ए + / स्थिर

कार्पोरेट अभिशासन रिपोर्ट 2017-18

12.1 शेयरों और चलनिधि का बेकागजीकरण

बैंक के शेयरों का व्यापार आवश्यक रूप से बेकागजीकृत स्वरूप में किया जाता है.जारीकर्ता बैंक के रूप में, बैंक ने शेयरों के बेकागजीकरण के लिए एन.एस.डी.एल. और सी.डी.एस.एल. के साथ एक करार किया है. सेबी दिशानिर्देशों की शर्तों के अनुसार, बैंक के रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण अभिकर्ता भी बैंक के शेयरधारकों को अंतरण / बेकागजीकरण / पुनर्कागजीकरण की सुविधा दे रहे हैं.

	31-03-2018 को		
	डीमेट	कागजी रूप में	कुल
शेयरधारकों की संख्या	2,16,856 (87.48%)	31,027 (12.52%)	2,47,883 (100%)
शेयरों की संख्या	225,06,15,237 (99.63%)	84,31,093 (0.37%)	225,90,46,330 (100%)

12.2 शेयर अंतरण पद्धति और निवेशकों की शिकायतों का निवारण

बैंक ने मेसर्स लिंक इनटाईम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को बैंक के रजिस्ट्रार और शेयर अंतरण एजेंट (आर.एण्ड.टी) के रूप में कार्य सौंपा है और शेयर / बॉण्ड अंतरण / प्रेषण, लाभांश/ब्याज भुगतान और निवेशक संबंधी अन्य सभी मामलों पर कार्रवाई हमारे रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट द्वारा उनके कार्यालय में की जाती है. रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट निवेशकों के अनुरोधों पर कार्रवाई करने के बाद, उन्हें बैंक के कार्यपालकों की आंतरिक शेयर अंतरण संवीक्षा समिति के समक्ष रखता है और वह समिति बैंक के शेयरों के अंतरण / प्रेषण आदि का अनुमोदन करके उसकी पुष्टि के लिए शेयर अंतरण समिति को अपनी संस्तुति भेजती है.

शेयरधारक अपने अंतरण विलेख (केवल कागजी रुप में धारित होने के मामले में) और शिकायत सहित अन्य कोई प्रलेख बैंक के रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट के निम्नलिखित पते पर भेज सकते हैं और इससे संबंधित पत्राचार भी, यदि कोई हो, उसे बैंक के निवेशक संपर्क केद्र को नीचे दिए गए पते पर भेज सकते हैं.

मेसर्स लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड इकाईः देना बैंक, सी 101, 247 पार्क, एल. बी. एस मार्ग, विक्रोली (पश्चिम), मुंबई, महाराष्ट्र - 400083 टेलीफोनः 022 - 49186270 टेली फैक्सः 022 - 49186060 ई-मेलः rnt.helpdesk@linkintime.co.in, Bonds.helpdesk@linkintime.co.in	देना बैंक, प्रधान कार्यालय, निवेशक संपर्क केंद्र, 3रा तल, देना कार्पोरेट सेंटर, सी-10, जी ब्लॉक, बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व), मुंबई 400051 टेलिफोनः 26545318/19/20 टेलिफेक्सः 26545317 ई मेलः irc@denabank.co.in

सेबी के दिशानिर्देशों के अनुसार, बैंक ने शिकायतों के निवारण हेतु एक विशिष्ट ई-मेल आई.डी. investorgrievance@denabank.co.in प्रदान की है. शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे किसी भी तरह की शिकायतों के मामले में इस सुविधा का उपयोग करें.

12.3 कार्पोरेट अभिशासन में अभिनव पहल

कार्पोरेट अभिशासन में अभिनव पहल के रुप में, सभी पत्रादि और दस्तावेज जैसे कि ए.जी.एम. की या अन्य सामान्य बैठकों की सूचना, व्याख्यात्मक विवरण, वार्षिक रिपोर्ट, तुलन पत्र, निदेशकों की रिपोर्ट, लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट और शेयरधारकों के लिए अन्य संदेश इलेक्ट्रानिक प्रारुप में शेयरधारक द्वारा बैंक में या निक्षेपागार के पास, जो भी मामला हो, बैंक पंजीकृत ई-मेल एड्रेस पर भेजता है.

सभी शेयरधारकों से अनुरोध है कि निक्षेपागार सहभागी (डी.पी.) या मेसर्स लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के पास जल्द से जल्द अपने ई-मेल आई.डी. पंजीकृत / अद्यतन कर ले, ताकि बैंक इस अभिनव पहल को अधिक सक्षम कर सकें.

12.4 वित्तीय कैलेंडरः (अस्थायी)

वित्तीय वर्ष	1 अप्रैल 2018 से 31 मार्च, 2019
लेखों पर विचार करने एवं लाभांश, यदि कोई हो, की संस्तुति करने के लिए मंडल की बैठक	11 मई 2018 (शुक्रवार)
बही बंद होने की तारीखें	21 जून 2018 से 27 जून 2018
मुख्तारी फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि	22 जून 2018
22वीं वार्षिक सामान्य सभा की तारीख	27 जून 2018 प्रात : 11:00 बजे
प्रथम तीन तिमाहियों के लिए गैर लेखापरीक्षित परिणामों को अभिलेख में लेने हेतु निदेशक मंडल की बैठक	संबंधित तिमाही के बाद के 45 दिनों के अंदर
22वीं वार्षिक सामान्य सभा का स्थल	सभागृह, सर सोराबजी पोचखानावाला बैंकर्स प्रशिक्षण महाविद्यालय, कूपर अस्पताल के पास, जे.वी.पी.डी. स्कीम, विलेपार्ले (पश्चिम), मुंबई 400056

12.5 वर्ष 2017-18 के दौरान एन.एस.ई एवं बी.एस.ई. के माध्यम से खरीदे /बेचे गए शेयरों की कीमत और मात्राः

	राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज (एन.एस.ई.)			बांबे स्टॉक एक्सचेंज (बी.एस.ई.)		
अवधि	उच्च	निम्न	खरीदे / बेचे गए शेयरों की कुल मात्रा	उच्च	निम्न	खरीदे / बेचे गए शेयरों की कुल मात्रा
अप्रैल -17	44.90	38.10	2,75,48,301	44.70	38.00	57,91,852
मई -17	50.10	33.75	7,01,42,856	50.00	33.70	1,66,34,343
जून -17	38.40	33.10	3,03,33,562	38.40	33.00	73,67,699
जुलाई -17	36.10	32.10	1,87,63,644	36.10	32.25	41,77,220
अगस्त -17	35.25	30.30	1,38,07,692	35.30	30.30	33,60,393
सितंबर -17	33.60	30.00	1,69,20,104	33.45	30.45	27,48,452
अक्तूबर -17	32.00	27.10	10,15,94,414	32.00	27.10	1,41,13,357
नबंवर -17	28.70	24.30	7,09,26,971	28.80	24.30	1,15,14,144
दिसंबर -17	26.40	23.55	3,40,37,649	26.40	23.70	66,11,760
जनवरी -18	27.85	24.85	7,30,77,475	27.85	24.65	1,30,02,922
फरवरी -18	25.50	19.85	3,79,73,140	25.55	19.85	77,71,152
मार्च -18	21.60	18.05	3,15,33,392	21.70	18.00	65,03,534
वर्ष के दौरान सर्वोच्च			**50.10**	**वर्ष के दौरान सर्वोच्च**		**50.00**
वर्ष के दौरान न्यूनतम			**18.05**	**वर्ष के दौरान न्यूनतम**		**18.00**

12.6 दिनांक 31 मार्च, 2018 को शेयरधारिता का स्वरूपः

31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष हेतु बैंक की शेयरधारिता का स्वरूप निम्न प्रकार हैः

क्र. सं.	श्रेणी	धारित शेयरों की संख्या	शेयरधारिता का %
1	भारत सरकार	182,40,31,844	80.74
2	बीमा कंपनियां	19,05,01,676	8.43
3	विदेशी संस्थागत निवेश	2,79,37,286	1.24

4	कार्पोरेट निकाय	2,52,95,657	1.12
5	एन.आर.आई / ओसीबी	56,06,737	0.25
6	बैंक व वित्तीय संस्थान	3,84,19,247	1.70
7	म्युचुअल फंड / यूटीआई	400	0.00
8	आर.बी.आई., न्यासी के साथ पंजीकृत निवासी वैयक्तिक / एन.बी.एफ.सी,	14,72,53,483	6.52
	कुल	**225,90,46,330**	**100.00**

12.7 (क) दिनांक 31-03-2018 को "प्रवर्तक और प्रवर्तक समूह" की श्रेणी से संबंधित व्यक्तियों की शेयरधारिता प्रदर्शित करने वाला विवरण

क्र. सं.	शेयरधारक का नाम	धारित शेयर की संख्या	कुलधारिता का %
1.	भारत के राष्ट्रपति (भारत सरकार)	182,40,31,844	80.74
	कुल	182,40,31,844	80.74

(ख) दिनांक 31.03.2018 को जनता की श्रेणी से संबंधित व्यक्तियों की शेयरधारिता और शेयरों की कुल संख्या के 1 प्रतिशत से अधिक शेयरधारिता प्रदर्शित करने वाला विवरणः

क्र. सं.	शेयर धारकों की श्रेणी	धारित शेयरों की संख्या	शेयरों की कुल संख्या के प्रतिशत के रूप में शेयर
1	भारतीय जीवन बीमा निगम	15,52,69,698	6.87
2	भारतीय साधारण बीमा निगम	2,85,32,665	1.26
	कुल	**18,38,02,363**	**8.13**

12.8 दिनांक 31 मार्च, 2018 को शेयरधारिता का वितरण :

विवरण	शेयरधारक		शेयरधारिता	
(शेयरों की संख्या)	संख्या	कुल का %	संख्या	कुल का %
500 तक	206069	83.13	34625936	1.53
501-1000	20687	8.34	17325868	0.77
1001-2000	10490	4.23	16364235	0.72
2001-3000	3610	1.46	9361867	0.41
3001-4000	1725	0.70	6251979	0.28
4001-5000	1434	0.58	6825226	0.30
5001-10000	2144	0.86	16156277	0.72
10000 से अधिक	1724	0.70	2152134942	95.27
कुल	**247883**	**100.00**	**2259046330**	**100.00**

12.9 एस एण्ड पी सीएनएक्स निफ्टी के उतार-चढ़ाव की तुलना में देना बैंक के शेयर का निष्पादन निम्नानुसार प्रदर्शित है.



12.10. शेयर धारकों के लिए सूचनाः

बैंक ने निम्नलिखित वर्षों के लिए लाभांश घोषित किया:

क्रम सं.	वर्ष	लाभांश (%)	क्रम सं.	वर्ष	लाभांश (%)
1	1996-1997	12%	13	2008-2009	12%
2	1997-1998	15%	14	2009-2010	20%
3	1998-1999	16%	15	2010-2011	22%
4	1999-2000	6%	16	2011-2012	30%
5	2000-2001	शून्य	17	2012-2013	47%
6	2001-2002	शून्य	18	2013-2014 (अंतरिम)	11%
7	2002-2003	शून्य	19	2013-2014 (अंतिम)	11%
8	2003-2004	शून्य	20	2014-2015 (अंतिम)	9%
9	2004-2005	शून्य	21	2015-16	शून्य
10	2005-2006	शून्य	22	2016-17	शून्य
11	2006-2007	8%	23	2017-18	शून्य
12	2007-2008	10%			

दिनांक 16 अक्तूबर, 2006 की अधिसूचना द्वारा भारत सरकार ने यह सूचित किया है कि आगे बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970/1980 में संशोधन किया गया है और बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) और वित्तीय संस्था नियम (संशोधन) अधिनियम, 2006 नामक नया नियम बनाया है जो अधिसूचना की तारीख से प्रभावी है.

उपरोक्त अधिनियम की धारा 10 (बी) (2) के अनुसार बैंक को जारी लाभांश उपरोक्त अधिनियम की शुरुआत के पहले, अदत्त लाभांश से विशेष खाता में देना बैंक (वर्ष) के अदत्त लाभांश खाता में अधिनियम की शुरूआत के बाद छः माहों में, अर्थात दिनांक 16 अक्तूबर, 2006 को पूर्ण रुप से या उसका हिस्सा अंतरित करेगा. बैंक ने उपरोक्त आवश्यकताओं का अनुपालन किया है और अदत्त लाभांश खाता में उसे अंतरित भी किया है.

उपरोक्त अधिनियम की धारा 10 (बी) (1) के अनुसार, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) और वित्तीय संस्था नियम (संशोधन) अधिनियम, 2006 की शुरुआत के पहले, लाभांश जो कि तदनुरुपी नए बैंक द्वारा घोषित किया गया हो और वह भुगतान ना किया हो या घोषित किये जाने की तिथि से तीस दिनों तक अदावाकृत रहा हो, या किसी शेयरधारक को या द्वारा लाभांश के भुगतान प्राप्त करने के लिए हकदार है, तो तदनुरुपी बैंक तीस दिनों की ऐसी अवधि की समाप्त होने की तिथि से 7 दिन के अंदर लाभांश की कुल रकम जो अदत्त है या अदावाकृत है "अदत्त लाभांश खाता" नामक विशेष खाते में अंतरित करेगा. बैंक ने वर्ष 2014-15 के लाभांश के लिए इन दिशानिदेशों का अनुपालन किया है.

उपरोक्त अधिनियम की धारा 10 (बी) (3) के अनुसार, इस धारा के अनुसरण में तदनुरुपी नए बैंक द्वारा अदत्त लाभांश खाते को अंतरित कोई भी धन जो ऐसे अंतरण की तारीख से सात वर्ष की अवधि तक अदत्त या अदावाकृत रहे तो उसे केद्र सरकार द्वारा स्थापित निवेशक शिक्षा तथा संरक्षण निधि को तदनुरूपी नए बैंक द्वारा अंतरित किया जाएगा. तदनुसार, बैंक द्वारा 2009-10 तक अदत्त लाभांष खाते में पडे हुए अदत्त / अदावाकृत लाभांश राशि को बैंक द्वारा अंतरित किया गया.

तदनुसार, जिन शेयरधारकों को वर्ष 2010-2011 से 2014-2015 तक लाभांश प्राप्त नहीं हुआ है वे कृपया सहायता के लिए बैंक के निवेशक सम्पर्क केंद्र या मेसर्स लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से सम्पर्क कर सकते हैं. बैंक ने वर्ष 2000-2001 से 2005-2006 के दौरान और 2015-16 से 2017-18 में कोई भी लाभांश घोषित नहीं किया है.

12.11 जहां पर ई.सी.एस. सुविधाएं उपलब्ध हैं वहाँ निवेशकों को इलेक्ट्रानिक समाशोधन सेवा के माध्यम से लाभांश वितरित करने के लिए जमाकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत बैंक खातों के विवरणों का उपयोग करने हेतु सेबी ने इसे सभी सूचीबद्ध कम्पनियों के लिए अनिवार्य बना दिया है. एन.ई.सी.एस. सुविधा उपलब्ध न होने की स्थिति में निवेशकों को लाभांश वितरण के लिए बैंक भुगतान लिखत पर बैंक खाते का विवरण, यदि उपलब्ध हो, मुद्रित करेगा.

12.12 ऐसे शेयरधारक जिनके शेयर कागजी रुप में हैं और जिन्होंने बैंक को अधिदेश विवरण / अधिदेश विवरण में हुए परिवर्तन बैंक को सूचित नहीं किए हैं, वे उक्त विवरण बैंक को प्रस्तुत करें ताकि लाभांश वारंट के धोखाधडी पूर्वक नकदीकरण से बचा सके. बैंक अधिदेश प्रस्तुत करने का प्रोफार्मा वार्षिक रिपोर्ट में अलग से उपलब्ध कराया गया है.

12.13 कृपया यह ध्यान दें कि जिन शेयर धारकों के शेयर कागजी रूप में हैं वे अपने बैंक अधिदेश विवरण और पते में हुए परिवर्तन, यदि कोई हो तो, शेयरधारकों के अभिलेख को अद्यतन करने के लिए बैंक के निवेशक सम्पर्क केद्र या मेसर्स लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई को भेज सकते हैं. ऐसे शेयरधारक जिनकी शेयर धारिता डीमेट (इलेक्ट्रानिक) रूप में है वे बैंक खातों के विवरण, शेयरधारक आदि के पते को अनिवार्य रूप से अद्यतन बनाने के लिए अपने निक्षेपागार सहभागी से सम्पर्क करें.

घोषणा

सेबी (एल.ओ.डी.आर.) विनियम, 2015 के विनियम 34(3) के अनुसार कार्यपालक निदेशक की घोषणा.

यह घोषित किया जाता है कि बैंक के निदेशक मंडल के सभी सदस्यों और मेरे बैंक के वरिष्ठ प्रबंधन कर्मियों ने सेबी (एल.ओ.डी.आर.) विनियम, 2015 के विनियम 34(3) में विनिर्दिष्ट आचार संहिता के अनुसार 31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए तदनुसार अनुपालन की पुष्टि कर दी है. उक्त आचार संहिता को बैंक की वेबसाईट पर भी प्रदर्शित किया गया है.

कृते देना बैंक

रमेश एस. सिंह
कार्यपालक निदेशक

दिनांक : 11.05.2018
स्थानः मुंबई

सी.ई.ओ. एवं सी.एफ.ओ. प्रमाणपत्र

सेबी (एल.ओ.डी.आर.) विनियम, 2015 के विनियम 17(8) के अंतर्गत

निदेशक मंडल
देना बैंक,
मुंबई

हम एतद्द्वारा 31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए वित्तीय विवरणी तथा नकदी प्रवाह विवरणों की समीक्षा एवं अपनी सर्वोत्तम जानकारी एवं विश्वास के आधार पर प्रमाणित करते है कि -

i. इन विवरणों में भौतिक रूप से कोई गलत विवरण नहीं है अथवा इनमें से कोई भौतिक तथ्य हटाए नहीं गए हैं अथवा इनमें ऐसा कोई विवरण नहीं है जो गुमराह करते हों,

ii. ये विवरण के साथ बैंक के कामकाज की एक सच्ची एवं स्वच्छ छवि प्रस्तुत करते हैं, साथ ही ये बैंक के वित्तीय परिणामों में प्रकट किए गए प्रचलित लेखांकन मानकों, प्रयोज्य विधियों व विनिमयों के अनुपालन के अनुरूप है.

iii. हमारी सर्वोत्तम जानकारी व विश्वास के अनुसार, वर्ष 2017-2018 के दौरान बैंक द्वारा ऐसा कोई लेन-देन नहीं किया गया जो कपटपूर्ण, अवैध अथवा बैंक की आचार संहिता का उल्लंघन करनेवाला रहा हो, सिवाय उसके जिसकी रिपोर्ट निदेशक मंडल / भारतीय रिजर्व बैंक को कर दी गई है.

iv. हम आंतरिक नियंत्रणों को स्थापित करने एवं उनको बनाए रखने का दायित्व स्वीकार करते हैं, हमने बैंक की आंतरिक नियंत्रक प्रणाली की प्रभावात्मकता का मूल्यांकन किया है एवं हमने आंतरिक नियंत्रण प्रणाली के स्वरुप एवं परिचालन से संबंधित उन कमियों जिनसे हम अवगत हैं, के बारे में लेखा परिक्षकों व लेखा परीक्षा समिति को बता दिया है तथा हमने इन कमियों को सुधारने के लिए अपेक्षित कदम उठाए हैं.

v. हम पुनः प्रमाणित करते हैं कि :

1. वर्ष के दौरान आंतरिक नियंत्रण प्रणाली में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं हुए हैं,
2. इस वर्ष के दौरान लेखांकन नीतियों में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं हुए हैं सिवाय उसके जिन्हें बैंक के वित्तीय परिणामों में प्रकट कर दिया गया है,
3. निदेशक मंडल / भारतीय रिजर्व बैंक को की गई रिपोर्ट को छोड़कर, प्रबंधन अथवा किसी कर्मचारी जिसकी महत्वपूर्ण भूमिका बैंक की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली में है, के ऐसे किसी महत्वपूर्ण छल-कपट के कोई उदाहरण नहीं रहे हैं जिससे एवं संबंधितों से हम अवगत नहीं हो गए हैं. जब कभी कोई धोखाधड़ी उजागर हुई है तो संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध आवश्यक अनुशासनिक कार्रवाई की गई है. भविष्य में इसके निवारण संबंधी आवश्यक उपाय भी निरंतर रुप से किए जा रहे हैं.

(उषा रवि) महा प्रबंधक (वित्तीय प्रबंधन) और सी.एफ.ओ.	(डा. राजेश कुमार यदुवंशी) कार्यपालक निदेशक	(रमेश एस. सिंह) कार्यपालक निदेशक

दिनांक : 11.05.2018
स्थान : मुंबई

कार्पोरेट अभिशासन रिपोर्ट 2017-18

कार्पोरेट अभिशासन पर लेखा परीक्षकों का प्रमाण पत्र
सेबी (एल.ओ.डी.आर.) विनियम, 2015 के विनियम 34(3) के अंतर्गत

सेवा में,
निदेशक मंडल
देना बैंक, प्रधान कार्यालय
देना कार्पोरेट सेंटर, सी-10, जी ब्लॉक,
बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलेक्स, बांद्रा (पूर्व)
मुंबई - 400 051.

हमने सेबी (एल.ओ.डी.आर.) विनियम, 2015 में यथा निर्धारित 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए देना बैंक द्वारा कार्पोरेट अभिशासन की शर्तों के अनुपालन की जाँच की है.

कार्पोरेट अभिशासन की शर्तों के अनुपालन का दायित्व प्रबंधन का है. हमारी जांच उक्त विनियमो के शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए बैंक द्वारा अपनायी गई कार्यविधि और कार्यान्वयन करने तक सीमित थी. यह न तो लेखापरीक्षा है और न ही बैंक के वित्तीय विवरणों पर मंतव्य की अभिव्यक्ति है.

हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी और हमें दिये गये स्पष्टीकरणों के अनुसार हम प्रमाणित करते हैं कि सामान्यतया बैंक ने उपर्युक्त सूचीबद्धता करार के यथा निर्धारित कार्पोरेट अभिशासन की शर्तो का अनुपालन किया है, ज़ब तक कि वे भारत सरकार / भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशो से असंगत नहीं है.

1. 1 सितंबर 2017 से बैंक में कोई महिला निदेशक नहीं है क्योंकि भारत सरकार ने किसी भी महिला निदेशक को नियुक्त नहीं किया है.
2. चूंकि 23 मार्च, 2018 को दो मंडल सदस्य सेवानिवृत्त हुए, भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार न्यूनतम पांच सदस्यों की संख्या समक्ष 31 मार्च, 2018 तक बैंक की लेखा परीक्षा समिति में केवल तीन सदस्य थे. 26 अप्रैल, 2018 को आयोजित मंडल की बैठक के तुरंत बाद बैंक द्वारा उक्त रिक्तियों को भर दिया गया था.

हम यह कहना चाहते हैं कि बैंक के रजिस्ट्रार एवं अंतरण अभिकर्ता द्वारा यथा प्रमाणित बैंक के निवेशक से संबंधित कोई भी शिकायत एक माह से अधिक समय के लिए लंबित नहीं है.

हम यह भी कहना चाहते हैं कि ऐसा अनुपालन न तो बैंक की भावी व्यवहार्यता के रूप में आश्वासन है और न ही उस कार्यक्षमता और प्रभावात्मकता का, जिसे प्रबंधन वर्ग ने बैंक के कामकाज के लिए तैयार किया है.

कृते, रमेश सी अग्रवाल एण्ड कंपनी
सनदी लेखाकार

(आर. सी. अग्रवाल)
भागीदार
एम. सं 070229
एफ.आर.एन. 001770C

कृते, ए.बी.पी. एण्ड एसोसिएट
सनदी लेखाकार

(प्रभात कुमार पांडा)
भागीदार
एम. सं 057140
एफ.आर.एन. 315104E

कृते, कैलाश चंद जैन एण्ड कं.
सनदी लेखाकार

(संदीप के. जैन)
भागीदार
एम. सं 110713
एफ.आर.एन. 112318W

कृते, सारदा और पारीक
सनदी लेखाकार

(निरंजन जोशी)
भागीदार
एम. सं 102789
एफ.आर.एन. 109262W

स्थान : मुंबई
दिनांक : 11.05.2018

श्री रमेश एस. सिंह, 22 जनवरी 2016 से कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किए गए. श्री सिंह कला और विधि स्नातक हैं. इंडियन इन्स्टीटयूट ऑफ बैंकर्स के प्रमाणित एसोसिएट (सी.ए.आई.आई.बी.) हैं. श्री सिंह ने आई.आई.एम. अहमदाबाद में नेतृत्व विकास और उन्नत नेतृत्व कार्यक्रमों में भाग लिया. श्री सिंह ने ए.एस.सी.आई. हैदराबाद में नेतृत्व विकास और केलॉग स्कूल आफ मैनेजमेंट, शिकागो के साथ एन.आई.बी.एम. पुणे द्वारा आयोजित कार्पोरेट एक्सीलेंस हेतु नेतृत्व विकास पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में भी भाग लिया.

बैंक में नियुक्ति से पूर्व श्री सिंह सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में उसके अंचल कार्यालय, भोपाल में क्षेत्र महा प्रबंधक थे, जहाँ वे मध्य प्रदेश राज्य में 468 शाखाओं, 6 क्षेत्रीय कार्यालयों और 18 अग्रणी बैंक जिला कार्यालयों में परिचालन का नेतृत्व कर रहे थे. श्री रमेश एस. सिंह राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एस.एल.बी.सी.), मध्य प्रदेश के संयोजक भी थे. श्री सिंह ने केंद्रीय कार्यालय, मुंबई में महा प्रबंधक (खजाना और अंतरराष्ट्रीय प्रभाग) के रूप में भी कार्य किया है.

डॉ राजेश कुमार यदुवंशी हमारे बैंक में दिनांक 9 अक्टूबर, 2017 को कार्यपालक निदेशक के रुप में नियुक्त किए गए. वे विज्ञान में स्नातकोत्तर हैं और भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली से एंटमॉलजी में पीएचडी हैं. वे भारतीय बैंकर संस्थान का प्रमाणित एसोसिएट (सी.ए.आई.आई.बी.) हैं. उन्होंने आई.एस.बी. हैदराबाद में गहन एफ.ई.एक्स. कार्यक्रम, अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग में उन्नत प्रशिक्षण (एन.आई.बी.एम, पुणे) और शीर्ष प्रबंधन के लिए नेतृत्व कौशल सहित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया है.

डॉ राजेश कुमार यदुवंशी को बैंकिंग क्षेत्र में 32 से अधिक वर्षों का व्यापक अनुभव है. हमारे बैंक में नियुक्त होने से पूर्व, वे पंजाब नेशनल बैंक में महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत थे और एनसीआर, दिल्ली में क्षेत्र महाप्रबंधक के रूप कार्यरत थे जिसमें चार मंडल, 368 शाखाएं और दो बड़ी कॉर्पोरेट शाखाएं शामिल थीं. इन्होंने यू.के. में पंजाब नेशनल बैंक (इंटरनेशनल) लिमिटेड लिए 3 वर्ष और जालंधर के सर्कल हेड के रूप में 3 वर्ष काम किया है.

श्री अशोक कुमार सिंह ने बैंक के निदेशक मंडल में 15 जनवरी 2016 से भारत सरकार का प्रतिनिधित्व किया. श्री ए. के. सिंह आई.आई.टी. कानपुर से बी.टेक. (मैकेनिकल इंजीनियर) और भारतीय प्रशासनिक सेवा में केरल कैडर में वर्ष 1999 से कार्यभार ग्रहण किया. श्री ए. के. सिंह केरल जल प्राधिकरण, केरल के प्रबंध निदेशक थे. वे पूर्व में स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर के निदेशक मंडल में सरकार नामित निदेशक के रूप में पदस्थ थे. वर्तमान में, श्री अशोक कुमार सिंह, वित्तीय समावेशन, ई-समीक्षा, मीडिया और संबद्ध मामलों के लिए सामग्री, सूचना तकनीक (आई.टी.), वित्तीय सेवाएं विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार में निदेशक हैं.

श्री शिरीष सी. मुरमू बैंक के निदेशक मंडल में 03 मई 2016 से भारतीय रिजर्व बैंक का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं. वे जवाहर लाल नेहरु विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से विज्ञान में स्नातकोत्तर हैं. वे भारतीय बैंकर संस्थान का प्रमाणित एसोसिएट (सी.ए.आई. आई.बी.) हैं. वर्तमान में, वे भारतीय रिजर्व बैंक के कोलकता क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक के पद पर हैं. पूर्व में भारतीय रिजर्व बैंक में अपनी सेवाओं के दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों में कार्य किया जैसे कि इशू एवं बैंकिंग विभाग, बैंकिंग सुपरविजन विभाग, शहरी बैंक सुपरविजन विभाग, वित्तीय समावेशन एवं विकास विभाग. वे सूचना तकनीक विभाग में मुख्य महा प्रबंधक के रुप में भी कार्य कर चुके हैं.

श्री अमित चटर्जी की नियुक्ति बैंक के निदेशक मंडल में अंशकालिक गैर अधिकारी निदेशक के रूप में दिनांक 28 जनवरी 2016 को हुई. श्री अमित चटर्जी सेंट स्टीफन्स महाविद्यालय दिल्ली से बी.ए.(आनर्स) अर्थशास्त्र किया है. उन्होंने दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनामिक्स से एम.ए. अर्थशास्त्र, फेकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, दिल्ली से एम.बी.ए. (फाईनेंस) और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, नई दिल्ली से एम.फिल (पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन) किया है. श्री अमित चटर्जी ने व्हार्टन बिजनेस स्कूल, पेनसिलवेनिया विश्वविद्यालय यू.एस.ए.,जार्ज टाऊन विश्वविद्यालय यू.एस.ए., लंदन स्कूल ऑफ इकोनामिक्स यू.के., राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी, मसूरी, राष्ट्रीय प्रत्यक्ष कर अकादमी, नागपुर और भारतीय प्रबंधन संस्थान, बेंगलूर सहित प्रतिष्ठत संस्थाओं में विभिन्न व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सहभागिता की है.

श्री अमित चटर्जी भारतीय राजस्व सेवा के सेवामुक्त अधिकारी हैं. उन्होंने भारत सरकार की सेवाओं में 36 वर्षों के व्यापक अनुभव (संयुक्त सचिव स्तर और उससे उपर में 14 वर्ष सहित) से विशेष कौशल प्राप्त कर लिया है. नीतिगत मामलों का निर्देशन करने में उनकी व्यापक पृष्ठभूमि है और वित्त मंत्रालय, कॉर्पोरेट मामलों, बिजली, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालयों में वरिष्ठ पदों पर कार्यरत हैं. अपनी सेवा अवधि के दौरान, उन्होंने विभिन्न क्षमताओं में भारत सरकार द्वारा गठित विभिन्न समितियों पर कार्य किया है. वह मुंबई और दिल्ली के पूर्व मुख्य आयुक्त, आयकर हैं. श्री अमित चटर्जी ने बिहार, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों में चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में भारत के निर्वाचन आयोग में भी कार्य किया है.

श्री जी. गोपालकृष्ण बैंक के निदेशक मंडल में दिनांक 28 जनवरी 2016 से अंशकालिक गैर- सरकारी निदेशक के रुप में नियुक्त किए गए हैं. वे कला और विधि स्नातक हैं. भारतीय बैंकर संस्थान का प्रमाणित एसोसिएट (सी.ए.आई.आई.बी.) हैं.

श्री गोपालकृष्णा अक्टूबर 2007 से अप्रैल 2014 तक भा.रि.बैं. में कार्यपालक निदेशक थे. वे उच्चस्तरीय वित्तीय अनुसंधान तथा अध्ययन केंद्र (कैफरल) के निदेशक थे जो बैंकिंग और वित्तीयन में अनुसंधान और अध्ययन हेतु विश्व स्तरीय वैश्विक संस्था का विकास करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (भा.रि.बैं.) द्वारा कैफरल स्थापित किया गया है.

2011 के दौरान, उन्होंने सूचना सुरक्षा, इलेक्ट्रानिक बैंकिंग तकनीक, जोखिम प्रबंधन और साईबर धोखाधड़ी पर कार्य समूह की अध्यक्षता की. श्री गोपालकृष्णा, भारत में पर्यवेक्षण प्रक्रिया की समीक्षा हेतु 2012 में भा.रि.बैं. द्वारा नियुक्त उच्च स्तरीय संचालन समिति के भाग के रूप में पर्यवेक्षण रेटिंग रुपरेखा की समीक्षा हेतु गठित तकनीकी समूह के अध्यक्ष थे.

डॉ. यशोवर्धन वर्मा को दिनांक 28 मार्च, 2018 से शेयरधारक निदेशक के रुप में चुना गया है. डॉ वर्मा ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से मकैनिकल इंजीनियरिंग में डिग्री, पर्सनल मेनेजमेंट और इंडस्ट्रीयल रिलेशन में पंजाब विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर किया है. वे आई.आई.टी., खरगपुर से पी.एच.डी. भी हैं

उन्होंने अपने कैरियर की शुरुआत टाटा स्टील के साथ की और उन्होंने उषा इंडिया और जिंदाल संस्था के साथ मानव संसाधन विभाग में भी कार्य किया. उन्होंने एम.आई. आर.सी. इलेक्ट्रानिक्स लिमिटेड में सी.ई.ओ. तथा एल.जी. इलेक्ट्रानिक्स इंडिया (घरेलू उपकरण) में निदेशक के रुप में, इंडियन ऑपरेशन्स में मुख्य परिचालन अधिकारी और उपाध्यक्ष (मानव संसाधन)के रुप में कार्य किया हैं.

श्री वर्मा को बिजनेस टुडे द्वारा 'हेरेटिक' और 'गलअप' पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था और 1997 में भारत की एक प्रतिष्ठित कारोबार पत्रिका, बिजनेस टुडे के मुखपृष्ठ पर भी उन्हें स्थान दिया गया था. व्यावसायिक प्रबंधन में महत्वपूर्ण योगदान के लिए उन्हें अखिल भारतीय प्रबंधन एसोसिएशन द्वारा सम्मानार्थ शिक्षावृत्ति प्रदान की गई है. वह ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन के प्रबंधन परिषद के सदस्य भी थे. वे 2009-11 की अवधि के दौरान उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और उपकरण निर्माता (सी. ई.ए.एम.ए.) के अध्यक्ष थे.

श्री राकेश कुमार को 28 मार्च, 2018 को बैंक के मंडल में शेयरधारक निदेशक के रूप में निर्वाचित किया गया है. वे भौतिकी विज्ञान में स्नातकोत्तर है. वर्तमान में, वे भारतीय जीवन बीमा निगम में कार्यपालक निदेशक (विपणन/ बैंकबीमा और वैकल्पिक चैनल) के रूप में कार्यरत हैं. वर्तमान दायित्व से पूर्व, वे उत्तर अंचल कार्यालय के क्षेत्र प्रबंधक (विपणन), उत्तर क्षेत्र कार्यालय और पूर्वी केंद्रीय क्षेत्र कार्यालय के क्षेत्र प्रबंधक (कार्मिक और औद्योगिक संबंध) थे.

निदेशकों के विवरण (31 मार्च 2018 को समाप्त वर्ष के दौरान)

अनुबंध ए

क्र सं	निदेशकों के विवरण, कार्यकाल, देना बैंक में शेयरधारिता, यदि कोई हो	प्रकार	आयु वर्षों में	शैक्षणिक योग्यता	कार्यकाल	अन्य कंपनियों की समितियों में निदेशक / सदस्यता और अध्यक्षता	शेयरधारिता
1	श्री अश्वनी कुमार	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	60	एम.एस.सी. सी.ए.आई.आई.बी.	01.01.2013 से 31.12.2017	1. भारतीय जीवन बीमा निगम निदेशक	0
2	श्रीमती तृष्णा गुहा	कार्यपालक निदेशक	60	एम.एस.सी., कंप्यूटर विज्ञान में पी.जी.डी.	05.08.2013 से 31.08.2017	शून्य	0
3	श्री रमेश एस. सिंह	कार्यपालक निदेशक	56	बी.ए., एल.एल.बी., सी.ए.आई.आई. बी.	22.01.2016 से 21.01.2019	शून्य	0
4	डॉ राजेश कुमार यदुवंशी	कार्यपालक निदेशक	57	एम.एस.सी., एंटमॉलजी में पी.एच.डी., सी.ए.आई.आई.बी.	09.10.2017 से 08.10.2020	शून्य	0
5	श्री अशोक कुमार सिंह	भारत सरकार नामिती	49	बी.टेक (मैकेनिकल इंजीनियरिंग)	15.01.2016 से अगले आदेश तक	शून्य	0
6	श्री एस. सी. मुरमु	भारतीय रिजर्व बैंक- नामिती	50	एम.एस.सी, सी.ए.आई.आई.बी.	03.05.2016 से अगले आदेश तक	शून्य	0
7	श्री बंकिम आर. देसाई	कामगार कर्मचारी निदेशक	58	बी. कॉम	19.09.2014 से 18.09.2017	शून्य	0
8	श्री अमित चटर्जी	अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	63	बीए (ऑनर्स) - अर्थशास्त्र, एमबीए (फाइनेंस एंड मैनेजमेंट) एम फिल (लोक प्रशासन)	28.01.2016 से 27.01.2019	शून्य	0
9	श्री जी. गोपालकृष्ण	अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक	62	बी.ए., एल.एल.बी., सी.ए.आई.आई. बी.	28.01.2016 से 27.01.2019	1. सोरिल होल्डिंग एण्ड वेन्चर लिमिटेड 2. वेस्ट एन्ड हाऊसिंग फाईनांस लिमिटेड 3. इनवेंट एसेट सिक्यूरिटाईजेशन एण्ड रिकंस्ट्रक्शन प्राईवेट लिमिटेड	0
10	डॉ. उमेश बेल्लूर	शेयरधारक निदेशक	52	बी.ई., कंप्यूटर विज्ञान में पी.एच.डी.	24.03.2015 से 23.03.2018	शून्य	100
11	श्री वी. चंद्रशेखरन	शेयरधारक निदेशक	60	बी.कॉम, एफ.सी.ए.	24.03.2015 से 23.03.2018	1. यू.टी.आई. वेंचर फंड मैनेजमेंट कंपनी प्राइवेट लिमिटेड 2. एल.आई.सी. एच.एफ. एल. एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड 3. लीगल एन्टीटी आयडेन्टीफाईड इंडिया लिमिटेड 4. केअर रेटिंग्स लिमिटेड 5. तमिलनाडू न्यूजप्रिंट एण्ड पेपर्स लिमिटेड	200
12	डॉ यशो वर्धन वर्मा	शेयरधारक निदेशक	60	बी.ई., पर्सोनल मेनेजमेंट और इंडस्ट्रीयल रिलेशन में स्नातकोत्तर, ऑर्गनाइजेशनल बिहेवियर में पी.एच.डी.	24.03.2015 से 23.03.2018 और 28.03.2018 से 27.03.2021	1. इंडियननिका लर्निंग प्राईवेट लिमिटेड 2. रिनाक इंडिया लिमिटेड 3. वेकेअर कंस्यूमर साइंस प्राईवेट लिमिटेड	200
13	श्री राकेश कुमार	शेयरधारक निदेशक	57	एम.एस.सी. (भौतिक विज्ञान)	28.03.2018 से 27.03.2021	शून्य	100

31.03.2018 को मंडल की समितियों का गठन **अनुबंध बी**

क्र.स.	समिति	नाम
मंडल प्रबंधन समिति	1. श्री रमेश एस. सिंह 2. डॉ राजेश कुमार यदुवंशी 3. श्री एस. सी. मुरमु 4. श्री अमित चटर्जी 5. श्री जी. गोपालकृष्णन	1. कार्यपालक निदेशक-I 2. कार्यपालक निदेशक-II 3. भारतीय रिजर्व बैंक के नामित निदेशक 4. अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक 5. अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक
लेखा परीक्षा समिति	1. डॉ राजेश कुमार यदुवंशी 2. श्री अशोक कुमार सिंह 3. श्री एस. सी. मुरमु	1. कार्यपालक निदेशक-II 2. भारत सरकार नामित निदेशक 3. भारतीय रिजर्व बैंक नामित निदेशक
समन्वित जोखिम प्रबंधन समिति	1. श्री रमेश एस. सिंह 2. डॉ राजेश कुमार यदुवंशी 3. श्री अमित चटर्जी 4. श्री जी. गोपालकृष्ण	1. कार्यपालक निदेशक-I 2. कार्यपालक निदेशक-II 3. अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक 4. अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक
हितधारक संबंध समिति	1. श्री रमेश एस. सिंह 2. डॉ राजेश कुमार यदुवंशी 3. श्री जी. गोपालकृष्ण	1. कार्यपालक निदेशक-I 2. कार्यपालक निदेशक -II 3. अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक
18.5 भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार प्रकटन इस प्रकार है:

क पूंजी :

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान,

1) देना बैंक ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (पूंजी निर्गम प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम, 2009 के अध्याय IV के अनुसार भारत सरकार (जी.ओ.आई.) को अधिमानी आधार पर रु 26.99 प्रति शेयर (रु 16.99 प्रति शेयर के प्रीमियम सहित) की कीमत पर प्रत्येक रु 10 के अंकित मूल्य वाले कुल रु 3045 करोड़ के 112,81,95,628 ईक्विटी शेयर जारी किए है.

2) बैंक ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (पूंजी निर्गम प्रकटन अपेक्षाएं) विनियम, 2009 के अनुसार अर्हताप्राप्त संस्थागत स्थापन (क्यू.आई.पी.) के अंतर्गत रु 29.20 प्रति शेयर (रु 19.20 प्रति शेयर के प्रीमियम सहित) की कीमत पर प्रत्येक रु 10 के अंकित मूल्य वाले कुल रु 401.26 करोड़ के 13,74,18,819 ईक्विटी शेयर जारी किए है.

3) बैंक को इक्विटी शेयरों के लंबित आवंटन से कुल रु 792.33 करोड़ की शेयर आवेदन राशि प्राप्त हुई थी. वित्तीय वर्ष 2016-17 में जिसकी तुलना में बैंक ने रु 38.41 प्रति शेयर की कीमत पर रु 10/- के अंकित मूल्य वाले (रु 28.41 प्रति शेयर के प्रीमियम सहित), भारत सरकार के पत्र एफ.सं. 7/38/2014-बी.ओ.ए. दिनांक 4 अगस्त 2017 के द्वारा अनुमोदन की प्राप्ति के बाद वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान सेबी (आई.सी.डी. आर.) विनियम, 2009 के अध्याय VII के अनुसार अधिमानी आधार पर, भारत सरकार को 15,62,09,320 इक्विटी शेयर, भारतीय जीवन बीमा निगम को 4,48,65,702 इक्विटी शेयर और भारतीय साधारण बीमा कंपनी को 52,06,977 इक्विटी शेयरों का आवंटन किया गया.

4) विनियामक क्रय विकल्प का प्रयोग करने के बाद आरक्षित, गौण, अपरिवर्तनीय बेसल III अनुपालन अतिरिक्त टीयर I बॉन्डों के लिए बैंक ने कुल रु 1,400 करोड़ के उधार की चुकौती की है.

क्र सइऊ.	विवरण	31.03.2018 के अनुसार		31.03.2017 के अनुसार	
		बेसल III	**बेसल II**	**बेसल III**	**बेसल II**
i	सामान्य ईक्विटी टीयर 1 पूंजी अनुपात (%)	8.81	-	7.24	-
ii	टीयर 1 पूंजी पर्याप्तता अनुपात (%)	8.81	7.39	9.05	7.97
iii	टीयर 2 पूंजी पर्याप्तता अनुपात (%)	2.28	4.31	2.34	4.10
iv	पूंजी पर्याप्तता अनुपात (सीआरएआर) (%)	11.09	11.70	11.39	12.07
v	बैंक में भारत सरकार की शेयरधरिता प्रतिशत	80.74%	80.74%	68.55%	68.55%
vi	जुटाई गई ईक्विटी पूंजी की राशि (रु करोड़ में) प्रीमियम सहित	3,446.26	3446.26	1,199.33	1199.33
vii	जुटाई गई अतिरिक्त टीयर 1 पूंजी की राशि जिसमें से				
	पी.एन.सी.पी.एस.	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य
	पी.डी.आई.	शून्य	शून्य	शून्य	शून्य

तुलनपत्र के भाग के रूप में अनुसूचियां

viii	टीयर 2 पूंजी की जुटाई गई राशि जिसमें से ऋण पूंजी लिखत (₹ करोड़ में) अधिमान शेयर पूंजी लिखत : बेमीयादी संचयी अधिमानी शेयर (पी.सी.पी.एस.)/ प्रतिदेय गैर-संचयी अधिमानी शेयर (आर.एन..सी.पी.एस.) / प्रतिदेय संचयी अधिमानी शेयर (आर.सी.पी.एस.)	शून्य शून्य	शून्य शून्य	400 शून्य	400 शून्य

बैंक ने आरबीआई के परिपत्र सं. डीबीआर.बीपी.बीसी.83 / 21.06.201 / 2015-16 द्वारा यथा निर्धारित सीईटी 1 पूंजी के लिए पुनर्मूल्यन आरक्षित और आस्थगित कर आस्तियों पर विचार किया है.

ख निवेश

	विवरण	(रु. करोड़ में)	
1	निवेश का मूल्य	31.03.2018	31.03.2017
	(i) निवेश का सकल मूल्य		
	(क) भारत में	38,039.56	40,189.77
	(ख) भारत से बाहर	0.00	0.00
	(ii) मूल्यह्रास के लिए प्रावधान		
	(क) भारत में	430.01	452.54
	(ख) भारत से बाहर	0.00	0.00
	(iii) निवेश का निवल मूल्य		
	(क) भारत में	37,609.55	39,737.23
	(ख) भारत से बाहर	0.00	0.00
2.	निवेश पर मूल्यह्रास के लिए रखे गए प्रावधान में घट-बढ़		
	(i) अथ शेष	452.54	118.33
	(ii) जोड़ें : वर्ष के दौरान किया गया प्रावधान	218.54	334.21
	(iii) घटाएं : वर्ष के दौरान डाले गए बट्टे खाते	0.00	0.00
	(iv) घटाएं : एच.टी.एम. में अंतरित ए.एफ.एस./एच.एफ.टी. श्रेणी के तहत निवेश के अंकित मूल्य को कम कर के	226.32	0.00
	समायोजित मूल्यह्रास	14.75	0.00
	(v) घटाएं : वर्ष के दौरान अतिरिक्त प्रावधान का प्रतिलेखन	430.01	452.54
	(vi) अंतिम शेष		

i. निवेश संविभाग की श्रेणीवार धारिता की स्थिति निम्न प्रकार हैं :

(रु. करोड़ में)

श्रेणियां	**31.03.2018**	**31.03.2017**
निवेश का सकल मूल्य		
क. परिपक्वता तक धारित	25,459.05	25,872.85
ख. बिक्री के लिए उपलब्ध	12,579.19	13,911.25
ग. व्यापार के लिए धारित	1.32	405.67
कुल	38,039.56	40,189.77
घटाएं मूल्यह्रास	430.01	452.54
निवेश का निवल मूल्य	37,609.55	39,737.23

तुलनपत्र के भाग के रूप में अनुसूचियां

ii. रेपो लेन-देन (अंकित मूल्य के संदर्भ में) :

(रु. करोड़ में)

विवरण	वर्ष के दौरान न्यूनतम शेष	वर्ष के दौरान अधिकतम शेष	वर्ष के दौरान दैनिक औसत शेष	31.03.18 को बकाया
रेपो के अंतर्गत बेची गई प्रतिभूतियां				
i. सरकारी प्रतिभूतियां	100.00	800.00	58.56	800.00
ii. कार्पोरेट ऋण प्रतिभूतियां	0.00	0.00	0.00	0.00
सरकारी प्रतिभूतियां कॉरपोरेट ऋण प्रतिभूतियां प्रतिवर्ती रेपो के अंतर्गत खरीदी गई प्रतिभूती	62.00 0.00	2,700.00 0.00	718.11 0.00	800.00 0.00

iii. गैर-सांविधिक चलनिधि अनुपात निवेश संविभाग :

1. गैर-सांविधिक चलनिधि अनुपात निवेशों की जारीकर्ता संरचना (31.03.2018 को):

(रु. करोड़ में)

क्र.सं	जारी कर्ता (1)	रकम (2)	निजी नियोजन का स्तर (3)	निवेश श्रेणी से कम वाली प्रतिभूतियों का स्तर (4)	गैर रेटिंग वाली प्रतिभूतियों का स्तर (5)	गैर सूचीबद्ध प्रतिभूतियों का स्तर (6)
1	सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम	2,303.25	1,995.20		0.00	0.00
2	वित्तीय संस्थाएं	1,031.77	996.78		0.00	1.20
3	बंक	97.17	67.50		0.00	0.00
4	निजी कार्पोरेट	1,384.82	1,281.87		0.02	0.02
5	सहायक / संयुक्त उद्यम	19.33	19.33		18.28	18.28
6	अन्य	3,485.40	3,485.40		0.00	0.00
7	उप जोड़	8,321.74	7,846.08		18.30	19.50
8	घटाएं : मूल्यह्रास हेतु किया गया प्रावधान	391.52				
9	कुल	7,930.22	7846.08		18.30	19.50

2. गैर-निष्पादक गैर-एसएलआर निवेश :

(रु. करोड़ में)

विवरण	2017-18	2016-17
अथ शेष	160.29	115.92
वर्ष के दौरान परिवर्धन	2.51	45.77
उपर्युक्त अवधि के दौरान घटाव	1.28	1.40
इति शेष	161.52	160.29
कुल किया गया प्रावधान	151.77	141.42

एच.टी.एम. संवर्ग से / को अंतरण और विक्रय

i. वर्ष के प्रारंभ में एच.टी.एम. श्रेणी में धारित निवेशों का बही मूल्य एच.टी.एम. श्रेणी से / को अंतरित प्रतिभूतियों/ विक्रय की कीमत 5% से अधिक थी. बैंक ने एच.टी.एम. से रु 2118.74 करोड़ (8.19%) के बही मूल्य वाली प्रतिभूतियों की बिक्री की थी. बैंक का एच.टी.एम. पोर्टफोलियो 1 अप्रैल 2017 को रु 25872.85 करोड़ था. दिनांक 31.03.2018 को एच.टी.एम. पोर्टफोलियो का बही मूल्य और बाजार मूल्य क्रमशः रु 25459.05 करोड़ और रु 25233.66 करोड़ हैं. बही मूल्य बाजार मूल्य से रु 225.39 करोड़ से अधिक है जिसके लिए एच.टी.एम. पोर्टफोलियो के कारण प्रावधान नहीं किया गया है.

ii. बैंक ने वर्ष के दौरान परिपक्वता तक धारित श्रेणी के तहत वर्गीकृत प्रतिभूतियों के लिए रु 73.13 करोड़ (पिछले वर्ष रु 62.15 करोड़) का लेखांकन नीति 17.3 के अनुसार परिशोधन किया है. उक्त रकम को लाभ एवं हानि खाते में प्रभारित किया गया है तथा संबंधित प्रतिभूतियों के मूल्य को उस सीमा तक कम कर दिया गया है.

iii. भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक ने वर्ष के दौरान प्रतिभूतियों की एक श्रेणी से अन्य श्रेणी में फेरबदल किया है. प्रतिभूतियों को बिक्री के लिए उपलब्ध श्रेणी से परिपक्वता तक धारित श्रेणी में परिवर्तन के कारण कुल रु 376.87 करोड़ में से रु 226.32 करोड़ की रकम मार्च 2017 को जिसे पहले ही मूल्यह्रास के रुप में प्रदान किया गया था, जिसे प्रावधान खाते से समायोजित किया गया है और शेष रु 150.55 करोड़ को लाभ और हानि खाते से हानि के रुप में समायोजित किया गया है, रु 376.84 करोड़ (पिछले वर्ष रु 10.21 करोड़) तक की राशि के ऐसे अंतरण परवर्ती अवक्षयण को इन प्रतिभूतियों के अंकित मूल्य में कमी करते हुए लाभ एवं हानि खाते में प्रभारित किया गया है.

तुलनपत्र के भाग के रूप में अनुसूचियां

iv. बैंक ने उसके द्वारा प्रायोजित एक क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में रु 19.33 करोड़ (पिछले वर्ष रु 19.33 करोड़) का निवेश किया है. जिसमें से रु 18.28 करोड़ (पिछले वर्ष रु 18.28 करोड़) का निवेश क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के पुनर्पूंजीकरण हेतु शेयर पूंजी जमाराशियों के रुप में हैं .निवेश को भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार लागत पर मूल्यांकित किया गया है.

v. भारतीय रिजर्व बैंक डी.बी.आर.सं..बी.पी.बी.सी.102/21.04.048/2017-18 दिनांक 2 अप्रैल, 2018 के अनुसार, ए.एफ.एस. और एच.एफ.टी. निवेशों पर रु 110.36 करोड़ के कुल निवल बाज़ार मूल्य को बही में अंकित करने की हानि में से बैंक ने वित्तीय वर्ष 2017-18 में रु 38.49 करोड़ मूल्यह्रास दर्शाया है और रु 71.87 करोड़ की शेष राशि को अगले तीन तिमाहियों में समान रूप से दर्शाए जाने के लिए आस्थगित कर दिया है

18.6 व्युत्पन्न :

क वायदा दर करार / ब्याज दर स्वैप

क्र. सं.	विवरण	2017-18	2016-17
I	स्वैप समझौते का कल्पित मूल्य	शून्य	शून्य
II	समझौते के अंतर्गत यदि प्रतिपक्षकार अपने अनुबंधों को पूरा करने में असफल रहे तो, होनेवाली हानियां	शून्य	शून्य
III	स्वैप करार करने पर बैंक द्वारा अपेक्षित संपार्श्विक प्रतिभूति	शून्य	शून्य
IV	स्वैप से होनेवाले ऋण जोखिम का संकेंद्रीकरण	शून्य	शून्य
V	स्वैप बही का उचित मूल्य	शून्य	शून्य

ख विनिमय व्यापारित ब्याज पर व्युत्पन्न

क्र. सं.	विवरण	2017-18	2016-17
I	वर्ष के दौरान लिए गए विनिमय व्यापारित ब्याज पर व्युत्पन्न की राशि का कल्पित मूल्य (लिखतवार)	शून्य	शून्य
II	31 मार्च 2015 को विनिमय व्यापारित ब्याज पर व्युत्पन्न की राशि का कल्पित मूल्य बकाया (लिखतवार)	शून्य	शून्य
III	वर्ष के दौरान लिए गए विनिमय व्यापारित ब्याज पर व्युत्पन्न की राशि का कल्पित मूल्य और उच्च प्रभावी नहीं (लिखितवार)	शून्य	शून्य
IV	विनिमय व्यापारित ब्याज पर व्युत्पन्न की राशि का कल्पित मूल्य बकाया की बाजार आधारित मूल्य और उच्च प्रभावी नहीं (लिखतवार)	शून्य	शून्य

ग व्युत्पन्न में जोखिम सीमा का प्रकटन :

i. **गुणात्मक प्रकटन**

बैंक की राजकोषी नीति तथा व्युत्पन्न नीति में वित्तीय व्युत्पन्न लिखत के प्रकार, उनके उपयोग की संभावना, उसके अनुमोदन की प्रक्रिया तथा खुली स्थिति सीमा, व्यापार आकार की सीमा, तथा प्रतिपक्ष का ऋण जैसी सीमाओं तथा अनुमोदित लिखतों में व्यापार के लिए प्रत्यायोजित अधिकार दिए गए हैं.

बैंक को साख जोखिम, बाजार जोखिम, देश जोखिम तथा परिचालन जोखिम हो सकता है. बैंक की निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित जोखिम प्रबंधन नीतियां हैं जोकि व्यापार बहियों में नियमित रुप में होनेवाले लेनदेनों के लिए वित्तीय जोखिम मापने हेतु तैयार की गई हैं. जोखिम प्रबंधन विभाग मापक उपकरण जैसे एम.टी.एम, वी.ए.आर, उत्तलता तथा संशोधित अवधि और संवेदनशीलता विश्लेषण दैनिक आधार पर और मासिक आधार पर तनाव परीक्षण, वीएआर बैंक टेस्टिंग के माध्यम से लेनदेनों के लिए वित्तीय जोखिम की माप करता है. रिपोर्ट शीर्ष प्रबंधन को प्रस्तुत की जाती है जोकि जोखिम की मात्रा के बारे में ए.एल.सी.ओ. को अवगत कराते हैं. भारतीय रिजर्व बैंक, फेडाई तथा एफ.आई.एम.एम.डी.ए. द्वारा समय समय पर जारी दिशानिदेशों का पालन किया जाता है.

ii. **परिमाणात्मक प्रकटन**

(रु. करोड़ में)

क्रस	विवरण	2017-18		2016-17	
		मुद्रा व्युत्पन्न	मुद्रा व्युत्पन्न	मुद्रा व्युत्पन्न	मुद्रा व्युत्पन्न
(i)	व्युत्पन्न (कल्पित मूल रकम)	25,946.69	शून्य	29,756.08	शून्य
	क) वित्तीय हानि से बचाव के लिए	19,234.97	शून्य	19,714.74	शून्य
	ख) व्यापार के लिए	6,711.68	शून्य	10,041.34	शून्य
(ii)	बाजार स्थिति का बही में अंकन				
	क) आस्ति (+)	(-)3.67	शून्य	(-)708.73	शून्य
	ख) देयता (-)	6.80	शून्य	737.21	शून्य
(iii)	ऋण जोखिम	147.68	शून्य	183.15	शून्य
(iv)	ब्याज दर में एक प्रतिशत के परिवर्तन की संभावना (100*पी.वी.01)	82.79	शून्य	90.59	शून्य
	क) वित्तीय हानि से बचाव व्युत्पन्न पर	69.34	शून्य	60.01	शून्य
	ख) व्यापार व्युत्पन्न पर	13.44	शून्य	30.58	शून्य

(v)	वर्ष के दौरान 100* पी.वी. 01 का अधिकतम	117.71	शून्य	114.00	शून्य
	क) वित्तीय हानि से बचाव पर	99.15		68.42	
	ख) व्यापार पर	18.56		45.58	
	वर्ष के दौरान 100* पी.वी. 01 का न्यूनतम	82.79	शून्य	80.00	शून्य
	क) वित्तीय हानि से बचाव	69.34	शून्य	54.73	शून्य
	ख) व्यापार पर	13.44	शून्य	25.27	शून्य

1. बैंक के पास अंतरपणन, निधीकरण तथा व्यापार लेन-देन आवरक और स्वपूंजी ट्रेडिंग गतिविधियों के लिए किए गए वायदा संविदा जैसे व्यापार वायदा संविदा और अंतर बैंक संविदा के अतिरिक्त व्युत्पन्न लेन-देन नहीं है.
2. बैंक वित्तीय हानि से बचाव तथा व्यापार की स्थिति के लिए त्रैमासिक आधार पर संग्रहित रूप से बकाया वायदा विनिमय संविदा के पी.वी.01 की संगणना करता है.

18.7 आस्ति गुणवत्ता :

क गैर निष्पादक आस्तियां : **(रु. करोड़ में)**

विवरण	**2017-18**	**2016-17**
i. निवल अग्रिमों की तुलना में निवल गैर निष्पादक आस्तियां (%)	11.95	10.66
ii. गैर निष्पादक आस्तियों में घट-बढ़ (सकल)		
अथ शेष	12618.73	8560.49
वर्ष के दौरान परिवर्धन	6008.47	6767.37
वर्ष के दौरान कमी	2265.76	2709.13
इति शेष	16361.44	12618.73
iii. निवल गैर निष्पादक आस्तियों में घट-बढ़		
अथ शेष	7735.12	5230.47
वर्ष के दौरान परिवर्धन	3819.56	4574.40
वर्ष के दौरान कमी	3715.90	2069.75
इति शेष	7838.78	7735.12
i. गैर - निष्पादक आस्तियों के लिए प्रावधान में घट-बढ़ (मानक आस्तियों के लिए किए गए प्रावधान के अतिरिक्त)		
अथ शेष	4877.67	3322.32
ज़ोड़ें : वर्ष के दौरान किया गया प्रावधान	4281.80	2457.75
घटाएं: वर्ष के दौरान अतिरिक्त प्रावधानों को बट्टे डालना/पुनरांकन करना	679.39	902.40
इति शेष	8480.08	4877.67

ख आस्ति पुर्ननिर्माण के लिए प्रतिभूतिकरण/पुर्ननिर्माण कंपनी को बेची गई वित्तीय आस्तियों के विवरण:

(रु. करोड़ में)

विवरण		**2017-18**	**2016-17**
i.	खातों की संख्या	7	22
ii.	एस.सी./आर.सी. को बेचे गए खातों का कुल मूल्य (प्रावधान को घटाकर)	98.70	247.99
iii.	कुल प्रतिफल	286.49	324.49
iv.	पिछले वर्षों में अन्तरित खातों के संबंध में प्राप्त अतिरिक्त प्रतिफल	0.00	0.00
v.	निवल बही मूल्य पर कुल लाभ (एन.बी.वी.)*	187.79	76.50

तुलनपत्र के भाग के रूप में अनुसूचियां

ग खरीदी /बेची गई गैर-निष्पादक वित्तीय आस्तियों का विवरण

i खरीदी गई गैर-निष्पादक वित्तीय आस्तियों के विवरण :

(रु. करोड़ में)

विवरण	2017-18	2016-17
वर्ष के दौरान खरीदे गए खातो की संख्या	शून्य	शून्य
कुल बकाया	शून्य	शून्य
इनमें से, वर्ष के दौरान पुनर्गठित खातों की संख्या	शून्य	शून्य
कुल बकाया	शून्य	शून्य

ii बेची गई गैर-निष्पादक वित्तीय आस्तियों का विवरण :

(रु. करोड़ में)

विवरण	2017-18	2016-17
बेचे गए खातो की संख्या	शून्य	शून्य
कुल बकाया	शून्य	शून्य
प्राप्त कुल प्रतिफल	शून्य	शून्य

घ प्रावधान कवरेज अनुपात (पी.सी.आर.)

विवरण	2017-18	2016-17
प्रावधान कवरेज अनुपात	60.20%	50.56%

तुलन पत्र की तारीख को प्रावधान कवरेज अनुपात 60.20% है जिसकी गणना भारतीय रिजर्व बैंक के परिपत्र सं. आर.बी.आई.2009-10/240 डी.बी.ओ.डी..सं..बी.पी..बी. सी..64/21.4.048/2009-10 दिनांक 01.12.2009 के अनुसार की गई है. पी.सी.आर. पर दिनांक अप्रैल 21, 2011 के भा.रि.बैं. के परिपत्र सं. डी.बी.ओ.डी. सं.बी.पी.बी. सी.87 /21.04.048 /2010-11 की शर्तों के अनुसार रु 1930.66 करोड़ (पिछले वर्ष रु 3041.43 करोड़) की कमी का प्रतिचक्रीय अतिरिक्त प्रावधान का निर्माण बैंक द्वारा यथाशीघ्र किया जाना है.

ड प्रतिभूति कंपनियां (एस.सी.) / पुनर्निमाण कंपनियां (आर.सी.) को अनर्जक आस्तियों (एनपीए) की बिक्री से संबंधित अतिरिक्त प्रकटीकरण आवश्यकताएं.

आर.बी.आई. परिपत्र सं.आरबीआई/2014-15/508 डीबीआर सं.बीपीबीसी.78/21.04.048/2014-15 दिनांक मार्च 20, 2015 के अनुसार, एस.सी. और आर. सी. के लिए एनपीए की बिक्री का विवरण निम्नानुसार हैः:

(रु. करोड़ में)

विवरण	सुरक्षा रसीद में निवेश का बही मूल्य	
	2017-18	2016-17
अंतर्निहित रूप में बैंक द्वारा बेचे गए एनपीए के समर्थन से	638.86	611.06
अन्य बैंकों / वित्तीय संस्थाओं / अंतर्निहित रूप में गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों द्वारा बेचे गए एनपीए के समर्थन से	शून्य	शून्य
कुल	638.86	611.06

च आर.बी.आई. परिपत्र सं. आरबीआई/2014-15/508 डीबीआर सं.बीपीबीसी. 78/21.04.048/2014-15 दिनांक मार्च 11, 2015 के अनुसार, वित्त वर्ष 2016-17 के दौरान, बैंक ने एनपीए बिक्री के कारण शून्य अतिरिक्त प्रावधान को प्रतिवर्तीत कर दिया है.

छ धोखाधड़ियों में गतिविधि

(रु. करोड़ में)

	2017-18		2016-17	
	संख्या	राशि	संख्या	राशि
अथ शेष	576	1675.09	533	1207
जोड़ें: वर्ष के दौरान रिपोर्ट किया गया	28	147.08	43	468.09
कम: वर्ष के दौरान बंद	0	0.00	0	0
अंतिम शेष	604	1822.17	576	1675.09

ज खाद्य ऋण एक्सपोजर: भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) को खाद्य ऋण में बैंक का समग्र एक्सपोजर रु 568.97 करोड़ (गत वर्ष रु 917.37 करोड़) था. इनमें से, पंजाब सरकार (जीओपी) के लिए जोखिम 327.85 करोड़ (गत वर्ष रु 339.78 करोड़) था. पंजाब सरकार के बकाया खाद्य ऋण और स्टॉक के मूल्य और प्राप्तियों के बीच अंतर था जिसके लिए न तो पंजाब सरकार और न ही एफ़सीआई दायित्व को स्वीकार कर रहे थे. आरबीआई ने सचिव, व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय को अपने पत्र दिनांक

तुलनपत्र के भाग के रूप में अनुसूचियां

12.04.2016 द्वारा पंजाब सरकार को बकाया खाद्य ऋण पर मार्च 2017 तक 15% के प्रावधान करने के लिए सूचित किया. तत्पश्चात भारतीय रिजर्व बैंक के पत्र संख्या डी.बी.आर. (बी.पी.) संख्या 3992/21.04.048/2016-17 दिनांक 03.10.2016 के द्वारा अध्यक्ष को सूचित किया गया कि जनवरी 2018 के पश्चात प्रावधानों का उन्नयन और प्रतिलेखन के लिए खाता पात्र होगा बशर्ते कि इस विनिर्दिष्ट अवधि के दौरान कार्य-निष्पादन संतोषजनक हो. तथापि उन्नयन के पश्चात विवेक के मामले में इस पुनर्गठित ऋण के दौरान बैंकों द्वारा 5% का विशिष्ट प्रावधान बनाए रखा जाना चाहिए. तदनुसार, बैंक ने बकाया राशि के अपने शेयरों पर 5% की दर से रु 16.39 करोड़ (पिछले वर्ष रु 50.9 7 करोड़) का प्रावधान किया है

इसके अतिरिक्त, दिनांक 27.03.2018 के सहायता संघ की बैठक के कार्यवृत्त के अनुसार, अग्रणी बैंक एस.बी.आई. ने सूचित किया कि तेलंगाना सरकार को खाद्य ऋण एक्सपोजर के मामले में, शेयरों के पर्याप्त मूल्य की कमी के कारण, तेलंगाना सरकार खाद्य ऋण खाते को आर.बी.आई. द्वारा नियम विपरित माना गया था और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा सूचित किया गया है कि बकाया राशि पर 15% के विवेकपूर्ण प्रावधान को बनाए रखा जाए. तदनुसार, बैंक ने बकाया शेष के अपने शेयरों पर 15% की दर से रु 5.65 करोड़ (पिछले वर्ष रु शून्य) का प्रावधान किया है.

झ भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने परिपत्र सं डी.बी.आर.संख्या बी.पी.बी.सी.101/21.04.048/2017-18 के दिनांक 12 फरवरी 2018 के द्वारा दबावग्रस्त आस्तियों के समाधान पर संशोधित रुपरेखा जारी की है. संशोधित रुपरेखा के अनुसरण में बैंक ने रु 827.77 करोड़ के गैर-निष्पादित विशिष्ट 12 खातों को वर्गीकृत किया है और तदनुसार रु 286.33 करोड़ के ऐसे दबावग्रस्त खातों के लिए प्रावधान किया है. दिनांक 31.03.2018 को दबावग्रस्त आस्तियों से संबंधित भारतीय रिजर्व बैंक के परिपत्र दिनांक 12.02.2018 का प्रभाव निम्नानुसार है:

रु करोड़ में

	खातों की संख्या	राशि	संशोधित दिशानिर्देशों के कारण अतिरिक्त प्रावधान
संशोधित दिशानिर्देशों के कारण एन.पी.ए. में स्लीपेज हुए खाते	12	827.77	212.23
जिन खातों को दिनांक 12.02.2018 के पहले कार्यान्वित किया गया था वे खाते मानक हैं	3066	3307.44	शून्य

11. भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार पत्र संख्या डी.बी.आर.सं.बी.पी.बी.सी.100/21.04.048/2017-18 दिनांक 07 फरवरी, 2018 के द्वारा वस्तु एवं सेवा कर (जी.एस.टी.), के अंतर्गत पंजीकृत एम.एस.एम.ई. उधारकर्ताओं को राहत हेतु 50 एम.एस.एम.ई. उधारकर्ता खातें (दिनांक 31.03.2018 को रु 51.14 करोड़ की बकाया शेष) राहत के प्रावधानों के अंतर्गत कवर हेतु पात्र हैं, बैंक को 5% अर्थात रु 2.55 करोड़ का प्रावधान करना था. तदनुसार मार्च 2018 को समाप्त तिमाही के दौरान रु 2.55 करोड़ का प्रावधान किया गया है.

18.8 मानक आस्तियों के लिए प्रावधान :

(रु करोड़ में)

विवरण	2017-18	2016-17
वर्ष के दौरान मानक आस्तियों के लिए किया गया प्रावधान	(158.64)	51.11
तुलन पत्र की तिथि को मानक आस्तियों के लिए प्रावधान का शेष	475.29	633.93

18.9 कारोबार अनुपात :

विवरण	2017-18	2016-17
i. कार्यकारी निधियों के प्रतिशत के रुप में ब्याज की आय	7.38%	7.87%
ii. कार्यकारी निधियों के प्रतिशत के रुप में गैर ब्याज आय	0.96%	0.97%
iii. कार्यकारी निधियों के प्रतिशत के रुप में परिचालन गत लाभ	0.97%	1.07%
iv. आस्तियों पर प्रतिफल	-1.59%	-0.67%
v. प्रति कर्मचारी कारोबार (जमा तथा अग्रिम) (रु करोड़ में)	13.25	13.69
iv. प्रति कर्मचारी लाभ (रु लाखों में)	-14.13	-6.18

तुलनपत्र के भाग के रूप में अनुसूचियां

18.10 आस्ति देयता प्रबंधन :

आस्ति एवं देयताओं की निश्चित मदों की परिपक्वता का स्वरुप :

(रु करोड़ में)

विवरण	दिन 1	2 से 7 दिन	8 से 14 दिन	15 से 30 दिन	31 दिन से 2 माह तक	2 माह से अधिक और 3 माह तक	3 माह से अधिक 6 माह तक	6 माह से अधिक 12 माह तक	1 वर्ष से अधिक 3 वर्ष तक	3 वर्ष से अधिक 5 वर्ष तक	5 वर्ष से अधिक	जोड़
जमाराशि	174.13	1662.97	1478.06	2398.51	3394.91	6433.19	11375.74	20917.44	25246.03	14010.19	19038.96	106130.14
उधार	0.00	400.00	0.00	400.00	0.00	106.00	0.00	200.00	300.00	0.00	2155.00	3561.00
अग्रिम	198.84	1310.16	1435.90	727.23	1951.87	1369.51	4102.88	3295.83	24134.49	6442.51	20612.29	65581.51
निवेश	0.00	200.47	126.54	82.28	81.98	83.78	109.11	2032.78	2415.11	5126.99	27350.51	37609.55
विदेशी मुद्रा आस्तियां	62.72	74.44	31.29	75.01	184.48	516.26	280.47	8.68	0.00	0.00	0.00	1233.34
विदेशी मुद्र देयताएं	79.88	5.53	5.77	9.34	32.58	24.04	116.77	340.00	336.92	35.26	0.00	986.08

18.11 ऋण:

1. भूसंपदा क्षेत्र को ऋण :

(रु करोड़ में)

श्रेणी	2017-18	2016-17
क. प्रत्यक्ष ऋण		
i. आवासीय बंधक		
– प्राथमिकता क्षेत्र के अंतर्गत शामिल करने के लिए पात्र वैयक्तिक्र आवास ऋण	4081.63	3297.87
– अन्य	4056.40	3752.21
कुल	**8138.03**	**7050.08**
ii. वाणिज्यिक भूसंपदा, वाणिज्यिक भूसंपदा (कार्यालय भवन, खुदरा स्थल, बहुउद्देशीय वाणिज्यिक परिसर, बहु आवासीय भवन, बहु किरायेदार वाणिज्यिक परिसर, औद्योगिक या गोदाम स्थान, होटल, भूमि अधिग्रहण, विकास और निर्माण आदि) पर बंधक द्वारा सुरक्षित ऋण. एक्सपोजर में गैर निधि आधारित (एनएफबी) सीमाएं भी शामिल होगी.	719.19	1228.33
iii बंधक समर्थित प्रतिभूतियों में निवेश (एम.बी.एस.) और अन्य प्रतिभूतिकृत ऋण		
क. आवासीय	0.00	0.00
ख. वाणिज्यिक भूसंपदा	0.00	0.00
ख. राष्ट्रीय आवास बैंक (एन.एच.बी.) और आवासीय वित्त कम्पनियों (एच.एफ.सी.) में अप्रत्यक्ष निवेश		
निधि आधरित	3963.02	2508.73
गैर-निधि आधारित	0.00	0.00
भूसंपदा क्षेत्र के कुल ऋण	**12820.24**	**10787.14**

2. पूंजी बाजार में निवेश:

(रु करोड में)

क्र सं.	विवरण	2017-18	2016-17
1	इक्विटी शेयरों/ परिवर्तनीय बंधपत्रों, परिवर्तनीय डिबेंचरों और इक्विटी उन्मुख पारस्परिक निधियों की यूनिटों में प्रत्यक्ष विनिधान जिसकी मूल निधि कार्पोरेट ऋण में निवेश नहीं की गई है	50.04	63.35
2	इक्विटी शेयरों/ (आई.पी.ओ./ ई.एस.ओ.पी.एस. सहित) बांडों और डिबेंचरों या अन्य प्रतिभूतियों इक्विटी उन्मुख पारस्परिक निधियों की यूनिटों में निवेश के लिए व्यक्तियों को शेयरों पर या निर्बन्ध आधार पर अग्रिम	0.09	0.05
3	अन्य किसी प्रयोजन के लिए अग्रिम जहां परिवर्तनीय शेयरों या परिवर्तनीय बांडों या परिवर्तनीय डिबेंचरों या इक्विटी उन्मुख पारस्परिक निधियों की यूनिटों को प्राथमिक प्रतिभूति के रुप में लिया गया है.	0.18	0.07
4	शेयरों की संपार्श्विक प्रतिभूति या परिवर्तनीय बांडों या परिवर्तनीय डिबेंचरों या इक्विटी उन्मुख पारस्परिक निधियों की यूनिटों द्वारा प्रतिभूत सीमा तक अन्य किसी प्रयोजन के लिए अग्रिम अर्थात् जहां शेयरों/परिवर्तनीय बांडों/परिवर्तनीय डिबेंचरों/ इक्विटी उन्मुख पारस्परिक निधियों की प्राथमिक प्रतिभूति अग्रिमों को पूरी सुरक्षा प्रदान नहीं करती है.	शून्य	0.00

5	शेयर दलालों को प्रतिभूत तथा अप्रतिभूत अग्रिम एवं शेयर दलालों तथा शेयर संतुलनकर्ताओं की ओर से जारी की गई गारंटियां.	0.00	40.00
6	संसाधनों के प्राप्त होने की प्रत्याशा में नई कंपनियों की इक्विटी में प्रवर्तक के अंशदान को पूरा करने के लिए शेयरों/बांडों/डिबेंचरों की प्रतिभूतियों पर या अन्य निर्बन्ध आधार पर कंपनी को स्वीकृत ऋण.	0.00	0.00
7	अपेक्षित इक्विटी प्रवाह / निर्गमों पर कंपनियों को पूरक ऋण.	0.00	0.00
8	शेयरों के प्राथमिक निर्गम या परिवर्तनीय बांडों या परिवर्तनीय डिबेंचरों या इक्विटी उन्मुख पारस्परिक निधियों की यूनिटों के संबंध में बैंकों द्वारा की गई हामीदारी प्रतिबद्धता.	0.00	0.00
9	मार्जिन व्यापार के लिए शेयर दलालों को वित्तपोषण.	0.00	0.00
10	उद्यम पूंजी निधियों (पंजीकृत और गैर पंजीकृत दोनों) को दिए गए सभी ऋण	39.80	44.34
	पूंजी बाजार को कुल ऋण	90.11	147.81

18.12 जोखिम श्रेणी वार देश वित्त :

1. विदेशी मुद्रा लेन देनों के संबंध में, भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, जहां प्रत्येक देश के लिए परिकलित निधि आधारित जोखिम बैंक की कुल आस्तियों के 1% से अधिक हैं बैंक को उनके लिए प्रावधान करना है. किसी भी देश में बैंक के निवल निधिक ऋण कुल आस्तियों के 1 % से अधिक नहीं है, कोई भी प्रावधान (पिछले वर्ष शून्य) नहीं किया गया है.

(रु करोड़ में)

जोखिम संवर्ग *	31/03/2018 को एक्सपोजर (निवल)	31/03/2018 को प्रावधान धारित	31/03/2017 को एक्सपोजर (निवल)	31/03/2017 को प्रावधान धारित
नगण्य	258.12	0.00	311.96	0.00
निम्न जोखिम	162.12	0.00	195.77	0.00
मामूली जोखिम	8.36	0.00	12.37	0.00
उच्च जोखिम	16.16	0.00	0.00	0.00
अति उच्च जोखिम	0.00	0.00	0.25	0.00
प्रतिबंधित	0.00	0.00	0.00	0.00
बंद उधार	0.00	0.00	0.00	0.00
कुल	444.76	0.00	520.34	0.00

2. बैंक द्वारा एकल उधारकर्ता सीमा (एस.जी.एल.) / समूह उधारकर्ता सीमा (जी.बी.एल.) से अधिक ऋण के विवरण

वर्ष 2017-18 के दौरान, समूह खाते/एकल उधारकर्ता के संदर्भ में बैंक ने विवेकपूर्ण ऋण सीमा से अधिक ऋण नहीं दिया है.

18.13 प्रतिभूत रहित अग्रिम

(रु करोड़ में)

सई	विवरण	2017-18	2016-17
1.	दिनांक 31.03.18 को कुल अरक्षित अग्रिम	5282.70	6,731.27
2 अ	जिनमे से अमूर्त प्रतिभूति द्वारा प्राप्त	0.00	0.00
2 ब	ऐसी संपार्श्विक प्रतिभूतियों का अनुमानित मूल्य (जैसे अधिकार, लाइसेंस, प्राधिकरण आदि पर प्रभार)	0.00	0.00
3	अन्य अरक्षित ऋण (1-2क)	5282.70	6,731.27

18.14 भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा लगाये गये जुर्माने का प्रकटीकरण

इस वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक ने भारतीय रिज़र्व बैंक को कोई दंड नहीं भरा है (पिछले वर्ष शून्य).

18.15 लेखांकन मानकों (ए.एस.) के अनुसार प्रकटीकरण :

1. लेखांकन मानक - 5 - अवधि के लिए निवल लाभ एवं हानि, पिछली अवधि की मदें तथा लेखांकन नीतियों में परिवर्तन

ए.एस. -5 के अंतर्गत प्रकटीकरण की आवश्यकता वाले पूर्व अवधि की आय / व्यय मदों की कोई सामग्री नहीं थी

3. लेखांकन मानक 9 - राजस्व निर्धारण

मद सं.17.9. में किए गए उल्लेख के अनुसार लेखांकन नीति में आय की कुछ मदें वसूली आधार पर निर्धारित की गई है.

तुलनपत्र के भाग के रूप में अनुसूचियां

4. लेखांकन मानक 10 – स्थिर आस्तियों के लिए लेखांकन

परिसर में अधिग्रहित दावों की संतुष्टि में रु 9.86 करोड़ (पिछले वर्ष रु 9.86 करोड़) की गैर-बैंकिंग संपत्ति शामिल नहीं है. संबंधित आस्तियों के लिए कंपनी अधिनियम 2013 के अनुसूची – 2 के अंतर्गत निर्धारित उपयोगी जीवन के आधार पर सीधी कटौती प्रणाली के अनुसार अचल संपत्तियों का मूल्यह्रास किया जाता है.

6. लेखांकन मानक 11 – विदेशी मुद्रा दरों में परिवर्तन का प्रभाव

वर्ष 2017 – 18 के लिए विनिमय अंतर से हुई निवल आय रु 45.43 करोड़ (पिछले वर्ष य33.04 करोड़) लाभ हानि लेखा में जमा की गई है.

7. लेखांकन मानक 15 – कर्मचारी लाभ

आई.सी.ए.आई. द्वारा जारी लेखांकन मानकों के अनुसार निम्नलिखित सूचनाएं प्रकट की गई है

क्र सं	विवरण	2018	2017	2016	2015	2014
क	पेंशन योजना					
(i)	मूल बीमांकिक अनुमान उपयोग में लाए गए हैं.					
	छूट दर	7.69%	7.50%	8.00%	8.00%	8.75%
	नियोजन आस्तियों पर प्रतिफल की दर.	7.45%	8.06%	9.00%	9.00%	9.00%
	वेतन वृद्धि	5.00%	5.00%	5.00%	5.00%	5.00%
(ii)	लाभ दायित्व में परिवर्तन					
	वर्ष के आरंभ में देयताएं.	2896.12	2481.75	2158.66	1917.94	1761.94
	ब्याज लागत	211.14	175.55	161.01	144.85	149.98
	वर्तमान सेवा लागत	165.62	341.29	228.43	210.93	202.02
	प्रदत्त लाभ	[300.88]	[282.22]	[292.09]	[214.78]	[190.88]
	बीमांकिक (लाभ) / दायित्व पर हानि.	381.32	179.75	225.74	99.72	[5.12]
	वर्ष के अंत में देयताएं	3353.32	2896.12	2481.75	2158.66	1917.94
(iii)	नियोजन आस्तियों का उचित मूल्य:					
	वर्ष के आरंभ में उचित मूल्य	2953.13	2654.04	2230.81	1767.44	1606.82
	अपेक्षित प्रतिफल	220.01	213.92	200.77	159.06	144.61
	अंशदान	481.40	365.92	506.80	450.37	183.54
	प्रदत्त लाभ	[300.88]	[282.22]	[292.09]	[214.77]	[190.87]
	नियोजन आस्तियों पर बीमांकिक लाभ / (हानि)	8.60	1.47	7.75	68.71	23.34
	वर्ष के अंत में उचित मूल्य	3362.26	2953.13	2654.04	2230.81	1767.44
(iv)	तुलन पत्र में शामिल रकम					
	वर्ष के अंत में देयता	3353.32	2896.12	2481.75	2158.66	1917.94
	वर्ष के अंत में नियोजन आस्तियों का उचित मूल्य	3362.26	2953.13	2654.04	2230.81	1767.44
	अनिर्धारित परिवर्ती देयता	0.00	0.00	0.00	0.00	70.80
	तुलन पत्र में निर्धारित रकम	8.94	57.01	172.29	72.15	[79.70]
ख.	ग्रेच्युटी योजना					
(i)	मूल बीमांकिक अनुमान उपयोग में लाए गए हैं					
	डिस्काउंट दर	7.75%	7.50%	8.00%	8.00%	8.75%
	नियोजन आस्तियों पर प्रतिफल की दर.	8.18%	8.78%	9.00%	9.00%	9.00%
	वेतन वृद्धि	5.00%	5.00%	5.00%	5.00%	5.00%
(ii)	लाभ दायित्व में परिवर्तन :					
	वर्ष के आरंभ में देयताएं.	332.45	311.88	280.30	277.76	311.12
	ब्याज लागत	23.86	21.63	16.77	20.39	25.85
	वर्तमान सेवा लागत	9.14	23.09	17.09	15.35	17.06
	पूर्व सेवा लागत	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
	प्रदत्त लाभ	[49.19]	[46.84]	[57.42]	[45.76]	[47.68]
	नियोजन आस्तियों पर बीमांकिक लाभ / (हानि)	[0.40]	22.69	55.14	12.56	[28.59]
	वर्ष के अंत में देयता	315.86	332.45	311.88	280.30	277.76

तुलनपत्र के भाग के रूप में अनुसूचियां

क्र सं	विवरण	2018	2017	2016	2015	2014
(iii)	नियोजन आस्तियों के उचित मूल्य					
	वर्ष के आरंभ में उचित मूल्य	332.84	277.61	302.97	309.82	276.03
	अपेक्षित प्रतिफल	27.23	24.37	22.72	27.88	24.84
	अंशदान	33.66	75.84	16.23	0.00	57.10
	प्रदत्त लाभ	[49.19]	[46.84]	[57.42]	[45.77]	[47.68]
	नियोजन आस्तियों पर बीमांकिक लाभ / (हानि)	[4.38]	1.86	[6.89]	11.04	[0.47]
	वर्ष के अंत में उचित मूल्य	340.16	332.84	277.61	302.97	309.82
(iv)	तुलन पत्र में शामिल रकम					
	वर्ष के अंत में देयता	315.86	332.45	311.88	280.30	277.76
	वर्ष के अंत में नियोजन आस्तियों का उचित मूल्य	340.16	332.84	277.61	302.97	309.82
	अनिर्धारित लागत	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
	अनिर्धारित परिवर्ती देयता	72.60	0.00	0.00	0.00	0.00
	तुलन पत्र में निर्धारित राशि	96.90	0.39	[34.27]	22.67	48.06

वर्तमान वर्ष के लिए ग्रैच्युटी और पेंशन योजना के संबंध में लाभ और हानि खाते में मान्यता प्राप्त राशि

(रु करोड़ में)

क्र. सं.	विवरण	ग्रैच्युटी	पेंशन
(i)	योजना आस्तियों पर वास्तविक प्रतिफल		
	योजनागत आस्तियों पर संभावित प्रतिफल	27.23	220.01
	योजना आस्तियों पर वास्तविक लाभ / (हानि)	(4.38)	8.60
	योजना आस्तियों पर वास्तविक प्रतिफल	22.85	228.61
(ii)	आय विवरण में मान्यता प्राप्त व्यय:		
	वर्तमान सेवा लागत	9.14	165.62
	ब्याज लागत	23.86	211.14
	योजना आस्तियों पर संभावित लाभ	(27.23)	(220.01)
	बीमांकिक (लाभ) या हानि	3.98	372.72
	निर्धारित परिवर्ती देयता	24.20	0.00
	लाभ एवं हानि में निर्धारित व्यय	33.95	529.47

विभिन्न दीर्घकालिक कर्मचारी लाभों के लिए किए गए प्रावधानों का विवरण इस प्रकार है:

(रु करोड़ में)

क्रम सं.	विवरण	2017-18	2016-17
1	पेंशन	529.30	481.20
2	अवकाश नकदीकरण	(9.51)	7.46
3	ग्रैच्युटी	33.95	41.18
4	सिल्वर जुबली	(0.01)	0.04
5	पुनर्वास	(0.19)	0.13
6	अवकाश यात्रा रियायत	0.28	0.66
	कुल	553.82	530.67

i. बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर कर्मचारी लाभों अर्थात् पेंशन, ग्रेच्युटी, अवकाश नकदीकरण और लेखांकन मानक ए.एस.-15 (संशोधित) के अनुसार कर्मचारियों के लिए अन्य लाभों के लिए प्रावधान किया गया है.

ii. आर.बी.आई. के पत्र संख्या डी.बी.आर.सं.बी.पी.9730/21.04.018/2017-18 दिनांक 27 अप्रैल, 2018 के अनुसार, उपदान अधिनियम (भारत सरकार की अधिसूचना दिनांक 29.03.2018 के अनुसार) के भुगतान में हाल ही में किए गए संशोधन के अनुसार उपदान सीमा में वृद्धि के कारण रु 96.80 करोड़ की कुल अतिरिक्त देयता में से, बैंक ने वित्तीय वर्ष 2017-18 में रु 24.20 करोड़ दर्शाया है और रु 72.60 करोड़ की शेष राशि को समान रूप से पिछली तीन तिमाहियों में प्रदर्शित किए जाने के लिए आस्थगित किया है.

तुलनपत्र के भाग के रूप में अनुसूचियां

8. लेखांकन मानक 17 – खंड रिपोर्टिंग:

लेखांकन मानक -17 पर भारतीय रिजर्व बैंक के संशोधित दिशानिर्देशों के अनुसार, बैंक के परिचालनों को प्राथमिक खण्ड जिसमें राजकोष कार्पोरेट / संपूर्ण बैंकिंग, रिटेल बैंकिंग शामिल है और अन्य बैंकिंग परिचालन में निम्नानुसार वर्गीकृत किया गया है.

भाग क : कारोबार खण्ड

(रु करोड़ में)

कारोबार खंड / विवरण	राजकोष		कॉर्पोरेट / संपूर्ण बैंकिंग		रिटेल बैंकिंग		अन्य बैंकिंग परिचालन		कुल	
	वर्तमान वर्ष	पिछले वर्ष	वर्तमान वर्ष	पिछले वर्ष	वर्तमान वर्ष	पिछले वर्ष	वर्तमान वर्ष	पिछले वर्ष	वर्तमान वर्ष	पिछले वर्ष
राजस्व	3211.00	3791.92	3569.14	4812.40	2649.22	2339.90	666.39	488.85	10095.75	11433.07
परिणाम	602.56	625.73	(2785.90)	(1094.84)	(293.62)	(150.61)	404.55	369.52	(2072.41)	(250.20)
गैर आंबटित व्यय									1106.34	1025.15
परिचालनगत लाभ									(3178.75)	(1275.36)
आयकर									(1255.60)	(411.73)
असाधारण लाभ/हानि										
निवल लाभ									(1923.15)	(863.63)
अन्य सूचनाएं										
खण्ड आस्तियां	43,794.66	46289.51	39877.13	44,612.88	26909.94	29199.74	5734.21	6120.82	116315.94	126222.95
गैर आंबटित आस्तियां									4543.86	3307.57
कुल आस्तियां									120859.80	129530.52
खण्ड देयताएं	47654.43	50361.23	39394.47	43388.41	24307.52	27103.37	85.04	827.65	111441.46	121680.66
प्रयुक्त पूंजी									9202.80	7685.15
गैर आंबटित देयताएं									215.54	164.71
कुल देयताएं									120859.80	129530.52

भाग ख : भौगोलिक खण्ड

(रु करोड़ में)

	घरेलू		अंतरराष्ट्रीय		कुल	
	31.03.2018	**31.03.2017**	**31.03.2018**	**31.03.2017**	**31.03.2018**	**31.03.2017**
राजस्व	10095.75	11433.07	शून्य	शून्य	10095.75	11433.07
आस्तियां	120859.80	129530.52	शून्य	शून्य	120859.80	129530.52

टिप्पणी:

1) खण्ड परिणाम अंतर खण्ड लागत के कारण समायोजन के पश्चात तैयार किये गये हैं, जिन्हें बैंक द्वारा निर्धारित की जाने वाली अन्तरण मूल्य व्यवस्था के आधार पर मान लिया गया है.

2) कल्पित अन्तर वर्ग आस्तियों, देयताओं और राजस्व को छोड़ दिया गया है.

3) राजकोष परिचालन में बैंक के संपूर्ण राजकोष निवेश पोर्टफोलियो का समावेश है.

4) गैर आबंटित देयताओं में पूंजी एवं आरक्षितियां शामिल हैं.

9. लेखांकन मानक – 18 – संबंधित पक्षकार व्यवहार

मद/ संबंधित पक्षकार	प्रवर्तक (स्वामित्व या नियंत्रक के अनुसार)	अनुषंगिया	सहयोगी/ संयुक्त जोखिम	प्रमुख बंधन कार्मिक	प्रमुख बंधन कार्मिक के संबंधित	कुल
उधार	–	–	–	–	–	–
जमाएं	–	–	644.50 (796.77)	–	–	644.50 (796.77)
जमाओं का नियोजन	–	–	–	–	–	–
अग्रिम	–	–	594.35 (342.72)	–	–	594.35 (342.72)
निवेश	–	–	2.00 (2.00)			2.00 (2.00)
गैर-निधि प्रतिबद्धताएं	–	–	–	–	–	–
पट्टादायी/ उपयोग की गई एच.पी. व्यवस्था	–	–	–	–	–	–
पट्टादायी / उपलब्ध कराई गई एच.पी. व्यवस्था	–	–	–	–	–	–
अचल संपत्तियों की खरीद	–	–	–	–	–	–
अचल संपत्तियों की बिक्री	–	–	–	–	–	–
डी.जी.जी.बी. द्वारा प्रदत्त ब्याज	–	–	10.91 (6.91)	–	–	10.91 (6.91)
डी.जी.जी.बी.(आई.बी.पी.सी.) द्वारा प्राप्य ब्याज	–	–	3.86 (7.14)	–	–	3.86 (7.14)
डी.जी.जी.बी. द्वारा प्राप्य ब्याज	–	–	44.93 (72.28)	–	–	44.93 (72.28)
डी.जी.जी.बी. द्वारा टियर II बॉण्डों पर प्राप्य ब्याज			0.18 (0.18)			0.18 (0.18)
प्रदान की गई सेवाएं *	–	–	–	–	–	–
ली गई सेवाएं *	–	–	–	–	–	–
प्रबंधन संविदाएं *	–	–	–	–	–	–

(कोष्ठक में दिये गए आंकड़े पिछले वित्तीय वर्ष 2016-17 के हैं.)

* डी.जी.जी.बी द्वारा जारी आई.बी.पी.सी. में देना बैंक ने रुपये 594.35 करोड़ (पिछले वर्ष 342.72 करोड़) में से जोखिम-भागीदारी आधार पर रु शून्य (पिछले वर्ष रु 120.00 करोड़) की भागीदारी की है जो प्राथमिक क्षेत्र को दिये गये विविध ऋणों को दर्शाती है

देना बैंक द्वारा जारी आई.बी.पी.एस. में डी.जी.जी.बी. ने जोखिम-भागीदारी आधार पर रु शून्य (पिछले वर्ष रु 120.00 करोड़) की भागीदारी की है जो गैर-प्राथमिक क्षेत्र को दिये गये विविध ऋणों को दर्शाती है.

तुलनपत्र के भाग के रूप में अनुसूचियां

प्रमुख प्रबन्धन कार्मिक

नाम पदनाम	पदनाम	मद	अवधि	राशि (रु लाखों में)	ऋण रकम (रु लाखों में)
श्री अश्वनी कुमार	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	वेतन परिलब्धियां एवं प्रोत्साहन राशि	01.04.2017 से 31.12.2017	21.23	शून्य
श्रीमती तृष्णा गुहा	कार्यपालक निदेशक	वेतन परिलब्धियां एवं प्रोत्साहन राशि	01.04.2017 से 31.08.2017	10.05	शून्य
श्री रमेश एस. सिंह	कार्यपालक निदेशक	वेतन परिलब्धियां एवं प्रोत्साहन राशि	01.04.2017 से 31.03.2018	23.31	19.77
डॉ. राजेश कुमार यदुवंशी	कार्यपालक निदेशक	वेतन परिलब्धियां एवं प्रोत्साहन राशि	09.10.2017 से 31.03.2018	11.05	शून्य

ज. लेखांकन मानक 20– प्रति शेयर अर्जन

प्रति शेयर अर्जन	31.3.2018		31.3.2017	
	मूलह्रासित	ह्रासित	मूल	ह्रासित
प्रति शेयर अर्जन (रु)	[18.06]	[18.06]	[11.89]	[11.88]
निर्देशांक रुप में (करोड़ में) मान्य लाभ व हानि लेखे के अनुसार निवल लाभ	[1923.15]	[1923.15]	[863.63]	[863.63]
मूल्य वर्ग के रुप में इक्विटी शेयरों की भारित औसत संख्या	1064904587	1064904587	726218673	726783829
शेयर का अंकित मूल्य (रु)	10/-	10/-	10/-	10/-

झ. लेखांकन मानक 21 – समेकित वित्तीय विवरणियां (सी.एफ.एस.)

इस मानक के अर्थ के तहत बैंक की कोई सहायक कंपनी नहीं है, अतः यह लेखांकन मानक लागू नहीं होता है.

ञ. लेखांकन मानक 22 – आय पर कर के लिए लेखांकन

बैंक ने भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी किए गए आय पर लेखांकन मानक 22 की अपेक्षाओं का अनुपालन किया है, और तदनुसार आस्थगित कर आस्तियों एवं देयताओं का निर्धारण किया गया है.

31 मार्च 2018 को य 2975.52 करोड़ (पिछले वर्ष य 1719.92 करोड़) की रकम की आस्थगित कर आस्तियों के निवल शेष में निम्नलिखित समाविष्ट है :

(रु करोड़ में)

	2017-18	2016-17
आस्थगित कर आस्तियां		
गैर निष्पादक आस्तियों / अशोध्य ऋणों के लिए प्रावधान	2996.72	1743.67
अवकाश नकदीकरण	47.46	50.75
प्रीमियम 40(क)(1क) के अंतर्गत अस्वीकार्य व्यय	0.00	0.09
एफ.आई.टी.एल के लिए प्रावधान	42.81	57.15
पुनर्गठित खातों पर एन.पी.वी. के लिए प्रावधान	46.51	27.55
कुल आस्थिगत कर आस्तियां	3133.50	1879.21
घटाएं: आस्थगित कर देयताएं		
साफ्टवेयर सहितस्थिर आस्तियों पर मूल्यह्रास	34.68	36.25
धारा 36 (1) (viii) के अंतर्गत बुनियादी संरचना के लिए गठित विशेष आरक्षितियों की राशि	123.04	123.04
धारा 40(क)(1क) के अंतर्गत अस्वीकार्य व्यय	0.26	
कुल आस्थगित कर दायित्व	157.98	159.29
अनुसूची 11 (अन्य आस्तियों) में दर्शायी गयी आस्थगित कर आस्तियों का निवल शेष	2975.52	1719.92

समग्र समीक्षा और बैंक के कर सलाहकार की विशेषज्ञ सलाह के आधार पर, बैंक ने भावी कर योग्य आय का अनुमान लगाया है, जिसकी तुलना खराब और संदिग्ध ऋण (एन.पी.ए.) के प्रावधानों के कारण उत्पन्न होने वाले समय के अंतर को प्राप्त किया जा सकता है और तदनुसार वर्ष 2017-18 के दौरान, बैंक ने रु 1,255.60 करोड़ (दिनांक 31.03.2018 को संचयी रूप से 2,975.52 करोड़ आस्तियों) की स्थगित कर आस्तियों को दर्शाया है. भविष्य में कर योग्य आय की उपलब्धता उचित निश्चितता के आधार पर इस तरह के स्थगित कर आस्तियों की तुलना में उपर्युक्त के अनुसार प्राप्त किया जा सकता है

ट. लेखांकन मानक 23 – समेकित वित्तीय विवरणियों में सहयोगी कंपनियों में निवेश का लेखांकन

समेकित वित्तीय विवरण उक्त बिन्दु 18(जे) में दर्शाये गए कारणों की वजह से तैयार नहीं कर पाया गया. बैंक ने 31.03.2018 तक देना गुजरात ग्रामीण बैंक की इक्विटी में 19.33 करोड़ (पिछले वर्ष य 19.33 करोड़) निवेश किया है. उसी पर लागत के बारे में बताया गया है.

ठ. लेखांकन मानक 24–बंद किए गए क्रियाकलाप

वर्ष के दौरान बैंक ने कोई क्रिया कलाप बंद नहीं किया.

ड. लेखांकन मानक –25– अन्तरिम वित्तीय रिपोर्टिंग

बैंक दारा इस लेखांकन मानक का पालन किया गया है.

ढ़. लेखांकन मानक – 28 : अपसामान्य आस्तियां

प्रबंधन की राय में उनकी कोई अपसामान्य आस्तियां नहीं हैं.

ण. लेखांकन मानक 29 – प्रावधान, आकस्मिक देयताएं तथा आकस्मिक आस्तियां

i. आकस्मिक देयताओं के लिए प्रावधानों में घट-बढ़

(रु करोड़ में)

विवरण	कानूनी मामले/आकस्मिकताएं
31.03.2017 को कुल प्रावधान	7.79
वर्ष के दौरान प्रावधान	3.38
वर्ष के दौरान प्रयुक्त राशि	0.04
वर्ष के दौरान प्रत्यावर्तित	0.37
31 मार्च 2018 को शेष	10.76
बाह्यगमन / अनिश्चितताओं का काल	अनिश्चित
अपेक्षित प्रतिपूर्ति	अनिश्चित

iii. आकस्मिक देयताओं के संबंध में तुलनपत्र की अनुसूची-12 की मद संख्या (I) से (V) अपने स्वरुप के अनुसार वर्गीकृत विभिन्न प्रकार की आकस्मिक देयताओं को दर्शाती हैं. ये राशियां की गई मूल संविदा अथवा दावों से संबंधित कागजातों के आधार पर प्राक्कलित की गई हैं. इन आकस्मिक देयताओं के कारण बहिर्गमन संबंधित न्यायिक प्राधिकरणों द्वारा मुकदमों के निपटारे के परिणाम, संविदाओं के निष्पादन, गारंटी लागू होने, साख पत्रों के हस्तांतरण, दावों के निपटान आदि पर निर्भर रहेगा.

18.16 वर्ष के दौरान लाभ एवं हानि लेखे में नामे डाले गए प्रावधानों एवं आकस्मिकताओं के विवरण :

(रु करोड़ में)

क्र सं	विवरण	2017-18	2016-17
(i)	गैर-निष्पादक आस्तियों के लिए प्रावधान	4281.80	2457.75
(ii)	आयकर/ संपदा कर के लिए प्रावधान	0.00	64.93
(iii)	आस्थिगत कर देयताएं/ (आस्तियां) (निवल)	[1255.60]	[476.66]
(iv)	मानक आस्तियों के लिए प्रावधान	[158.64]	51.11
(v)	पुनर्गठित खातों में एन.पी.वी में छूट के लिए प्रावधान	54.80	[76.70]
(vi)	एफ.आई.टी.एल के लिए प्रावधान	[41.44]	[96.02]
(vii)	निवेशों पर अवक्षयण के लिए प्रावधान	203.79	334.22
(viii)	आकस्मिक देयताएं	3.38	0.06
(ix)	अरक्षित विदेशी मुद्रा के लिए प्रावधान	4.37	[10.33]
(x)	अन्य	1.85	5.49
	कुल	**3094.31**	**2253.84**

18.17 वर्ष के दौरान आयकर/ मैट के लिए किए गए प्रावधान की राशि :

1. बैंक ने आयकर अधिनियम की धारा 115 जे.बी. की शर्तों के अनुसार बही-लाभ पर रु शून्य (पिछले वर्ष रु 116.31 करोड़) आयकर देयता की गणना कर ली है जिसमें से आयकर अधिनियम 1961 की धारा 115 जे.ए.ए. के अंतर्गत रु शून्य (पिछले वर्ष रु 51.38 करोड़) की मैट क्रेडिट पात्रता के रूप में गणना की है.मैट क्रेडिट पात्रता आस्तियां मानी जाती है.

तुलनपत्र के भाग के रूप में अनुसूचियां

2. वर्ष के दौरान आयकर के लिए किए गए प्रावधान की रकम ;

(रु करोड़ में)

विवरण	31.03.2018	31.03.2017
वर्ष के आयकर/ संपदा कर के लिए प्रावधान	0.00	64.93
जोडें / घटाएं : पिछ्लें वर्षों हेतु प्रदत्त/ (वापस लिया गया)	0.00	0.00
निवल रकम	0.00	64.93

18.18 परिसर में एक संपत्ति में 1/3 अंश (एस.पी.बी.टी कॉलेज मुंबई) भी शामिल है जो कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के साथ संयुक्त स्वामित्व में है, विवरण निम्न प्रकार है.:

(रु करोड़ में)

बैंक के शेयर	31.03.2018	31.03.2017
लागत	2.36	2.36
संचित मूल्यहास	1.18	1.14
अवलिखित मूल्य	1.18	1.22

बैंक की संपत्ति का पुनर्मूल्यांकन वर्ष 2016 के दौरान किया गया था और पुनर्मूल्यांकित संपत्ति का बही मूल्य दिनांक 31.03.2018 को रु 76.01 करोड़ (पिछले वर्ष में रु 76.40 करोड़) है.

18.19 अस्थाई प्रावधान

(रु करोड़ में)

विवरण	31.03.2018	31.03.2017
(क) अस्थाई प्रावधान खाते में अथशेष	शून्य	शून्य
(ख) लेखांकन वर्ष के दौरान किए गए अस्थाई प्रावधान की मात्रा	शून्य	शून्य
(ग) लेखांकन वर्ष के दौरान की गई आहरण द्वारा कम की राशि	शून्य	शून्य
(घ) अस्थाई प्रावधान खाते में इतिशेष	शून्य	शून्य

18.20 वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए रु 2119.52 करोड़ पिछले वर्ष रु 1711.30 करोड़ बैंक द्वारा अग्रिम/ सरकारी गारंटी द्वारा कवर अनुसूची 9 पैरा I (II) में दिखाये अनुसार में विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा गारंटीकृत रु 1197.78 करोड़ पिछले वर्ष रु 786.69 करोड़ शामिल है.

18.21 आरक्षितियों से आहरण द्वारा कमी

वित्त वर्ष 2017-18 में कोई आरक्षितियों से आहरण द्वारा कमी नहीं है.

18.22 i) ग्राहक शिकायतें :

क्र	विवरण	2017-18		
		सामान्य	ए.टी.एम./ डेबिट कार्ड / इंटरनेट बैंकिंग	कुल
क)	वर्ष के आरंभ में लम्बित शिकायतों की संख्या	24	4471	4495
ख)	वर्ष के दौरान प्राप्त शिकायतों की संख्या	5,014	85,250	90,264
ग)	वर्ष के दौरान निपटाई गई शिकायतों की संख्या	5,009	89,215	94,224
घ)	वर्ष के अन्त में लम्बित शिकायतों की संख्या	29	506	535

ii) **बैंकिंग लोकपाल द्वारा पारित किए गए अवार्ड :**

क्र	विवरण	2017-18
क)	वर्ष के आरंभ में गैर कार्यान्वित अवार्डों की संख्या	शून्य
ख)	वर्ष के दौरान बैंकिंग लोकपाल द्वारा पारित अवार्डों की संख्या	शून्य
ग)	वर्ष के दौरान कार्यान्वित अवार्डों की संख्या	शून्य
घ)	वर्ष के अन्त में गैर कार्यान्वित अवार्डों की संख्या	शून्य

18.23 बैंक द्वारा जारी चुकौती आश्वासन पत्र (एल.ओ.सी.)का प्रकटन

अप्रैल 2017 से मार्च 2018 के दौरान क्रेताओं के साख के संबंध में य 1486.43 करोड़ (230.63 मिलियन अमरीकी डालर के समान) (पिछले वर्ष रु 1990.90) करोड़ की राशि के कुल 1097 गारंटियां/ आश्वासन पत्र/ वचन पत्र जारी किए गए है.

मार्च 31,2018 तक गारंटियां/ आश्वासन पत्र/ वचन पत्र की बकाया राशि रु 391.92 करोड़ 60.21 मिलियन अमरीकी डालर के समान (पिछले वर्ष रु 624.22 करोड़) थी.

18.24 बैंक बीमा कारोबार

बैंक-बीमा कारोबार से वित्तीय वर्ष 2016-17 के तदनुरुपी अवधि के दौरान रु 7.40 करोड़ (पी.एम.जे.जे.बी.वाई. आय के रु 1.66 करोड़.के साथ) के समक्ष वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान, बैंक ने रु 11.09 करोड (पी.एम.जे.जे.बी. वाई से रु 1.84 करोड़ और पी.एम.एस.बी.वाई. से रु 0.29 करोड़ की आय (प्रशासनिक व्यय के रुप में प्राप्य) के साथ कमीशन आय अर्जित की है.

18.25 जमा राशियों का केंद्रीकरण

(रु करोड़ में)

विवरण	2017-18	2016-17
बीस बड़े जमाकर्ताओं की कुल जमाएं	6,090.67	11,501.50
बैंक की कुल जमाओं में बीस बड़ी जमाओं का प्रतिशत	5.74%	10.09%

18.26 अग्रिमों का केंद्रीकरण

(रु करोड़ में)

विवरण	2017-18	2016-17
बीस बड़े उधारकर्ताओं के कुल अग्रिम	**9,487.37**	**13,669.76**
बैंक के कुल अग्रिमों में बीस बड़े उधारकर्ताओं के अग्रिमों का प्रतिशत	**11.22%**	**15.58%**

18.27 ऋण का केंद्रीकरण

(रु करोड़ में)

विवरण	2017-18	2016-17
बीस बड़े उधारकर्ताओं / ग्राहकों के कुल ऋण	16,357.54	19,329.85
उधाकर्ताओं / ग्राहकों को बैंक के कुल ऋणों में बीस बड़े उधारर्ताओं / ग्राहकों के ऋणों का प्रतिशत	14.40%	14.92%

18.28 एन.पी.ए. का केंद्रीकरण

(रु करोड़ में)

विवरण	2017-18	2016-17
शीर्ष चार एन.पी.ए खातों के कुल ऋण	2,638.87	2,120.64

18.29 क्षेत्रवार अग्रिम एवं एन.पी.ए.

(रु करोड़ में)

क्र.सं.	क्षेत्र	2017-18			2016-17		
		बकाया कुल अग्रिम	सकल एन.पी.ए.	उस क्षेत्र में कुल अग्रिमों का सकल %	बकाया कुल अग्रिम	सकल एन.पी.ए.	उस क्षेत्र में कुल अग्रिमों का सकल %
	प्राथमिकता क्षेत्र						
1.	कृषि एवं सम्बद्ध क्रिया कलाप	13346.75	2157.28	16.16	13043.89	1677.04	12.86
2.	प्राथमिकता क्षेत्र ऋण के रुप में पात्र औद्योगिक क्षेत्र को अग्रिम	5066.23	1666.21	32.89	5939.01	1244.29	20.95
3.	सेवाएं	5831.44	1070.50	18.36	6519.12	686.53	10.53
4.	वैयक्तिक ऋण	4644.96	212.80	4.58	3515.79	152.39	4.33
	उप - योग(क)	**28889.38**	**5106.79**	**17.68**	**29017.81**	**3760.25**	**12.96**
	गैर-प्राथमिकता क्षेत्र						
1.	कृषि एवं सम्बद्ध क्रिया कलाप	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
2.	औद्योगिक क्षेत्र को अग्रिम	22974.07	10660.71	46.40	21546.88	7796.78	36.19
3.	सेवाएं	638.95	166.48	26.06	2169.17	410.92	18.94
4.	वैयक्तिक ऋण	25707.89	2624.39	10.21	26637.81	2484.61	9.33
	उपयोग (ख)	49320.91	13451.58	27.27	50353.86	10692.31	21.23
	घटाएं पी.डब्ल्यू.ओ.	2196.93	2196.93	0.00	1833.83	1833.33	0.00
	घटाएं आई.बी.पी.सी.	1774.79	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
	कुल (क + ख)	74238.57	16361.44	22.04	77537.84	12618.73	16.27

तुलनपत्र के भाग के रूप में अनुसूचियां

- @ पिछले वर्ष (2016-17) के लिए सकल एन.पी.ए. अनुपात और सकल एन.पी.ए. अग्रिम कुल अग्रिमों पर आधारित है अर्थात प्राथमिकता प्राप्त अग्रिम साथ ही गैर- प्राथतिकता प्राप्त अग्रिम.

18.30 एन.पी.ए. में घटबढ

(रु करोड़ में)

विवरण	2017-18	2016-17
किसी वर्ष विशेष के 01 अप्रैल को सकल एन.पी.ए. (अथशेष)	12,618.73	8,560.49
वर्ष के दौरान वृद्धि (नए एन.पी.ए.)	6,008.47	6,767.37
उप - योग - क	18,627.20	15,327.86
घटाएं:		
(i) उन्नयन	673.40	755.87
(ii) वसूली (उन्नयन किए गए खातों में की गई वसूली को छोडकर)	931.24	1,119.87
(iii) तकनीकी / विवेकपूर्ण बट्टे खाते	560.00	665.00
(iv) उपर्युक्त (iii) के अंतर्गत के अलावा बट्टे खाते	101.12	168.39
उप - योग - ख	2,265.76	2,709.13
अगले वर्ष के 31 मार्च को सकल एन.पी.ए. (इतिशेष)(क-ख)	16,361.44	12,618.73

(रु करोड़ में)

विवरण	2017-18	2016-17
1 अप्रैल को तकनीकी / विवेकपूर्ण बट्टे खाते अथशेष	3,026.92	2519.58
जोड़ : वर्ष के दौरान तकनीकी / विवेकपूर्ण बट्टे खाते	560.00	665.00
उप-जोड़ (क)	3,586.92	3184.58
घटाएं : वर्ष के दौरान पिछले तकनीकी / विवेकपूर्ण बट्टे खाते में की गई वसूली (ख)	108.77	108.05
मार्च 31 को इतिशेष (क-ख) #	3,332.36	3026.92

बट्टे खाते डालने के फलस्वरूप सकल इतिशेष है (विवेकपूर्ण बट्टे डाले गए खाते के निपटान स्वरूप खातों पर हुई हानि)

18.31 आस्ति वर्गीकरण और एनपीए के लिए प्रावधान में विचलन - (संदर्भ डीबीआर बीपी.बीसी। 63 / 21.04.018 / 2016-17 दिनांक 18 अप्रैल, 2017

(रु करोड़ में)

क्र सं.	विवरण	राशि
1.	बैंक द्वारा रिपोर्ट के अनुसार 31 मार्च 2017 को सकल एनपीए	12618.72
2.	31 मार्च 2017 को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा मूल्यांकन के रूप में सकल एनपीए	13016.48
3.	सकल एनपीए में विचलन (2-1)	397.75
4.	बैंक द्वारा रिपोर्ट के अनुसार 31 मार्च 2017 को निवल एनपीए	7735.11
5.	आरबीआई द्वारा मूल्यांकन के रूप में 31 मार्च, 2017 को शुद्ध एनपीए	7773.10
6.	निवल एनपीए में विचलन (5-4)	37.99
7.	बैंक द्वारा रिपोर्ट के अनुसार 31 मार्च 2017 को एनपीए के लिए प्रावधान	4877.67
8.	31 मार्च 2017 को आरबीआई द्वारा मूल्यांकन के अनुसार एनपीए के लिए प्रावधान	5237.43
9.	प्रावधान में अंतर (8-7)	359.76
10.	31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए कर (पीएटी) के बाद रिपोर्ट किया गया निवल लाभ	(863.62)
11.	31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए समायोजित (काल्पनिक) कर के बाद (प्रावधान) में विचलन को ध्यान में रखते हुए समायोजित निवल लाभ	(1223.38)

18.32 विदेशी आस्तियां एन.पी.ए. एवं राजस्व

(रु करोड़ में)

विवरण	**2017-18**	**2016-17**
कुल आस्तियां (नोस्ट्रो शेष और डिपो प्लेसमेंट)	9.60	171.18
कुल एन.पी.ए	-	-
कुल राजस्व	49.30	35.72

18.33 बैंक ने किसी विशेष प्रयोजन की संस्था को प्रायोजित नहीं किया है.

प्रायोजित की गई विशेष प्रयोजन संस्था का नाम	
घरेलू	विदेशी
लागू नहीं	

18.34 प्रतिभूतिकरण से संबंधित प्रकटन

क्र	विवरण			2017-18
				राशि करोड़ रु में
1.	प्रतिभूतिकरण के लिए बैंक द्वारा प्रायोजित एस.पी.वी. की संख्या*			शून्य
2.	बैंक द्वारा प्रायोजित एस.पी.वी. की बहियों के अनुसार प्रतिभूतिकृत आस्तियों की कुल राशि			
3.	तुलन पत्र की तारीख को एम.आर.आर. का अनुपालन करने के लिए बैंक के कुल ऋणों की राशि			
	क	तुलनपत्र में शामिल नहीं किए गए बैंक ऋण		
		प्रथम हानि		
		अन्य		
	ख.	तुलनपत्र में शामिल बैंक ऋण		
		प्रथम हानि		
		अन्य		
4.	एम.आर.आर. के अलावा प्रतिभूतिकरण लेनदेन में बैंक ऋण की राशि			
	क	तुलनपत्र में शामिल नहीं किए गए बैंक ऋण		
		i)	स्वयं के प्रतिभूतिकरणों को बैंक ऋण	
			प्रथम हानि	
			अन्य	
		ii)	अन्य पक्षकार प्रतिभूतिकरणों को बैंक ऋण	
			प्रथम हानि	
			अन्य	
	ख. तुलनपत्र में शामिल बैंक ऋण	तुलनपत्र में शामिल बैंक ऋण		
		i)	स्वयं के प्रतिभूतिकरणों को बैंक ऋण	
			प्रथम हानि	
			अन्य	
		ii)	अन्य पक्षकार प्रतिभूतिकरणों को बैंक ऋण	
			प्रथम हानि	
			अन्य	

18.35 साख चूक स्वैप

बैंक का दिनांक 01.04.2017 से 31.03.2018 अवधि के लिए कोई साख चूक स्वैप संव्यवहार नहीं है.

18.36 इन्ट्रा समूह एक्सपोजर

बैंक की एक समूह संस्था है अर्थात देना गुजरात ग्रामीण बैंक जिसने रु 594.35 करोड़ मीयादी जमा के समक्ष ओवरड्राफ्ट सुविधा प्राप्त की है. इन्ट्रा समूह एक्सपोजर की तुलना में उधारकर्ताओं / ग्राहकों के लिए कुल एक्सपोजर प्रतिशत 0.80%. हैं.

इन्ट्रा समूह एक्सपोजर पर किसी सीमा का उल्लंघन नहीं किया गया है.

तुलनपत्र के भाग के रूप में अनुसूचियां

18.37 जमाकर्ता की शिक्षा और जानकारी निधि का अंतरण (डी.ई.ए.एफ.)

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान डी.ई.ए.एफ. में अंतरित अदावाकृत देयता राशि के विवरण निम्नानुसार है.

(रु करोड़ में)

विवरण	31.03.2018	31.03.2017
डी.ई.ए.एफ. में अंतरित राशि का प्रारंभिक शेष	267.37	235.90
जोड़: वर्ष के दौरान डी.ई.ए.एफ. में अंतरित राशि	73.89	47.62
घटाएं: दावों की डी.ई.ए.एफ. द्वारा प्रतिपूर्ति राशि	9.43	16.15
डी.ई.ए.एफ. में अंतरित राशि का अंतिम शेष	331.83	267.37

18.38 अरक्षित विदेशी मुद्रा एक्सपोजर

एक्सपोजर के लिए आवश्यक वृद्धिशील पूंजी और प्रावधान भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी परिपत्र सं. डी.बी.ओ.डी. सं. बी.पी.बी.सी. 85/21.06.200/2013-14 दिनांक15.01.2014 और डी.बी.ओ.डी. सं. बी.पी.बी.सी. 116/21.06.200/2013-14 दिनांक 03.06.2014 पर आधारित है जो निम्नानुसार हैं: -

वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए, उपलब्ध आंकड़े, वित्तीय विवरण और उधारकर्ताओं से प्राप्त प्रमाणीकरण, जहां प्राप्त हो, के आधार पर बैंक ने और अरक्षित विदेशी मुद्रा एक्सपोजर हेतु रु 4.37 करोड़ (पिछले वर्ष रु 10.33 करोड़ की वृद्धि) की अरक्षित विदेशी मुद्रा एक्सपोजर के प्रति पूंजीगत आवश्यकताएं रु 5.92 करोड़ (पिछले वर्ष पूंजीगत आवश्यकताओं में कमी होने के फलस्वरूप रु 5.10 करोड़) को प्रत्यावर्तित किया.

18.39 एल.सी.आर. का गुणत्मक प्रकटन

बेसल III के दिशानिदेशों के अनुसार बैंकों की अल्पकालिन चलनिधि की निगरानी करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने एल.सी.आर.की शुरुआत की है. एल.सी.आर. मानक का उद्देश्य यह है कि बैंक यह सुनिश्चित करें कि भारमुक्त उच्च स्तर अर्थसुलभ आस्तियों का पर्याप्त स्तर बनाए रखा गया है जिसे 30 दिन की समय-सीमा में चलनिधि आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नकदी में अंतरित किया जा सक ता है. न्यूनतम, चलनिधि आस्तियों का स्टॉक बैंक को दबावग्रस्त परिस्थितियों में 30 दिनों तक कार्य करने के लिए योग्यता देगा इस समय द्वारा यह माना जाता है कि आवश्यक कार्रवाई की जाएगी.

उच्च स्तर चलनिधि आस्तियों के साथ अगले 30 दिनों की कैलेंडर अवधि समाप्त होने कुल निवल नकदी बहिर्गमन के विभाजन द्वारा एल.सी.आर. की गणना की जाती है. एल.सी.आर. दिशानिदेशों के अनुसार, अगले 30 दिनों की कैलेंडर सीमा के लिए कुल अपेक्षित नकदी अंतर्वाह में से कुल नकदी बहिर्गमन ऋण करने पर निवल नकदी बहिर्गमन प्राप्त किया जाता है.

सी.आर.आर. से अधिक आरक्षित नकदी सहित नकद, अधिदेशी एस.एल.आर. आवश्यकताओं के अतिरिक्त एस.एल.आर. से अधिक सरकारी प्रतिभूति, सीमांत स्थायी सुविधा और राष्ट्रीक द्वारा जारी/ गारंटीकृत विक्रेय प्रतिभूति के अंतर्गत आर.बी.आई. द्वारा स्वीकृत सीमा तक सरकारी प्रतिभूति आदि एच.क्यू.एल.ए. में शामिल हैं. यह सभी आस्तियां भारमुक्त तथा नकद में अंतरित करने के लिए उपलब्ध होनी चाहिए. बैंक के एच.क्यू.एल.ए. में ऐसी आस्तियां शामिल हो जो अर्थसुलभ हो या अल्पकालीन सूचना में चलनिधि आस्तियों में रुपांतरित की जा सकें.

बहिर्गमन के अंतर्गत एल.सी.आर. की गणना के लिए जिन मदों को ध्यान में रखा जाता है उनमें शामिल है सभी प्रकार की जमाराशियां जो 30 दिनों की अवधि में आहरणीय है, सी.सी./ ओ.डी. का अप्रयुक्त भाग और ऋण का गैर-संवितरित भाग तथा एल.सी. का अपेक्षित न्यागमन व 30 दिनों की अवधि में बैंक द्वारा जारी गारंटीयों का अभिचार आदि. जिसकी गणना पुराने डेटा के आधार पर की जा सकती है.

अंतर्वाह के अंतर्गत एल.सी.आर. की गणना के लिए जिन मदों को ध्यान में रखा जाता है उनमें शामिल है ऋण तथा अग्रिमों में वसूली, अन्य बैंक के साथ चलनिधि व्यवस्था या ऋण व्यवस्था जहां से बैंक को चलनिधि दबाव को कम करने के लिए निधि प्राप्त हो सकता है. बैंक की निधियन स्रोत विभिन्न प्रकार के हैं और निधियन स्रोत के केंद्रीकरण को टाला गया है.

बैंक की कोई सहयोगी कंपनी नहीं है. आर.बी.आई. के दिशानिदेशों के अनुसार, बैंकों को मार्च 2018 को 90% न्यूनतम एल.सी.आर. बनाए रखना है और हमारे बैंक का एल.सी.आर. 146.85% है.

18.40 चलनिधि कवरेज अनुपात

(रु करोड़ में)

		जून 2017 तिमाही की औसत		सितंबर 2017 तिमाही की औसत		दिसंबर 2017 तिमाही की औसत		मार्च 2018 तिमाही की औसत	
		कुल अभारित मूल्य 8	कुल अभारित मूल्य (औसत)9	कुल अभारित मूल्य 8	कुल अभारित मूल्य (औसत)9	कुल अभारित मूल्य 8	कुल अभारित मूल्य (औसत)9	कुल अभारित मूल्य 8	कुल अभारित मूल्य (औसत)9
